राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

RNI.No. UPHIN/2019/79073

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करे
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | 9511151254 | epaper.swatantraprabhat.com | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव सीतापुर, हरदोई, शाहजहाँपुर, उन्नाव, हमीरपुर, बाराबंकी, अयोध्या, सुल्तानपुर, अम्बेडकरनगर, प्रयागराज, बांदा, महोबा, मिर्जापुर, भदोही, ललितपुर, झारखण्ड, दिल्ली, बिहार, उत्तराखंड आदि जनपदो में प्रसारित

लखनऊ, शनिवार, 11 मई 2024
वर्ष 05, अंक 221, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

दिलीप संघाणी इफको के पुनः चेयरमैन निर्वाचित। बलवीर सिंह वाइस चेयर मैन...08


मालदीव से लौटे सभी भारतीय सैनिक ...12

# ईडी की सारी दलीलें खारिज, अरविंद केजरीवाल को 1 जून तक के लिए मिली अंतरिम जमानत

स्वतंत्र प्रभात

जेपी सिंह।





**दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत मिल गई। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की सारी दलीलों को खारिज करते हुए केजरीवाल को 1 जून तक अंतरिम जमानत तक जेल से बाहर रहने की अनुमति दे दी।साथ ही उन्हें 2 जून को हर हाल में सरेंडर करने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है इस दौरान उनके द्वारा चुनाव प्रचार करने पर कोई रोक या पाबंदी नहीं रहेगी।

दिल्ली शराब नीति घोटाले मामले में वह बीते करीब 40 दिनों से तिहाड़ जेल में बंद हैं। शुक्रवार शाम में वह जेल से बाहर आ सकते हैं। पीठ ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की सारी दलीलों को खारिज करते हुए केजरीवाल को 1 जून तक अंतरिम जमानत तक जेल से बाहर रहने की अनुमति दे दी। पीठ ने अपने फैसले में कहा कि पार्टियों को अपना एजेंडा जनता के सामने का अधिकार तो है ही, जनता का भी अधिकार है कि वो सभी पार्टियों की पेशकश अच्छी तरह जाने-समझे ताकि वह मतदान में उचित पार्टी का चुनाव कर सके।

ईडी ने दिल्ली शराब घोटाले के केस में अरविंद केजरीवाल को 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। वो फिर से 2 जून को जेल में बंद हो जाएंगे। सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम जमानत देते वक्त साफ किया है कि अरविंद केजरीवाल को 2 जून को सरेंडर करना होगा ताकि वो फिर से न्यायिक हिरासत में भेजे जा सकें। ध्यान रहे कि सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई मंगलवार को ही पूरी हो गई थी, लेकिन वक्त की कमी के कारण उस दिन फैसला नहीं आ पाया था। आज फैसले से पहले ईडी और अरविंद केजरीवाल के वकीलों के बीच संक्षिप्त बहस हुई और फिर दो जजों की बेंच ने अपना फैसला सुना दिया।

अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत को लेकर बीते 7 मई को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई थी। कोर्ट ने ईडी से तब कहा था कि चुनाव चल रहे हैं और केजरीवाल मौजूदा सीएम हैं, चुनाव 5 वर्ष में एक बार आते हैं। कोर्ट ने केजरीवाल को भी कहा था कि आप आधिकारिक ड्यूटी नहीं करेंगे। अगर लोकसभा चुनाव नहीं होता तो अंतरिम जमानत का सवाल ही नहीं उठता।

बीते 7 मई को सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर अहम टिप्पणियां की थी लेकिन कोई फैसला नहीं सुनाया था। तब कोर्ट ने कहा था कि इस पर 10 मई को फैसला सुनाया जायेगा। दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 21 मार्च को ईडी द्वारा अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया गया था। अरविंद केजरीवाल फिलहाल तिहाड़ जेल में हैं।

ईडी ने अरविंद केजरीवाल को अंतरिम जमानत देने का विरोध किया था। दिल्ली आबकारी नीति मामले से जुड़े मनी लाउंड्रिंग केस में केजरीवाल जेल में बंद हैं। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों पर ईडी ने गुरुवार को हलफनामा दायर कर दलील दिया था कि चुनाव में प्रचार करने का अधिकार न तो मौलिक है और न ही संवैधानिक। इसने कहा कि यह क़ानूनी अधिकार तक नहीं है। हलफनामे में ईडी ने कहा था कि किसी भी राजनीतिक नेता को चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत नहीं दी गई है, भले ही वह चुनाव नहीं लड़ रहा हो। इसमें कहा गया है कि यहां तक कि यदि गिरफ़्तार हो तो चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार को भी अंतरिम जमानत नहीं दी जाती है।

जब मंगलवार को सुनवाई शुरू हुई थी तो सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि अरविंद केजरीवाल आदतन अपराधी नहीं हैं। अदालत ने कहा था कि अरविंद केजरीवाल राष्ट्रीय राजधानी के निर्वाचित मुख्यमंत्री हैं। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने कहा था, 'चुनाव हैं। ये असाधारण परिस्थितियां हैं और वह आदतन अपराधी नहीं हैं।' जस्टिस दत्ता ने कहा, 'अगर चुनाव नहीं होते तो अंतरिम जमानत का कोई सवाल ही नहीं होता।'

शीर्ष अदालत ने कहा कि उसने जघन्य अपराधों में भी अंतरिम जमानत दी है। इसने मामले की जाँच में देरी पर चिंता जताई और एजेंसी को उन केस फाइलों को पेश करने को कहा जिसके कारण आप नेता की गिरफ्तारी हुई।अदालत ने ईडी के उन आरोपों को सुनकर केजरीवाल को चेताया भी था जिसमें कहा गया था कि मुख्यमंत्री ने दिल्ली आबकारी नीति तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

पिछली सुनवाई में अदालत ने कहा था, 'मान लीजिए कि हम आपको रिहा करते हैं, और आपको चुनाव में भाग लेने की अनुमति दी जाती है, तो आप आधिकारिक कर्तव्यों का पालन करेंगे। इसका व्यापक प्रभाव हो सकता है।'

इस पर केजरीवाल के वकील ने कहा था, 'मुझ पर यह बंधन नहीं लगाया जा सकता है कि मैं मुख्यमंत्री के रूप में अपनी संवैधानिक भूमिका नहीं निभाऊं।' हालाँकि उन्होंने आगे कहा कि वह आबकारी नीति से संबंधित किसी भी चीज़ पर हस्ताक्षर नहीं करेंगे। इस बीच ईडी ने केजरीवाल की अंतरिम जमानत याचिका का विरोध करते हुए कहा है कि इससे आम आदमी का मनोबल गिरेगा।

# सांसद बृजभूषण सिंह को एक और बड़ा झटका, यौन शोषण मामले में कोर्ट ने तय किए आरोप

**● बृजभूषण शरण सिंह पर महिला पहलवानों ने यौन शोषण के गंभीर आरोप लगाए हैं, जिसके चलते अब बीजेपी नेता की मुसीबतें बढ़ गई हैं।**



स्वतंत्र प्रभात

**ब्यूरो गोण्डा।** बीजेपी नेता और कैसरगंज सीट से सांसद बृजभूषण शरण सिंह को आज बड़ा झटका लगा है। महिला पहलवानों द्वारा लगाए गए यौन शोषण के मामलों का सामना कर रहे बृजभूषण सिंह के खिलाफ दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट (ऋश्वह्वह्यद्ग ्1द्गठ्ठह्वद्ग ष्टशह्वह्म्ह्ल) ने आज आरोप तय कर दिए हैं। यह आदेश एसीएमएम प्रियंका राजपूत ने पारित किया है, जिसके चलते अब बृजभूषण के खिलाफ ट्रायल चलाया जाएगा।

बता दें कि वर्ल्ड चैम्पियनशिप पदक विजेता विनेश फोगाट समेत देश के दो अन्य पहलवानों ने डब्ल्यूएफआई के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ महिला पहलवानों से यौन शोषण के आरोप लगाए थे और दिल्ली के जंतर-मंतर में काफी लंबे वक्त तक प्रदर्शन भी किया था।

**BJP ने काट दिया है टिकट**

इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने को भी इस मामले में दखल देनी पड़ी थी, तब जाकर दिल्ली पुलिस ने सांसद बृजभूषण के खिलाफ मामला दर्ज किया था, लेकिन जुलाई में स्थानीय अदालत से बृजभूषण को जमानत मिल गई थी, फिलहाल वे जमानत पर ही हैं। हालांकि बीजेपी ने इस लोकसभा चुनाव में उनका टिकट काट दिया है और उनके बेटे करण भूषण सिंह को कैसरगंज लोकसभा सीट से प्रत्याशी बनाया है।

इतना ही नहीं, भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण सिंह पर महिला पहलवानों की गरिमा को ठेस पहुंचाने का भी आरोप लगा है। कोर्ट को बृजभूषण के खिलाफ आरोप तय करने के लिए पर्याप्त सामग्री मिली है। इस मामले में कोर्ट का कहना है कि बृजभूषण के खिलाफ प्रत्येक पीड़ित के संबंध में धारा 354 और 354ए के तहत आरोप तय किए गए हैं।

**एक आरोप से किया गया बरी**

राउज एवेन्यू कोर्ट ने कहा है कि बृजभूषण को छठे पहलवान द्वारा लगाए गए आरोपों से बरी कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक दिल्ली पुलिस ने बृजभूषण के खिलाफ 15 जून को धारा 354 (महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से उस पर (हमला या आपराधिक बल), 354 ए (यौन उत्पीड़न), 354 डी (पीछा करना) और आईपीसी की धारा 506 (आपराधिक धमकी) के तहत आरोप पत्र दायर किया था। इतना ही नहीं, बृजभूषण के साथ पुलिस ने इस मामले में डब्ल्यूएफआइ के निलंबित सहायक सचिव विनोद तोमर पर भी आरोपी बनाया था।

**किस धारा में कितनी सजा है प्रावधान**

धारा 354- धारा 354 की बात करें तो इसके तहत किसी भी आरोपीं को ज्यादा से ज्यादा पांच साल और कम से कम 1 साल की सजा हो सकती है। खास बात यह है कि इसे गैर जमानती अपराध बनाया गया है।

धारा 354(A)- इस धारा के तहत दोषी को अधिकतम 3 साल या जुर्माना या दोनों देने पड़ सकते हैं। इसके अलावा न्यूनतम एक वर्ष की सजा और जुर्माना भी वसूला जा सकता है।

धारा 506- इस धारा के तहत अपराधी को दो साल तक की सजा दी जा सकती है। या फिर जुर्माना भी लगाया जा सकता है।

धारा 354D: इसके तहत दोषी पाए गए किसी भी व्यक्ति को तीन साल की न्यूनतम सजा हो सकती है, साथ ही उसे जुर्माना भी देना पड़ सकता है। वहीं अधिकतम जुर्माना 5 साल तक हो सकती है।

# संक्षिप्त ख़बरें

**-बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी कि भष्ट शैली को लेकर अधिवक्ता संघ ने किया चकबंदी न्यायलायो का बहिष्कार**

**हरदोई** बार एसोसिएशन के सदस्य गण हरदोई जिले सदर क्षेत्र मे आने वाली समस्त चकबंदी अदालतो का कार्य बहिष्कार 18 मई तक कर दिया गय बताते चले कि जिला बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी पी सी उत्तम की अधिवक्ताओ के प्रति कार्यशैली अच्छी न होने के कारण अधिवक्ता नाराज चले आ रहें थे. बार एसोसिएशन हरदोई मे अधिवक्ता अवनीकांत बाजपेई के प्रार्थना पत्र पर बार एसोसिएशन हरदोई मे एक बैठक आहूत की गयी. जिसमे अधिवक्ताओ ने माग कि जिला बंदोबस्त अधिकारी की भ्रष्ट कार्य शैली अधिवक्ताओ के प्रति अच्छी ना होने के कारण उनके स्थानांतरण तथा उच्च स्तरीय जांच होने तक कार्य बहिष्कार कि माग की. बैठक मे आदेश पारित किया गया कि तीन सदस्यसीय जांच कमेठी गठित कि गयी जो 15.5 024 तक आख्या प्रस्तुत करेंगी तथा हरदोई जनपद मे आने बाले समस्त चकबंदी न्यायलय जो कलेक्टड परिसर हरदोई मे तथा चकबंदी प्रशिक्षण संस्थान हरदोई मे संचालित न्यायलयो का 18 मई तक बहिष्कार किया गया, आख्या प्रस्तुत होने के पश्चात 20मई को आगे कि रणनीति तय कि जाएगी. बैठक कि अध्यक्षता बार एसोसिएशन के अध्यक्ष टुल्लू बाबू ने किया तथा संचालन महामंत्री महेंद्र सिंह ने किया।

**पीलीभीत माधोटांडा मैजिक स्टैंड के नाम पर अवैध वसूली**




**पीलीभीत** माधोटांडा में अवैध स्टैंड बनाकर की जा रही चार पहिया वाहन से अवैध वसूली माधोटांडा से लेकर पीलीभीत तक मैजिक चालकों से की जा रही अवैध वसूली माधोटांडा पुलिस के नाक के नीचे की जा रही वसूली अवैध स्टैंड बनाकर की जा रही मैजिक चालकों से लिए जा रहे 40 ?40 रुपए माधोटांडा थाने से चंद कदमों की दूरी पर की जा रही जमकर अवैध वसूली पुलिस। जानबूझकर अनजान थाना माधोटांडा में चलाया जा रहा अवैध स्टैंड माधोटांडा से लेकर पीलीभीत तकका मामला।

# ग्रामीणों ने लगाया राशन न देने का आरोप



मिश्रिख (सीतापुर)तहसील मिश्रिख अंतर्गत परगना कोरौना में स्थित विकास क्षेत्र गोदलामऊ की एक ग्राम सभा मरेली के एक मजरा प्रतापपुर निवासी प्रकाश सिंह पुत्र रघुराज सिंह की अगुवाई में छः दर्जन से अधिक राशन कार्ड धारकों ने बीते बृहस्पतिवार को तहसील प्रांगण में प्रदर्शन करके कोटेदार द्वारा अप्रैल माह का राशन अंगूठा ई पास मशीन में लगवा लेने के बाद भी अभी तक वितरण नहीं किया गया है उप जिलाधिकारी को संबोधित दिए गए शपथ पत्र में कार्ड धारकों ने आरोप लगाया है कि कोटेदार मीरा मिश्रा पत्नी अनिल मिश्रा ने बीते अप्रैल माह में यह कहकर कि मेरे पास चावल नहीं है जब आ जाएगा तब सबको पूरा राशन दे दूंगा आरोप है कि कोटेदार के पति ने बोरियों में ईंट पत्थर रखकर उनके यूनिटों के आधार पर वजन निर्धारित कर राशन तौलने वाली ई-पास मशीन पर अंगूठा लगवा लिया और मशीन से निकली रसीद कार्ड धारकों को दे दी आरोप है की रसीद लेकर जब कार्ड धारक दो-तीन दिन के बाद राशन लेने के लिए कोटा दुकान पर गए तो कोटेदार पति ने कार्ड धारकों को राशन देने के बजाय अपमानित करके भगा दिया ज्ञातव्य हो कि बीते बृहस्पतिवार को तहसील में प्रदर्शनकारियों ने उप जिला अधिकारी को संबोधित शपथ पत्र उनकी अनुपस्थिति में पूर्ति निरीक्षक नितेश कुमार मिश्रा को इसलिए सौपा कि गोदलामऊ के पूर्ति निरीक्षक आलोक कुमार सिंह भी कार्यालय में मौजूद नहीं थे पूछने पर पता चला कि वह बीमार है इसीलिए कार्यालय नहीं आए हैं कुल मिलाकर ग्राम पंचायत मरेली की कोटा दुकान समूचे तहसील क्षेत्र में चर्चा का विषय बनकर रह गई है वहीं सरकार द्वारा उपलब्ध कराया जाने वाला मुक्त राशन कार्ड धारकों को प्राप्त नहीं हो पा रहा है जिसकी तरफ जिला प्रशासन को जांच कर कर गंभीरता से पहल करने की आवश्यकता है ताकि शासन द्वारा संचालित मुफ्त राशन योजना का लाभ हर माह राशन कार्ड धारकों को मिल सके।

# अवैध और गैरकानूनी कार्यों का सरगना बनकर उभर रहा तथाकथित समाजसेवी

**● अपने दबंगई के बल पर कृषि विभाग के सरकारी आवास को कई वर्षों से किया है कब्जा**

**कृषि विभाग के सरकारी आवास से सभी गैरकानूनी कार्य होते हैं संचालित**

स्वतंत्र प्रभात

**गाजीपुर।** इतिहास गवाह है कि धन की हवस का चस्का बड़े-बड़े सूरमाओं को खाक में मिला दिया तो भला एक तथाकथित समाजसेवी की क्या विसात है। जी हां! हम बात कर रहे हैं गाजीपुर शहर के वार्ड नंबर 25 से तथाकथित समाजसेवी की जो अवैध और गैरकानूनी कार्यों का सरगना बनकर उभर रहा हैं. अपने नाम के आगे समाजसेवी लिखता तो जरूर है लेकिन उसके सभी काम गैरकानूनी है कहने को तो वह एक कंस्ट्रक्शन कंपनी चलाता है लेकिन कंपनी का रजिस्ट्रेशन है भी या नहीं यह तो उसी को पता होगा. एक जमाने में अभावग्रस्त जीवन जीने वाला तथाकथित समाजसेवी ने बुलंदियों का रास्ता अपनाने के लिए ऐसा शॉर्टकट मरा की कुछ वर्षों के अंतराल में उसने वह मुकाम हासिल कर लिया जिसकी चाहत उसके जेहन में थी। सभी जानते हैं कि गलत तरीके से कमाई गई लक्ष्मी आंखों पर एक ऐसी पट्टी पहना देती है जिससे सामने वाले को क्या गलत है और क्या सही है इसकी सुधि ही नहीं रह जाती है।

नगर के वार्ड नं0 25 का रहने वाला यह तथाकथित समाजसेवी अपने एक अलग रूआब में रहता है शहर कोतवाली की एक छोटी मोटी पुलिस फौज उसके साथ परमानेंट रहती है कुछ वर्ष पूर्व ही यह कथित कान्ट्रैक्टर अस्तित्व ही नहीं था लेकिन कुछ ही वर्षों में इस कदर उभरा कि अच्छे खासे पूंजी पति भी इसे झुककर सलाम करने लगे यह किस राजनीतिक पार्टी से जुड़ा है इसका पता आज तक कोई लगा नहीं पाया लेकिन शहर कोतवाली में इसका रूआब देखने लायक है शहर कोतवाली के सभी सिपाही और दरोगा इसके नाम से भलीभाँति वाकिफ है इसके पहुँचते ही कोतवाली के सिपाही तो इसके आगे पिछे भैया-भैया कह कर घूमने लगते है। कोई भी गैरकानूनी काम हो इस तथाकथित समाजसेवी को पकड़ लिजिए आपका काम आसानी से हो जायेगा यही नही विवेचना चार्ज शीट में भी दोष मुक्त हो जायेंगे। हां इतना जरूर है कि काम के एवज में आपको मोटी रकम देनी होगी जिसका एक बड़ा हिस्सा इस श्रीकांत के पाकेट में जाता है बाकि हिस्से में कोतवाली के पुलिसकर्मि बांट लेते है। जब मीडिया ने इस नये तथाकथित समाजसेवी कि पृष्ठभूमि खंगाला तो कई चौंका देने वाले मामले खुलकर सामने आये. अवैध तरीके से



जमीनों पर कब्जा और जुए का अड्डा, और कई गैरकानूनी काम है। जिससे इसको एक मोटी रकम मिलती है. इसका सर्पोट शहर कोतवाली समेंत विभाग के उच्च अधिकारी भी करते है। पुलिस कर्मियों के साथ घूमने वाले इस तथाकथित समाजसेवी का धौंस इस कदर है कि कोई भी इसके आगे टिक नही पाता है. शहर के जितने गैरकानूनी काम है सब इसके जिम्मे है. अगर डीएम अस्तर से जांच हुई तो इस नए श्रीकांत त्यागी का जेल जाना तय है।

# देशभर के ईएसआईसी अस्पतालों, डिस्पेंसरियों में कर्मचारियों का तीसरे दिन भी विरोध प्रदर्शन रहा जारी

स्वतंत्र प्रभात

स्वतंत्र प्रभात। एसडी सेठी। ऑल इंडिया, ईएसआईसी (मेडिकल) इंप्लाइज फेडरेशन का पूरे देश में स्थित ईएसआईसी अस्पताल प्रशासन की कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ फेडरेशन से संबद्ध यूनियनों ने मिलकर पिछले 3 दिनों से तमाम अस्पतालों में विरोध प्रदर्शन जारी है। इस विरोध प्रदर्शन में तमाम ऑपरेशन थिएटर, सीएस एसडी, लैबोरेट्रीज, रेडियोग्राफर, एमआरडी, ईसीब, प्लास्टर, ड्रेसर, नर्सिंगअर्दली, किचन, लॉन्ड्री, डेंटल, फिजियोथेरेपिस्ट, आक्यूपेशनल, थेरेपिसट, आप्टोमेट्रिस्ट, एएनएम, और फार्मासिस्ट, विभागों से जुडे हजारों की संख्या में कर्मचरियों ने एकजुट होकर ईएसआईसी प्रशासन के खिलाफ बाजू पर काली पट्टियां बांधकर अपना शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन का मुजेहरा किया।

इस बाबत ऑल इंडिया ईएसआईसी मेडिकल इंप्लाइज फेडरेशन के जर्नल सेकेट्री किशन चंद ने बताया कि कर्मचारी अपनी लंबे अर्से से लंबित 18 मांगों के इंतजार में सब्र का बांध टूट गया है। और ईएसआईसी प्रशासन के खिलाफ देशभर के ईएसआईसी अस्पताल में कार्यरत सभी अलाईड हेल्थ एंड केयर प्रोफेशनल्स (पेरामेडिकल स्टाफ) बाजुओं में काली पट्टी बांधकर प्रशासन की कुटिल नीतियों के खिलाफ शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि फेडरेशन ने 8 से 11 मई तक विरोध प्रदर्शन का अहवाहन किया है। फेडरेशन के जर्नल सेकेट्री के मुताबिक विरोध प्रदर्शन में शामिल ईएसआईसी अस्पतालों, डिस्पेंसरियों में कार्यरत हेल्थ एंड केयर प्रोफेशनल्स (पेरामेडिकल स्टाफ) जों मरीजों के प्रभावी कामकाज को सुनिश्चित करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं। अपने तौर पर बेहतरीन, गुणवत्ता सेवाए प्रदान करने के लिए समर्पित है। बावजूद इसके पीडित कर्मचारियों की लंबित समस्याओ/ मांगों पर ईएसआईसी प्रशासन कोई ध्यान नहीं दे रहा है। ईएसआईसी प्रशासन के इस तरीके के रवैये से कर्मचारियों की गरिमा को बेहद ठेस पहुंच रही है। जर्नल सेकेट्री किशन चंद ने बताया कि ईएसआईसी प्रशासन पेरामेडिकल स्टाफ की प्रमोशन, एमएसीपी, पे फिक्सेशन, रिटायरमेंट बेनिफिट, इंटर रीजन/इंफ्रास्ट्रक्चर रीजन ट्रांसफर, डाईगकेडर, मेडिकल बेनिफिटस, और स्टाफ सेक्शन। स्ट्रेंग्थ, के संबंध में ईएसआईसी प्रशासन पूरी तरह से उदासीन है। वहीं दूसरी और अलाईड हेल्थ एंड केयर प्रोफेशनल्स पूरी





तरह से बीमाकृत व्यक्तियों को अपने स्तर पर बेहतर हेल्थ सर्विस प्रदान करने के लिए कटिबद्ध हैं। फेडरेशन ईएसआईसी मेनेजमेंट को कर्माचरियों की इन लंबित पडी मांगों पर तुरंत प्रभावी ढंग से हल करने के लिए बैठक की अपील की है। फेडरेशन का कहना है कि प्रदर्शन का मकसद कर्मचारियों के लंबित तमाम मुद्दों पर ईएसआईसी प्रशासन का ध्यान दिलाना है।फेडरेशन के जर्नल सेकेट्री किशन चंद की मांग है कि तमाम लंबित मांगों पर ईएसआईसी प्रशासन सभी ईकाईयों से तुरन्त कारवाई करने की मांग की है।

# नगर पालिका परिषद मिश्रिख द्वारा कराया जा रहा मांनक विहीन सड़क और नाला निर्माण कार्य

**● कार्यदाई संस्था ने कार्य स्थल पर नही लगाया कोई प्रांकलन बोर्ड धमकी**

स्वतंत्र प्रभात



**मिश्रित सीतापुर/** नगर पालिका परिषद मिश्रित नैमिषारण्य द्वारा बंदना योजना के अंतर्गत तहसील चौराहा से मछरेहटा तिराहा तक 12 मीटर चौड़ी सड़क और सड़क के पस्चिम नाला का निर्माण कार्य कराया जा रहा है । परन्तु कार्यदाई संस्था के ठेकेदार ने मौके पर कोई भी प्रांकलन बोर्ड नही लगाया । नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी व जेई धर्मेन्द्र सिंह द्वारा मनमाने तरीके से मानक विहीन कार्य कराया जा रहा है । तहसील चौराहा से मछरेहटा तिराहा तक सड़क की चौड़ाई कहीं दस मीटर तो कहीं आठ और कहीं बारह मीटर है । सबसे बड़ी बात यह है । अभी तक सड़क के चौड़ीकरण का स्टेट्स तैयार नही हो सका है सिर्फ पत्थर ही डाला जा रहा है । परन्तु नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारी और कार्यदाई संस्था ने एक तरफ से नाले का निर्माण न कराकर मनमाने तरीके से बीच सड़क के पस्चिम नाले का निर्माण कराना पहले ही प्रारम्भ कर दिया। सड़क चौड़ीकरण व सड़क किनारे हो रहे नाला निर्माण में कुछ भवन मालिकों के चबूतरे व लैट्रिन टैंक पड़ने के कारण भवन मालिकों ने विरोध शुरू कर दिया जिससे हो रहे सड़क निर्माण कार्य में बाधाएं उत्पन्न हो गई फिर भी प्रशासन मूक दर्शक बना हुआ है। यहां के स्थानीय निवासियों ने जिला प्रशासन का ध्यान इस ओर आकर्शित कराते हुए स्थलीय निरीक्षण कराकर न्यायोचित कार्य कराने तथा कार्य में बाधा उत्पन्न करने वाले दबंगों व कार्यदाई संस्था के बिरुध्द कार्यवाही करने की मांग की है । जिससे शासन द्वारा मंजूर की गई बारह मीटर सड़क का निर्माण कार्य कराया जा सके।

# संक्षिप्त ख़बरें

## सलीम के घर वालों ने गोली मार कर हत्या करने की आशंका जताई



**बस्ती।** बस्ती जिले कलवारी थानाक्षेत्र के जगदीश पुर गांव के पास सड़क पर संदिग्ध हालात में युवक की बाइक व उसका शव पड़ा मिला। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। आपको बताते चलें कि कलवारी थानाक्षेत्र के कम्हरिया गांव निवासी सलीम (20) पुत्र कासिम अपने घर से बाइक लेकर निकला था। बुधवार की रात नौ बजे जगदीशपुर गांव में सड़क पर वहीं उसकी बाइक भी पड़ी थी। सलीम के सिर में गंभीर जख्म के निशान बताए गए। घटना की सूचना पुलिस ने सलीम को एंबुलेंस से स्थानीय सीएचसी बहादुरपुर भेजा। वहां डॉक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया। उधर बेटे की मौत की खबर मिलते ही उसके घर परजिनों में चीख-पुकार मच गई।सलीम के घर वालों ने युवक की गोली मार कर हत्या करने की आशंका जताई है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारण का पता लग पाएगा।

## आगे की चिंगारी से लगी आग दो मकान सहित सारा सामान जलकर हुआ राख



**बस्ती।** बस्ती जिले के पैकोलिया थाना क्षेत्र के इटई खजुरी गांव में शुक्रवार को दिन में करीब साढ़े दस बजे अंगीठी से दूध गरम करते समय उड़ी चिंगारी से आग लग गयी जिसमे संजय कुमार पुत्र चिनकान व अजय कुमार पुत्र भुलई का छ्प्पर का मकान, गेंहू ,सरसो,भूसा सहित गृहस्थी का समान जलकर खाक हो गया। आग की चपेट में आने से अजय कुमार की एक बकरी भी झुलस गई। आंख का तांडव ग्रामीण द्वारा काबू पाया गया आज से घर में रखा सारा कीमती सामान जलकर राख हो गया गेहूं चावल कपड़े सब सब जलकर खाक हो गया सूचना पर पहुंचे राजस्व की जांच कर रही हैग्रामीणों ने कड़ी मेहनत कर आग पर काबू पाया। सूचना पर पहुंचे हल्का लेखपाल प्रमोद कुमार ने आग से नुकसान का आकलन किया कहा जल्द ही पीड़ित को सहायता राशि उपलब्ध करायी जाएगी।

## थाना कप्तानगंज पुलिस टीम द्वारा गुमशुदा बालिका को सकुशल बरामद कर परिजनों को सुपुर्द किया

**बस्ती ।** बस्ती जिले के आज दिनांक-10.5.2024 को थाना कप्तानगंज पुलिस को सूचना मिली कि आंचल पुत्र तुलसीराम ग्राम रैकवार थाना कप्तानगंज जनपद बस्ती दिनांक 09.05.2024 को घर से बिना कुछ बताए कहीं चली गई थी । सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए कप्तानगंज पुलिस टीम द्वारा गुमशुदा बालिका आंचल को झलहा गांव के पास से सकुशल बरामद कर उनके परिजनों को सुपुर्द किया गया। परिजनों व आमजन द्वारा थाना कप्तानगंज जनपद बस्ती पुलिस टीम की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया गया

## शिव परिवार का नगर भ्रमण कराकर की प्राण प्रतिष्ठा

**अलीगढ़,।** अक्षय तृतीया के अवसर पर अशोक नगर स्थित मानव शांति मंदिर का जीर्णोद्धार कार्यक्रम एवं शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा की गयी । पंडित ओमप्रकाश अवस्थी (भीम) ने वैदिक पद्धति से शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न कराई । इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नगर विधायक मुक्ता राजा ने मंदिर में पूजा करके शोभा यात्रा में शामिल हुई । जजमान अशोक अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, संजय अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, सुनील अग्रवाल एवं गोपाल अग्रवाल समेत सभी लोगों ने हवन में आहुतियाँ प्रदान की । तत्पश्चात शिव परिवार के विग्रहों को बैंड बाजों के साथ नगर भ्रमण कराया गया स उसके बाद भंडारे का आयोजन किया जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया । इस अवसर पर अशोक मामाजी, राकेश सिंह पार्षद, नवीन नारायण, अंजना बंसल, रजनी, सीमा, प्रीती, निर्मल, खुशबू, वरुण बंसल , तरुण बंसल , भगवती, अजय, हरिओम, वीनू, सलोनी, पीयूष, संजू आदि उपस्थित थे।

# निर्वाचननिष्पक्ष शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए प्रत्याशियों को आदर्श आचार संहिता का पालन करना अनिवार्य

स्वतंत्र प्रभात




**बस्ती** बस्ती लोकसभा सामान्य निर्वाचन स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए सभी प्रत्याशियों को आदर्श आचार संहिता का पालन करना अनिवार्य है। उक्त निर्देश जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अंद्रा वामसी ने कलेक्टेउ्ट सभागार में आयोजित बैठक में सभी प्रत्याशियो को दिया है। उन्होने कहा कि नामांकन के दिन से प्रतिदिन लेखा, कैशबुक, बैंकबुक का नियमित रख-रखाव करना होगा। नामांकन से पूर्व सभी पोस्टर, बैनर, पम्पलेट प्रत्याशी के निर्वाचन व्यय का हिस्सा बनेंगे। बैठक में सामान्य प्रेक्षक श्रीमती बबिता, पुलिस प्रेक्षक रमेश चन्द्र छाजटा, व्यय प्रेक्षक आर.एल. अरूण प्रसाद उपस्थित रहें।उन्होने कहा कि सभी प्रत्याशियों को अपना आपराधिक विवरण मतदान के पूर्व तीन बार बहुप्रसारित समाचार पत्र में प्रकाशित कराना अनिवार्य है, जिसकी एक प्रति आर.ओ. कार्यालय मे जमा करना होगा। उन्होने कहा कि 13 मई से पूर्व इसे एक बार अवश्य प्रकाशित करा दें। जिला मजिस्टेउ्ट ने कहा कि 10 हजार रूपये से अधिक के सभी भुगतान नकद नही होनी चाहिए, बल्कि चेक या ड्राफ्ट से या बैंक ट्रांसफर द्वारा किया जायेंगा। निर्वाचन का सभी लेन-देन नामांकन में दिये गये बैंक खाते से ही किया जायेंगा। प्राप्त सेवाओं एवं वस्तुओं का विवरण लेखा रजिस्टर में दर्ज किया जायेंगा। लेखा रजिस्टर में जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्धारित रेट ही जोड़ा जायेंगा। निरीक्षण के दौरान पायी गयी विसंगति के संबंध में दी गयी नोटिस का 48 घण्टे में जवाब देना होंगा। उन्होने कहा कि पेडन्यूज के बारे में विशेष सतर्कता बरते क्योकि इसे प्रत्याशी के खर्च में जोड़ा जायेंगा। उन्होने कहा कि मतदान के दिन प्रत्याशी के द्वारा स्थापित बूथों पर टेण्ट, कुर्सी तथा वहॉ तैनात कामगार/एजेण्ट को दी जाने वाली पारितोषिक जलपान एवं भोजन पर व्यय भी लेखे में शामिल किया जायेंगा। परिणाम घोषणा के 26वें दिन लेखा समाधान बैठक में प्रतिभाग करें एवं यदि कोई विसंगति हो, तो ठीक कर लें। उन्होने बताया कि यदि लेखा समय से और समुचित ढंग से दाखिल नही किया जाता है, तो लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 10ए के अधीन निर्हता हेतु नोटिस जारी किया जायेंगा। उन्होने कहा कि प्रचार हेतु प्रत्येक वाहन की अनुमति लेना अनिवार्य है और अनुमति पत्र वाहन के विण्डस्क्रीन पर लगाया जायेंगा। यदि वाहन उपयोग नही किया जा रहा है, तो अनुमति निरस्त कराने के लिए दो दिन के भीतर आवेदन देना होगा। सभी प्रकार के रैली, जनसभा, सार्वजनिक बैठक के लिए अनुमति लेना अनिवार्य है। उन्होने कहा कि अनुमति के लिए 24 घण्टे के पूर्व आवेदन पत्र देना होंगा। सामान्य प्रेक्षक श्रीमती बबिता ने कहा कि आदर्श आचार संहिता का उल्लघंन पाये जाने पर कठोर कार्यवाही की जायेंगी। व्यय प्रेक्षक आर.एल.अरूण प्रसाद ने कहा कि चुनाव संबंधी सभी खर्चे नये खाते से ही किये जायेंगे। व्यय रजिस्टर पर प्रत्याशी का हस्ताक्षर अनिवार्य है। पुलिस प्रेक्षक रमेश चन्द्र छाजटा ने कहा कि कोई भी व्यक्ति शस्त्र लेकर नही चलेंगा। नानबेलेबुल वारन्ट जारी व्यक्ति न्यायालय में हाजिर हो जाय, प्रचार करता हुआ पाया जायेंगा तो कार्यवाही की जायेंगी। मुख्य कोषाधिकारी अशोक कुमार प्रजापति ने सभी प्रत्याशियों से कहा कि वे अपना व्यय एजेण्ट नामित कर दें। बैठक में उन्होने व्यय अनुवीक्षण से संबंधित प्रावधानों के बारे में विस्तार से जानकारी दिया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी, सीडीओ जयदेव सीएस, एडीएम कमलेश चन्द्र, सीआरओ संजीव ओझा, सभी उप जिलाधिकारी तथा एकाउण्टिंग टीम के संदस्य उपस्थित रहें।

# सामाजिक न्याय एवं समानता के संस्थापक भगवान परशुराम-राजेंद्र नाथ तिवारी

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती ।** बस्ती जिले में भगवान परशुराम की जयंती के उपलक्ष में जगह-जगह भंडारे और शरबत पिलाई गईभगवान परशुराम का वास्तविक नाम 'राम' ही था, किन्तु भगवान शिव द्वारा प्रदत्त अमोघ अस्त्र 'परशु' को सदैव धारण किये रहने के कारण ये परशु वाले राम अर्थात् 'परशुराम' कहलाये। ये राजा प्रसेनजित की पुत्री रेणुका और भृगुवंशीय जमदग्नि मुनि के पुत्र थे। जमदग्नि के पुत्र होने के कारण इनका एक नाम 'जामदग्न्य' भी था। ये भगवान शिव के परम भक्त थे। समस्त शस्त्रों एवं शास्त्रों के ज्ञाता भगवान श्रीहरि विष्णु के 'आवेशावतार' भगवान परशुराम का प्रादुर्भाव सतयुग एवं त्रेता युगों के संधिकाल में 5142 वि.पू. वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को रात्रि के प्रथम प्रहर में हुआ था।

अक्षय शक्ति वाले भगवान परशुराम के प्राकट्य के कारण वैशाख शुक्ल की यह विशिष्ट तिथि 'अक्षय तृतीया' के नाम से विभूषित हुई। मान्यता है कि इस दिन किया गया दान-पुण्य आदि का कभी क्षय नहीं होता। सनातन धर्म में इस दिन व्रतोपवास करने एवं उत्सव मनाने की प्रथा है।

भगवान परशुराम भगवान श्रीविष्णु के पांचवें एवं सातवें अवतार यानी वामन एवं भगवान श्रीराम के मध्य क्रम में धरती पर अवतरित हुए। सीता-स्वयंवर प्रसंग में इनकी पावन छवि का वर्णन करते हुए गोस्वामी तुलसीदास ने लिखा है

**कटि मुनिबसन तून दुइ बांधें। धनु सर कर कुठारु कल कांधें॥'**

सनातन मर्यादा के रक्षक भगवान परशुराम के महान पराक्रम से अधर्मी राजा थर-थर कांपते थे। भगवान शिव से इन्होंने भगवान श्रीकृष्ण का त्रैलोक्य विजय कवच, स्तन स्तोत्र एवं मंत्र कल्पतरु प्राप्त किया था। शस्त्र विद्या के महान ज्ञाता भगवान परशुराम ने भीष्म, द्रोण तथा कर्ण को शस्त्र विद्या प्रदान की थी। ब्रह्मवैवर्त पुराण के अनुसार एक बार कैलास में प्रवेश करते समय श्रीगणेश जी द्वारा रोक लिये जाने पर भगवान परशुराम ने परशु का प्रहार किया, जिससे गणेशजी का दांत टूट गया था। तत्पश्चात् भगवान श्रीगणेश एकदंत कहलाये। शास्त्रोक्त है कि भगवान श्रीहरि विष्णु ने अहंकार में चूर अत्याचारी क्षत्रिय राजाओं के मानमर्दन के लिए भगवान परशुराम के रूप में अवतार लिया तथा धर्म से द्वेष करने वाले अन्यायियों का दमन कर जगत के रक्षार्थ भगवान परशुराम ने भगवान शिव द्वारा प्रदत्त अमोघ अस्त्र 'परशु' धारण किया था। अपने अवतार कार्यों को पूरा करने हेतु ऋषि दुर्वासा की भांति भगवान परशुराम अत्यंत क्रोधी स्वभाव वाले थे। लेकिन एक बार पितरों की आकाशवाणी सुनने के बाद युद्ध करना छोड़ वे तपस्या करने चले गये। पुनः त्रेता युग में सीता-स्वयंवर के दौरान भगवान श्रीरामचन्द्र द्वारा भगवान शिव का धनुष तोड़ने पर अत्यंत क्रुद्ध होकर ये राजा जनक के राज-दरबार में पधारे। तब भगवान परशुराम ने भगवान श्रीराम की परीक्षा लेनी चाही। इन्होंने अपना धनुष भगवान श्रीरामचन्द्र को दिया। ज्योंहि श्रीराम ने धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ायी, परशुराम समझ गये कि श्रीरामचन्द्र भगवान विष्णु के अवतार हैं। तत्पश्चात उनकी वन्दना करके परशुराम पुनः तपस्या करने चले गये एक बार जमदग्नि मुनि यज्ञ पर बैठे थे। उनके लिए पत्नी रेणुका नदी से जल लाने गयीं। नदी में अप्सराओं के साथ जलक्रीड़ा करते गंधर्व राजा चित्ररथ को देख वह मुग्ध हो गयीं। जब वह आश्रम लौटीं तो मुनि ने दिव्य ज्ञान से समस्त घटना का पता लगा लिया। उसके बाद क्रोधावेश में आकर उन्होंने अपने पुत्रों से पत्नी को दंडित करने के लिए कहा, किंतु परशुराम के अतिरिक्त कोई भी पुत्र तैयार नहीं हुआ। तत्पश्चात मुनि ने अन्य चारों पुत्रों को जड़बुद्ध होने का शाप दे दिया। वहीं परशुराम ने पिता की आज्ञा मानी और पिता के कहने पर उन्होंने उनसे चार वरदान भी प्राप्त किये, यथा- माता पुनर्जीवित हों, मृत्यु की स्मृति न रहे, इनके चारों भाई चेतना-युक्त हो जायें और ये स्वयं परमायु हों।

# दहेज उत्पीड़न समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज

स्वतंत्र प्रभात




**अम्बेडकरनगर।** शादी के चंद दिन बाद दहेज में कार माँगने, मारपीट, गाली गलौज के मामले में महरुआ पुलिस ने सास, ससुर, पति, देवर, ननद, बहनोई के खिलाफ दहेज उत्पीड़न समेत अन्य गम्भीर धाराओं में नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामला महरुआ थानाक्षेत्र के रानीपुर कुड़वार गाँव का है। बीते 28 अप्रैल को अर्चना पुत्री बेचू की शादी अयोध्या जनपद के तारुन थानाक्षेत्र अंतर्गत सराय सागर निवासी मुकेश पुत्र मंसाराम से हिंदू रीति रिवाज के साथ सम्पन्न हुई थी। लड़की विदा होकर अपने ससुराल गई अपने पति के साथ पत्नी की तरह रहने लगी शादी के 2 दिन बाद ही पीड़िता के घर वाले व रिश्तेदार कम दहेज की बात को लेकर प्रताड़ित करने लगे। जबकि पीड़िता के पिता के द्वारा अपने हैसियत के हिसाब से ज्यादा दान दहेज दिया गया था। जिसमें तीन लाख नगद, घड़ी, सीकड, अंगूठी व अन्य घरेलू उपकरण अपने हैसियत के अनुसार दिया गया था। वहीं पीड़िता अपने पिता को फोन पर बताया कि मेरे पति मुकेश व देवर उमेश ससुर मंसाराम नंद सुनीता तथा प्रतिभा व बहनोई हृदय राम सावित्री द्वारा दहेज में कार न देने की बात को लेकर मुझसे आए दिन मारपीट रहे है एवं गाली गुप्ता दे रहे है। विपक्षी कह रहे थे कि अपने पिता से जब तक कार नहीं मंगवाओगी दहेज में तुम्हें जान से मार कर खत्म कर देंगे। पीड़िता के पिता ने समझाया की कल चौथ लेकर आएंगे सामने बात हो जाएगी। पिता के आने पर पीड़िता उनके सामने गाली गुप्ता देते हुए मारे पीटे एवं गाली गुप्ता दिये परिवार वालों के सामने मुझे घर से निकाल दिए मेरा गहना व अन्य सामान रख लिए कहने लगे अगर दोबारा दिखाई पड़ी तो तुम्हें जान से मार देंगे। इसकी शिकायत पीड़िता अर्चना ने महरुआ थाना अध्यक्ष से किया। जिस पर महरुआ पुलिस ने नव विवाहिता अर्चना की तहरीर पर पति मुकेश, देवर उमेश, ससुर मंसाराम, ननद सुनीता, प्रतिभा एवं बहनोई हृदय राम सास सावित्री के खिलाफ दहेज उत्पीड़न सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## चोरी के 83 हजार के साथ पकड़ा चोर

**अलीगढ़,।** थाना देहलीगेट पुलिस टीम द्वारा शातिर चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी के 83 हजार रुपये व एक मोबाइल बरामद किया है। थाना देहीलीगेट पुलिस टीम द्वारा राजा उर्फ कासिम पुत्र फरीद निवासी मोटर चौक सराय मियां थाना देहलीगेट को चोरी के 83,हजार रुपये व एक मोबाईल वीवो कम्पनी के साथ जाटव बगीची थाना देहीलीगेट से गिरफ्तार किया गया है।

# संसरीपुर पैकोलिया मार्ग भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई अधिकारियों को शिकायत के बाद भी नहीं हुई जांच। ग्रामीण

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती।** बस्ती जिले में पीडब्ल्यूडी विभाग के के द्वारा इस तरह भ्रष्टाचार किया जा रहा है नेशनल हाईवे से पैकुलिया को जोड़ने वाली सड़क को मानक विहीन बनाई जा रही है ग्रामीणों में भारी आक्रोश के कारण ग्रामीण प्रदर्शन कर सकते हैं सड़क में निर्माण में घटिया क्वालिटी गिट्टी डालकर डालकर ऊपर से डामर द्वारा बनाई जा रही है ठेकेदार जी की मिली भगत से सड़क घटिया क्वालिटी सड़क बनाई जा रही है आसपास के लोगों में आक्रोश पनप रहा है ग्रामीण द्वारा बताया गया जोई राधे श्याम राधे श्याम से शिकायत किया गया लेकिन जब से सड़क निर्माण हो रही है ना तो कोई अधिकारी आया नाम अभियंता राधे श्याम नहीं आए ग्रामीणों में भारी आक्रोश पैदा हुआ है ग्रामीण कर सकते हैं प्रदर्शन ऐसी स्थिति में विभागीय एक्रॉस पैदा हुआ है चुनाव के माहौल में अधिकारी बिजी होने के कारण शिकायत करता उनकी शिकायत नहीं सुनी जा रही है यही है बस जनपद के सड़क निर्माण घोटाले में कई सदके भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा रही है अधिकारी अपने ऑफिस से बाहर नहीं निकल रहे हैं क्योंकि लंबी कमीशन मिलने के कारण सड़क देखने नहीं जाते हैं कोई अधिकारी अपना कमीशन लेकर ऑफिस में बैठे रहते हैं और चुनाव ड्यूटी का बहाना बनाते रहते हैं ग्रामीण द्वारा सरकारी धन का दुरुपयोग एवं बंदर बन ठेकेदार अधिकारियों के बीच में चल रहा है खेल हराया ब्लॉक के मऊघाट बिलारी रोड की यही कहानी चल रही है जिलाधिकारी को मामले में संज्ञान भी है जांच करके उचित कार्रवाई करने का भी भरोसा दिए थे लेकिन अभी तक ना तो कोई अधिकारी जांच किया ना कोई कारवाई किया मार्ग भ्रष्टाचार की भेंट भेंट चढ़ गई ग्रामीणों में भारी आक्रोश है केशवपुर त्रिलोकपुर तिवारी चौबेपुर पिकाऊरा बंसी नगर आज ग्रामीणों में भारी क्रॉस है चुनाव बाद लोग प्रदर्शन करके उक्त सड़क को दोबारा मरम्मत करने की मांग करेंगे।

# सचिव , ग्राम प्रधान सहित तीन लोगों पर मुकदमा दर्ज

स्वतंत्र प्रभात





**बस्ती।** बस्ती जिले ग्राम प्रधान, सेक्रेटरी समेत तीन लोगों ने आपस में मिल कर एक लाख 20 हजार रुपये के सरकारी धन का बंदरबांट कर लिया है। धांधली के आरोप में कोर्ट के आदेश पर कलवारी थाने की पुलिस ने बिजौरा ग्राम पंचायत के पूर्व ग्राम पंचायत अधिकारी और प्रधान समेत तीन के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। आपको बताते चलें कि बाबूलाल निवासी ग्राम बिजौरा ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर कहा था कि ग्राम प्रधान पवन कुमार उर्फ अरूण व तत्कालीन ग्राम पंचायत सचिव समेत तीन लोगो ने साजिश करके उनकी मृत बहु लाभार्थी की जगह पर दूसरी महिला को खड़ा करके भिन्न-भिन्न तिथियों मे कुल 120000 रूपया लाभार्थी सं0 UP 120906295 पर भुगतान ग्राम प्रधान, सेक्रेटरी सामेत तीन लोगो ने मिल कर ले लिया। इसमें बैंक कर्मचारियों की भी मिली भगत का आरोप लगया गया है। बाबूलाल ने जब इस सम्बंध मे ग्राम प्रधान पवन कुमार उर्फ अरूण से सम्पर्क किया तो उल्टे उसे जान से मारने के लिए दौड़ा लिया। जाति सूचक गाली व जान माल की धमकी भी दी गई। इस मामले में शिकायत करने पर स्थानीय स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं हुई तो उन्होंने अदालत की शरण ली। मजिस्ट्रेट ने प्रार्थना पत्र को संज्ञान में लेते हुए प्रथम दृष्टया गंभीर अपराध होना पाते हुए आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर विवेचना का आदेश थानाध्यक्ष कलवारी को दिया। न्यायालय के आदेश पर थाना प्रभारी भानुप्रताप सिंह ने तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की विवेचना सीओ के स्तर जांच पड़ताल आरम्भ कर दी गई है।

# असली एंबुलेंस असली मरीज पर फर्जी वाड़ा का नया तरीका

स्वतंत्र प्रभात

**अम्बेडकरनगर।** सरकार लाख कोशिश करें देश और प्रदेश भ्रष्टाचार मुक्त बनेगा कुछ जगहों पर तो काम हुआ परन्तु कुछ विभाग ऐसे हैं जहां पर भ्रष्टाचार पर लगाम लगाना लगता है सरकार के वश में नहीं है। बताना चाहते हैं कि इस समय जिले में एम्बुलेंस की खबर बराबर चल रही कि एम्बुलेंस कर्मचारी सरकार के साथ फर्जी मरीज दिखाकर फर्जीवाड़ा करते हैं और यह बात मुख्य चिकित्सा अधिकारी की टीम ने जांच के दौरान सही पाया और अभी भी कुछ बिंदु पर जांच चल रही है। परन्तु इस बीच एम्बुलेंस कम्पनी जीवीके ने फर्जी वाड़ा का नया तरीका अपनाया जो बेहद चौंकाने वाला है अभी कुछ दिन पहले कुछ अखबार ने फर्जी मरीज का एक कारण ज्यादा गाड़ी चलाना बताया था क्योंकि उसी के हिसाब से मेंटीनेंस खर्चा मिलता है परन्तु इस समय फर्जी मरीज तो एम्बुलेंस कम्पनी द्वारा कम उठाया जा रहा है परन्तु फर्जी वाड़ा का नया तरीका सामने आ गया। शुक्रवार की सुबह 11 बजे के आसपास बसखारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से 108 एम्बुलेंस UP 32 EG 9994 बरियावन के पास असरफपुर गांव पहुंचती है वहां से मरीज उठाकर पुंथर टांडा की तरफ रवाना होती है जब वहां के ग्रामीणों से पूछा गया तो ग्रामीणो ने बताया सीने में दर्द था एम्बुलेंस जिला अस्पताल लेकर जा रही है। अब यही से गेम शुरू होता है जिस स्थान से मरीज उठाया जाता है वहां से जिला अस्पताल की दूरी 12 से 13 किलोमीटर है और पास के बसखारी सामुदायिक केंद्र की दूरी 12 किलोमीटर परन्तु सबसे बड़ा सवाल यह उठता है गाड़ी जिस रास्ते से गयी दूरी में बहुत ही अंतर आयेगा बताना चाहते हैं एम्बुलेंस मरीज को लेकर जिस तरफ मुड़ती है और पी एम अमित वर्मा के अनुसार वह मरीज हाइवे के रास्ते जिला अस्पताल के लिए निकली है उस हिसाब से मरीज से पुंथर हाइवे की दूरी लगभग 10 किलोमीटर और वहां से ओवरब्रिज की दूरी लगभग 4 किलोमीटर और ओवर ब्रिज से जिला अस्पताल की दूरी लगभग 14 से 15 किलोमीटर के आसपास है कुछ मिलाकर लगभग 13 किलोमीटर के स्थान पर 30 किलोमीटर से ज्यादा गाड़ी क्यों चलाई जा रही है। पीएम अमित वर्मा द्वारा इसका मुख्य कारण जाम की समस्या बताया गया परन्तु बताना चाहते हैं जाम की समस्या ज्यादा तर बरियावन चौराहे के पूरब लगता है जबकि वह स्थान जिला अस्पताल ले जाने में पड़ती ही नहीं पीएम द्वारा यह भी बताया गया है मरीज को जल्दी पहुंचाने के लिए 4-6 किलोमीटर गाड़ी ज्यादा चलना



कोई मायने नहीं रखता परन्तु यह दूरी 4-6 नहीं 20 किलोमीटर के आसपास है और उस रोड पर जाम की सम्भावना बनी रहती है। इसी के साथ बताना चाहते हैं कि विगत दिनों कुछ मीडिया संस्थानों ने दावा किया फर्जी केस मामले में ज्यादा गाड़ी चलाना जिससे सरकार द्वारा ज्यादा मेंटीनेंस खर्चा लिया जा सके उसके दावे में सच्चाई नजर आ रही है। कुल मिलाकर कहा जाए मरीज कम होने से एम्बुलेंस कंपनी ने नया फंडा निकाला है।

# युद्ध स्तर पर सघन जनसंपर्क अभियान चला कर गिनायी सरकार की उपलब्धियां

स्वतंत्र प्रभात



**अंबेडकरनगर।** जनपद अंबेडकर नगर 55 लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत विधानसभा टांडा से दर्जनों ग्रामीण क्षेत्रों में संपर्क अभियान चलाकर भारतीय जनता पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी रितेश पांडे को प्रचंड बहुमत से विजई बनाकर नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करने का आवाहन किया सघन जनसंपर्क दौरान विधानसभा क्षेत्र के लखनपुर महमूदपुर आरूसा आजमपुर बसखारी गोकुलपुर आदिलपुर डोडो विदुर कटया पहलवान शुक्ल बाजार फतेहपुर रामडीह सराय बेला परसा आदि गांव में युद्ध स्तर पर सघन जनसंपर्क कर एवं चौपाल के माध्यम से जन जागरण अभियान कर भारतीय जनता पार्टी की उपलब्धियां को गिनाते हुए भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व प्रत्याशी लोकसभा डॉक्टर गयादीन सिंह भारती द्वारा मिशन 2024 को सफल बनाकर 400 पर तीसरी बार मोदी सरकार को कामयाब बनाने की अपील की जनसंपर्क के दौरान डॉक्टर गयादीन सिंह भारती के साथ भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता सभाजीत वर्मा राम भरत वर्मा राम प्रकाश रामकुमार हरिश्चंद्र मौर्य केशव राम वर्मा मनीराम वर्मा मंजेश कुमार जितेंद्र कुमार श्याम सुंदर यादव अमिताभ कुमार संजय कुमार यादव अक्षय कुमार अभिषेक कुमार मौर्य विद्याराम सुशील कुमार यादव दिनेश कुमार आदि दर्जनों नेता एवं कार्यकर्ता गांव ने जनसंपर्क के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी रितेश पांडे को भारी बहुमत से जीतने की पुरजोर अपील की।

## जाट आरक्षण संघर्ष समिति ने मनाई परशुराम जयंती

**अलीगढ़,।** गोंडा रोड पींजरी पैंठ स्थित अखिल भारतीय जाट आरक्षण संघर्ष समिति के जिला कार्यालय पर समिति व राष्ट्रीय लोक दल के कार्यकर्ताओं ने संयुक्त रूप से मनायी भगवान विष्णु के छठवें अवतार भगवान परशुराम की जयंती वही दिल्ली फतह दिवस के अवसर पर महाराजा सूरजमल को नमन किया । समिति के जिलाध्यक्ष व किसान नेता चौधरी सत्यवीर सिंह सत्तो ने बताया आज ही के दिन भगवान विष्णु के छठवें अवतार के रूप में भगवान परशुराम का जन्म हुआ था हम उनके जन्म दिवस पर उन्हें नमन करते हैं । वही आज ही के दिन हमारे जाट शिरोमणि महाराजा सूरजमल ने मुगलों से लड़कर दिल्ली को फतह किया था। हम ऐसे महान जाट वीर महाराजा सूरजमल को बार-बार नमन करते हैं । जिन्होंने हिंदू धर्म की रक्षा कर हिंदू धर्म को जिंदा रखा। वही अक्षय तृतीया के अवसर पर राहगीरों को शरबत पिलाकर सेवा की। इस मौके पर पंडित महेश गौतम, आचार्य मुकेश चौधरी, पोपन सिंह, शीशपाल सिंह, लालाराम सिसोदिया, रामेश्वर सिंह ,लोहरे सिंह, गोवर्धन सिंह, अजूआ शर्मा ,अरुण चौधरी, विशाल चतुर्वेदी सहित कई लोग मौजूद रहे।

# संक्षिप्त ख़बरें

## परशुराम जयंती पर कानपुर में निकाली गई शोभायात्रा



**कानपुर।** परशुराम जयंती आज कानपुर में बड़े ही धूमधाम और उत्साह से मनाई गई। इस अवसर पर भगवान परशुराम के अनुयायियों ने जगह जगह शोभा यात्रा निकाली और उनको याद किया। आज परशुराम जयंती थी और कानपुर शहर के लोगों में गज़ब का उत्साह था चुनाव का माहौल भी था। इसलिए परशुराम जयंती के अवसर पर तमाम संगठनों ने अलग-अलग स्थानों पर से शोभायात्रा निकाली। इन शोभायात्राओं में बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया।

## युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर दी जान

भारत कनेक्ट

**लखनऊ।** राजधानी के थाना क्षेत्र बथरा में शुक्रवार की सुबह एक युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी का फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे हरौनी चौकी इंचार्ज मानवेन्द्र कुमार सिंह ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हरौनी चौकी इंचार्ज मानवेन्द्र कुमार सिंह के मुताबिक तिरवा गांव निवासी मनीष पटेल उम्र 27 वर्ष प्राइवेट नौकरी करता था। शुक्रवार की सुबह मनीष अपने घर में बोलकर आम के बाग जा रहे हैं। काफी देर तक घर वापस न आने पर उसके बड़े भाई अनुज पटेल आम की बाग पहुंचे। अनुज पटेल ने देखा उसका छोटा भाई मनीष पटेल आम के पेड़ में गले में अंगोछा का फंदा बांधकर लटका हुआ है। यह दृश्य देखकर उनके होश उड़ गए। अनुज पटेल के रोने और चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास बाग की रखवाली करने वाले लोग भी इकट्ठा हो गए। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरकर अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर मृतक के पास कोई भी सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस का कहना है कि मृतक ने यह कदम क्यों उठाया, इसकी जांच पड़ताल की जा रही है।

## रैली निकाल व गोष्ठी कर किया जागरूक



**सीतापुर** मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत समाजसेवी आकाश राय के नेतृत्व मे मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। लोगो के हाथो मे लोकतन्त्र का सबसे बड़ा पर्व है, मतदान करना हम सबका फर्ज है, सारा काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो स्लोगन लिखी तख्तीया थी। रैली मुशीगंज चैराहे से प्रारम्भ होकर श्यामनाथ, होते हुए मन्त्री चैराहा पर जाकर समाप्त हुई। मतदाताओं को पंपलेट बांटकर मतदान व ,लोकतंत्र के महापर्व को मिलकर मनाना है, गीत बजाकर मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया। रैली के दौरान भारत माता की जय, अबकी बार शत प्रतिशत मतदान के नारे भी लगाए गये। रैली के उपरांत मतदाता जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। संचालन आकाश राय ने किया। गोष्ठी के दौरान बार एसोसिशन के अध्यक्ष विजय अवस्थी, अधिवक्ता रत्नेश द्विवेदी शासकीय अधिवक्ता संतोष शुक्ला, शिव बालक त्रिवेदी ने स्थानीय लोगो के सम्मुख समाज मे व्याप्त कुरीतियों के बारे मे विचार व्यक्त्त करते हुए मतदान करने का अनुरोध किया, वही कवित्री शशिकला मिश्रा ने कविता पाठ कर मतदान के लिए प्रेरित किया। इस दौरान सचिन त्रिपाठी, विजय कुमार शुक्ला, अंब्रीश दीक्षित, अन्नी मेहरोत्रा, डॉ शांति स्वरूप रस्तोगी, डॉ कमल किशोर सेठ डॉ राजीव मिश्रा, डॉ विकाश चंद्र जैन, सोमकांत बाजपेयी, वेद प्रकाश कश्यप, लक्ष्मीकान्त बाजपेयी, राम कुमार कटियार, राकेश सेठ, पंकज बाजपेयी, सुजीत गुप्ता आदि रहे।

## सन्दिग्ध अवस्था में ससुराल में घर से एक सप्ताह पूर्व विवाहिता महिला हुई गायब, पति ने कोतवाली में दी सूचना

**कछौना, हरदोई।** कोतवाली क्षेत्र कछौना के अंतर्गत ग्राम धनाखेड़ा मजरा गौहानी से एक विवाहित महिला सन्दिग्ध अवस्था में घर से गायब है। परिजनों ने कोतवाली कछौना को सूचना दी। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली कछौना के अंतर्गत ग्राम गौहानी के धनाखेड़ा से अंकित कुमार की पत्नी कुंती वर्मा उम्र 29 वर्ष एक सप्ताह पूर्व घर से संदिग्ध अवस्था में गायब है। परिजनों ने आशंका जताई है कि कोई बहलाफुसला कर ले गया है। पति ने रिश्तेदारी, आसपास क्षेत्र में काफी खोजबीन की। पूरे मामले की सूचना कोतवाली कछौना को दी। गायक कुंती वर्मा का कद सामान्य हैं, रंग गोरा है। पुलिस जांच कर रही है। परिजन काफी परेशान है, उन्होंने अपील की हैं कि किसी भी व्यक्ति को सूचना मिले तो उनके मोबाइल नंबर 8699135336 पर अवगत कराएं।

# उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद की परीक्षा समिति की विशेष बैठक सम्पन्न- जितेन्द्र प्रताप सिंह

स्वतंत्र प्रभात



उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद की विशेष परीक्षा समिति की पूर्व निर्धारित कार्य-सूची के निष्पादनार्थ आहुत बैठक जितेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता मे परिषद मुख्यालय पर सम्पन्न हुई। कार्यसूची के बिन्दुवार विषयों पर विचार-विमर्श उपरांत समस्त उपस्थित सदस्यों ने सकारात्मक निर्णय करते हुए विशेषज्ञ परीक्षण उपरांत लम्बित परीक्षा परिणाम का घोषित किए जाने का निर्णय लिया।सचिव शिवलाल ने पूर्व मध्यमा,उत्तर मध्यमा के लम्बित परिणामों को समिति के सम्मुख विमर्श हेतू प्रस्तुत करते हुए धरातलीय समस्याओ से आलोकित किआ। समस्त उपस्थित अधिकारियों ने प्रत्येक लम्बित परिणामों पर विस्तार से चर्चा कर सर्वसम्मत से अपने निर्णय को परिषद के कार्यवृत्त पुस्तिका मे अंकित किए जाने की स्वीकृत प्रदान की। भविष्य की परीक्षाओं के लिए प्रत्येक शिक्षक को सचेत करते हुए समिति के सदस्यों धन्यवाद ज्ञापित किआ गया।

## ब्राह्मण कल्याण समिति बाराबंकी द्वारा अक्षय तृतीया का आयोजन किया गया

स्वतंत्र प्रभात



**बाराबंकी।** बाबा पंचम दास कुटी दशहरा बाग में भगवान परशुराम प्रकटोत्सव व अक्षय तृतीया का पावन कार्यक्रम ब्राह्मण कल्याण समिति बाराबंकी के तत्वाधान में आचार्य कन्हैयालाल मिश्र के संयोजन एवं वंशीधर शुक्ल की अध्यक्षता में ब्राह्मण कल्याण समिति के अध्यक्ष रमेश चंद्र तिवारी, महामंत्री देश दीपक मिश्रा की उपस्थिति में आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ कलश, गौरी गणेश, नवग्रह, पृथ्वी पूजन, भगवान विष्णु सहस्त्र नाम का हवन जन कल्याण के लिए पंडित सीता कान्त मिश्र व पंडित मोहित मिश्रा ने संपन्न कराया। इस पावन अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण कर तिलक पूजन किया। इस अवसर पर चेयरमैन संघ के अध्यक्ष रामशरण पाठक ने उपस्थित ब्राह्मणजनों को संबोधित करते हुए कहा कि ब्राह्मणों की त्याग व तपस्या किसी से छुपी हुई नहीं है, इतिहास गवाह है कि महर्षि दाधीच और चाणक्य जैसे अनेक उदाहरण हैं। हम सभी ब्राह्मणों को एकजुट होने की आवश्यकता है जिससे समाज को एक नई दिशा दी जा सकती है। दिलीप मिश्रा एडवोकेट व सुनीत अवस्थी द्वारा वरिष्ठ ब्राह्मणजनों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कवियों ने काव्य पाठ भी किया जिसमें प्रमुख रूप से विनय शुक्ला, पवन द्विवेदी अंगार, व कालिंदी द्विवेदी, सीताकांत मिश्रा स्वयंभू, साहब नारायण शर्मा, दीपक शुक्ल आदि ने भगवान परशुराम का महिमा मंडन करते हुए अनेक रचनाओं को प्रस्तुत किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से विनोद चतुर्वेदी, राकेश दीक्षित, आदित्य दीक्षित, रामू मिश्र, राकेश शर्मा एडवोकेट, कौशल किशोर त्रिपाठी, देव प्रकाश मिश्रा, राहुल मिश्रा, पीयूष मिश्रा, ज्ञान प्रकाश पांडे ,राघवेंद्र तिवारी, अतुल पांडे, विमलेंद्र तिवारी, संजय अवस्थी, सुरेंद्रनाथ शर्मा, उपेंद्र द्विवेदी, अमरनाथ शुक्ला, डीके शुक्ला आदि उपस्थित ब्राह्मणों ने कार्यक्रम में सहभागिता का निर्वहन किया।

# भगवान परशुराम का धूमधाम से मनाया गया जन्मोत्सव

स्वतंत्र प्रभात



**लखनऊ।** त्रेता युग में एक ब्राह्मण ऋषि भृगुश्रेष्ठ महर्षि जमदग्नि द्वारा सम्पन्न पुत्रेष्टि यज्ञ से प्रसन्न देवराज इन्द्र के वरदान स्वरूप पत्नी रेणुका के गर्भ से वैशाख शुक्ल तृतीया को भगवान परशुराम का जन्म हुआ था। वे भगवान विष्णु के छठे अवतार है। कार्यक्रम में पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया जी, भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी जी, भारत रक्षा दल के संस्थापक श्रीनिवास राय जी, सनातन महासभा के अध्यक्ष डा. प्रवीण, समाजसेवी एवं भाजपा नेता श्री अजय त्रिपाठी मुन्ना जी, श्री बीनू शुक्ला जी, सनातन धर्म मंदिर के अध्यक्ष श्री रमेश चन्द्र बेरी जी, रोडवेज संघ के अध्यक्ष रहे श्री करुणा शंकर तिवारी जी आदि मौजूद रहे!

इस अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी भगवान परशुराम का जन्मोत्सव बडें ही धूमधाम से अखिल भारतीय ब्रम्ह समाज द्वारा केन्द्रीय कार्यालय मुण्डावीर मन्दिर के प्रांगण में मनाया गया। संगठन के सभी पदाधिकारी एवं सॅपूर्ण ब्राह्मण समाज द्वारा मन्दिर परिसर में हवन यज्ञ कर आरती एवं भोग प्रसाद का वितरण किया गया। हवन यज्ञ में संगठन के अध्यक्ष श्री सी0पी0 अवस्थी , महामंत्री देवेन्द्र शुक्ल ने अपने सभी पदाधिकारियों संग भारतीय परिधान में यज्ञ किया तत्पश्चात आरती और प्रसाद वितरण किया गया। मीडिया प्रभारी श्री अर्जुन द्विवेदी ने बताया कि कार्यक्रम में श्री कोमल द्विवेदी, गिरिजा शंकर त्रिपाठी, दया शंकर पाण्डेय, राम कुमार चौबे, राम कृष्ण त्रिपाठी, अजय शुक्ल, विजय त्रिपाठी, प्रेम कुमार मिश्रा, कौशिक बनर्जी, अमिता त्रिपाठी, स्नेहलता, नीलू, रीतू, पुष्पा मिश्रा, अंजली बाजपेयी, जे0 पी0 बाजपेयी, शैलेंद्र शुक्ला, चन्द्र प्रकाश मिश्र, राकेश श्रीवास्तव, रामरूप यादव, सुरेश प्रकाश चौबे आदि लोग उपस्थित रहे।

## आनंद भदौरिया को भारी बहुमत से जीताकर संसद भेजने का काम करें-अखिलेश यादव

● - इंडिया गठबंधन की सरकार आने पर किसानों का सम्पूर्ण कर्ज़ा माफ किया जाएगा-अखिलेश यादव

गरीब बहनों के एकाउंट में साल में 1 लाख रूपया देने का काम करेंगे, नौजवानों को नौकरी देंगे, 30 लाख खाली पद भरेंगे-अखिलेश यादव

महान दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष केशव देव मौर्य जी मंच पर मौजूद रहे और उन्होंने भी आनंद भदौरिया को जिताने की अपील की

आनंद भदौरिया की जनसभा में उमड़ा जनसैलाब, पुलिस को भीड़ नियंत्रित करने में पसीने छुटे

स्वतंत्र प्रभात

**सीतापुर** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने धौरहरा लोकसभा के इंडिया गठबंधन प्रत्याशी आनंद भदौरिया के लिए विधानसभा मितौली के कस्ता ग्राम में एक विशाल जनसभा में उमड़े जनसैलाब को संबोधित करते हुए कहाकि अपनी गरीब बहनों के एकाउंट में साल में 1 लाख रूपया देने का काम करेंगे, नौजवानों को नौकरी देंगे, 30 लाख खाली पद भरेंगे, किसानों को एमएसपी देंगे, उन्होंने आगे कहाकि जिन्होंने झूठी बातें की हो, झूठे वादे किए हैं उन्हें सबक सिखाने का काम करेंगे, पिछले 10 साल में केवल झूठ बोला है इन्होंने और एक वादा पूरा नहीं किया, ये चुनाव आपके भविष्य का चुनाव है, ये बीजेपी के लोग संविधान बदलना चाहते हैं, ये संविधान हमें ताकत देता है और जो 4 सौ पार का नारा दे रहे थे बीजेपी के लोग, वह संविधान बदलने के लिए दे रहे थे, किसी उद्योगपति को नहीं छोड़ा इन्होंने, उसे भी नहीं छोड़ा जिस कंपनी से हमें वैक्सीन लगवाई उससे चंदा ले लिया, सुना है जिन्होंने वैक्सीन लगवा ली है सबसे ज्यादा दिल की बीमारी उन्हें ही ये बीमारी ज्यादी हो रही है ये अत्यंत दुःखद बात है, ये सरकार वाले सोच रहे हैं कि अब उनका क्या होगा, भाषा बदल गई और जो दिल्ली वाले प्रधान सांसद हैं अब तो वो अपने खासम खास लोगों को भला बुरा कह रहे हैं, जो लोग उनके दाना पानी का इंतजाम करते थे उनके खिलाफ हो गए, नौजवानों, आपकी नौकरी तो छीनी ही छीनी भाजपा ने, साथ ही एक तिहाई जीवन बर्बाद कर दिया, 10 साल हो गए हैं, हमारे किसान भाई बताओ क्या आय दोगुनी हो गई है? न आय दोगुनी की, न उनके पक्ष में फैसले किए और महंगाई जो इतनी बढ़ी है उससे लागत दोगुनी हो गई, जो किसानों की आय दोगुनी करने की बात कहते थे वह लोग किसानों के लिए तीन काले कानून लाकर रख दिया, अच्छी बात यह है कि यूपी ही नहीं बल्कि पूरे देश के किसान एकजुट होकर तीनों काले कानून के लिए आंदोलन किया कि जब तक काले कानून वापस नहीं हुआ किसान भाई डटे रहे, तीनों काले कानून तो वापस हो गए, लेकिन एक हजार से अ?धिक हमारे किसान शहीद हो गए, जिनका परिवार को आज तक न्याय के लिए भटक रहे है, हमारी सरकार बनती हैं तो पीड़ित परिवारों को न्याय देने के साथ ही आ??र्थिक मदद की जाएगी और किसानों का सम्पूर्ण कर्ज़ा माफ किया जाएगा, युवाओं के बेरोज़गारी का मुद्दा उठाने पर



अ?खिलेश यादव ने कहाकि भाजपा सरकार में सबसे ज्यादा धक्का युवाओं को लग रहा है, पहले तो बैकेंसी नहीं निकली, जब निकली है तो उसका पेपर लीक हो जाता है, हमारा युवा कड़ी मेहनत कर नौकरी के लिए प्रयास करता है, परीक्षा देने जाता है और जब वह घर लौटकर आता है तो पता चलता है कि पेपर लीक हो गया, उन्होंने कहाकि मुख्यमंत्री लीकेज नहीं रोक पा रहे हैं, हमारे युवा अग्निवीर की नौकरी बिल्कुल भी स्वीकार नहीं करेंगे, हमारी सरकार बनती हैं तो इसको पक्की नौकरी कर युवाओं को वर्दी पहनाने का काम करेंगे।

उन्होंने कहाकि मौजूदा समय में खाकी वर्दी भी हम लोगों को परेशान कर रही है, लेकिन उनको यह नहीं पता कि जिस तरह फौज की नौकरी चार साल की हो गई है उसी तरह पुलिस की नौकरी भी तीन साल की हो जाएगी, भाजपा सरकार सब कुछ बेच रही है, सभी सरकारी नौकरी संविदा पर कर देंगे और पुलिस की नौकरी तीन साल की कर देगी, महंगाई लगातार बढ़ रही है, जिससे हर वर्ग परेशान है, हर भारतीय महिला को किचेन मे महंगाई का सामना कर रहा है उन्होंने उमड़े जा सैलाब से अपील की कि आनंद भदौरिया को भारी बहुमत से जीताकर संसद भेजने का काम करें जिससे इस संविधान विरोधी ताकतों को करारा जवाब दिया जा सके! महान दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष केशव देव मौर्य जी मंच पर मौजूद रहे और उन्होंने भी आनंद भदौरिया को जिताने की अपील की !!


स्वतंत्र प्रभात

**नई दिल्ली** टिकरी गांव स्थित श्री शांति धाम दुर्गा मंदिर में भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर हवन पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता जगतगुरु अवधेश प्रपन्नाचार्य महाराज ने किया इस मौके पर कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि अयोध्याधाम से पधारे राजपुरोहित मधुर महाराज ने कहा भगवान विष्णु के अवतार परशुराम समाज के सभी वर्गों के लिए पूज्यनीय है जिन्होंने अत्याचारियों पर संघार कर मानवजाति के जीवन में नया दौर लाया आज सरकार उनकी जयंती पर सरकारी अवकाश न लागू कर ब्राह्मण समाज ही नहीं बल्कि सभी सनातनियों को आघात पहुंचा रहीं है मधुर ने सरकार से भगवान परशुराम जयंती पर सरकारी अवकाश की मांग करते हुए सनातन विरोधियों पर भी निशाना साधा मधुर ने कहा जो लोग सनातन को छोड़ दूसरे धर्म को अपना लिया आज बड़े बड़े संग्रहालय सरकारी भवन कार्यालयों में उनकी फोटो लगा दी गई हैं उनकी जयंती पर सरकारी अवकाश कर सरकारी धन से बड़े बड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाते है किंतु वहीं हिंदू धर्म के गौरव प्रतीक साक्षात विष्णु के अवतार भगवान परशुराम की जयंती पर अवकाश न देते हुए सरकार यह साबित कर रहीं है की उनका हिंदू प्रेम सिर्फ एक दिखावा हैं।


# कानपुर में भाजपा सरकार पर जम कर गरजे राहुल और अखिलेश

● - गठबंधन की सरकार आई तो अलग अलग जीएसटी को खत्म करेंगे - राहुल गांधी हमरी सरकार बनने पर अग्निवीर व्यवस्था बंद होगी- अखिलेश यादव








स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और सपा मुखिया अखिलेश यादव और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आज कानपुर में चुन्नी गंज स्थित जीआईसी ग्राउंड पर एक संयुक्त जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस सरकार ने कानपुर के उधोगों के विषय में कभी नहीं सोचा। और सारी चीजें अडानी और अंबानी के हाथों में सौंप दी हैं। अखिलेश यादव और राहुल गांधी कानपुर में कानपुर शहर से गठबंधन प्रत्याशी आलोक मिश्रा और अकबरपुर से राजाराम पाल के समर्थन में एक रैली को संबोधित करने आए थे। अखिलेश यादव ने कहा कि इस सरकार ने वायदा किया था कि हम किसानों की आय दुगनी करेंगे तथा यूरिया के दाम कम करेंगे लेकिन कुछ नहीं किया। इन्होंने ऐसी वैक्सीन लगवाई कि ये जनता की जान और देश के संविधान के पीछे पड़े हैं।

अखिलेश यादव ने कहा कि ये उत्तर प्रदेश में अपने आप को डबल इंजन की सरकार कहते थे इनके एक इंजन की फोटो गायब हो गई है और जब परिणाम आएगा तो होर्डिंग पर से दूसरे इंजन की फोटो भी गायब हो जाएगी। उन्होंने कहा कि इनके भाव सातवें आसमान पर है और चुनाव के सात चरण पूरे होते ही इनके भाव नीचे कर देना। जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि आप लिख कर लेलो 4 जून के बाद नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री नहीं बन पाएंगे। लेकिन ये अडानी के चैनल सच नहीं दिखाएंगे। कानपुर मेनचेस्टर कहलाता था। कानपुर में वो काबिलियत थी कि वो चाइना को पीछे छोड़ दे लेकिन इन्होंने सब कुछ अडानी के हाथों में सौंप दिया। राहुल ने कहा कि इनको कैसे पता कि अडानी और अंबानी टैंपो भर भर कर नोट भेजते हैं। और यदि पता है तो ईडी और सीबीआई जांच क्यों नहीं कराते। राहुल गांधी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में गठबंधन 50 सीटों से कम नहीं जीतेगा। लेकिन ये मीडिया वाले नहीं बताएंगे क्यों कि चैनल अडानी के है और पत्रकारों को अपने बच्चे पालने हैं और घर चलाने हैं। राहुल ने गठबंधन के दोनों प्रत्याशी आलोक मिश्रा और राजाराम पाल को भारी बहुमत से जिताने की अपील की।

# कानपुर प्लेक्सस दि ब्रेन एंड स्पाइन सेंटर का उद्घाटन

स्वतंत्र प्रभात





**कानपुर।** आज प्लेक्सस दि ब्रेन एंड स्पाइन सेंटर का शुभारंभ कुमारी उद्यान स्कूल के पास अशोक नगर में हुआ। प्लेक्सस के डॉक्टर आशीष शर्मा ने बताया कि क्लीनिक में मस्तिष्क, रीढ़ एवं नसों का इलाज किया जाता है। विगत 5 वर्षो से डॉक्टर आशीष शर्मा कृष्णा सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल टाटमिल और चंद्रा पॉली क्लीनिक, किदवई नगर में अपनी सेवाएं दे रहे हैं और कई जटिल रोगों का सफल ऑपरेशन करके लोगो को नया जीवन दिया है। डॉ. आशीष ने बताया कि रायबरेली के मुकेश जिसकी उम्र 39 वर्ष है। अर्नोल्ड चायरी माल फार्मेशन जो कि मस्तिष्क की एक गंभीर बीमारी है से ग्रसित थे। बीमारी से शारिरिक गतिविधियां असन्तुलित हो जाती थी। कई जगह से उपचार कराने के बाद कही फायदा नही मिला। उसका डॉ. आशीष ने सफल ऑपरेशन किया। अब वह बिल्कुल स्वस्थ हैं। इसी तरह 25 वर्षीय सलमान रीढ़ के ट्यूमर के कारण दोनों पैरों से अपाहिज हो गया था। उसका सफल ऑपरेशन डॉ. आशीष ने किया। अब वह चल सकता है।

क्लीनिक के उद्घाटन के अवसर पर प्रमुख रूप से कानपुर नर्सिंग होम एसोशिएशन के अध्यक्ष डॉ. एम. के. सरावगी, विकास डायग्नोस्टिक के डॉ. विकास गुप्ता, उर्सला के पूर्व डायरेक्टर डॉ. ए. के. निगम, डॉ. वी. के. मिश्रा, डॉ. अभिनव सेंगर, डॉ. पंकज मेहरोत्रा, रिजेंसी के डॉ. साकेत निगम, रीवा हॉस्पिटल के डॉ. विनय गुप्ता, डेल्टा हॉस्पिटल के डॉ. शैलेश सिंह, कृष्णा हॉस्पिटल के डॉ. राघव पांडेय, डॉ. पंकज अवस्थी, डॉ. ए. के. रावत, डॉ. अमित दीक्षित नमामि हॉस्पिटल, डॉ. धर्मेश कुमार दीप हॉस्पिटल, डॉ. मनीष कुमार यूरोलॉजिस्ट, उन्नाव के लोकपाल एडवोकेट अतुल निगम, हमीरपुर के लोकपाल डॉ. वीरेंद्र चंदेल, जालौन के लोकपाल गंगा सिंह राठौर, जाने माने ज्योतिष डॉ. आदित्य पांडेय आदि लोग उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री आज शहर में, परिवर्तित रहेगी मार्ग व्यवस्था

स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश सरकार आज किदवई नगर स्थित न्यू सेंट्रल पार्क बाबू पुरवा में रैली व जनसभा को सम्बोधित करेंगे। जिला प्रशासन ने इसके मद्देनजर मार्ग व्यवस्था में परिवर्तन किया है। परिवर्तित मार्ग व्यवस्था के अनुसार टाटमिल से कोई भी भारी वाहन बस ट्रक बाबू पुरवा के तरफ न जाकर मनोज इंटरनेशनल से दाहिने मुड़कर श्याम नगर पीएसी मोड़ होकर अपने गंतव्य को जाएंगे। इसी प्रकार यशोदा नगर से किदवई नगर चौराहा के तरफ कोई भी भारी वाहन बस/ ऑटो नहीं आयेगे, ऐसे वाहन श्यामनगर पीएसी मोड़ से बाएं मुड़कर मनोज इंटरनेशनल होते हुए अपने गंतव्य को जाएंगे।

छोटे व हल्के वाहन बागाही चौकी से दाहिने मुड़कर साउथ एक्स मॉल होते हुए साइड नंबर वन से बारादेवी/ सोटे हनुमान मंदिर होते हुए अपने गंतव्य को जाएंगे। कोई भी वाहन किदवई नगर चौराहे की तरफ नहीं जाएगा इस प्रकार यशोदा नगर की तरफ से आने वाले हल्के व छोटे वाहन बरगदिया तिराहे से बाये मुड़कर घनश्याम दास चौराहे से गौशाला होते हुए अपने गंतव्य को जाएंगे। यह व्यवस्था आज 11/05/2024 को समय 08:00 बजे से 16:00 बजे तक लागू रहेगी।



# भगवान परशुराम जयंती पर हो सरकारी अवकाश- मधुर महाराज

स्वतंत्र प्रभात

**नई दिल्ली** टिकरी गांव स्थित श्री शांति धाम दुर्गा मंदिर में भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर हवन पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता जगतगुरु अवधेश प्रपन्नाचार्य महाराज ने किया इस मौके पर कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि अयोध्याधाम से पधारे राजपुरोहित मधुर महाराज ने कहा भगवान विष्णु के अवतार परशुराम समाज के सभी वर्गों के लिए पूज्यनीय है जिन्होंने अत्याचारियों पर संघार कर मानवजाति के जीवन में नया दौर लाया आज सरकार उनकी जयंती पर सरकारी अवकाश न लागू कर ब्राह्मण समाज ही नहीं बल्कि सभी सनातनियों को आघात पहुंचा रहीं है मधुर ने सरकार से भगवान परशुराम जयंती पर सरकारी अवकाश की मांग करते हुए सनातन विरोधियों पर भी निशाना साधा मधुर ने कहा जो लोग सनातन को छोड़ दूसरे धर्म को अपना लिया आज बड़े बड़े संग्रहालय सरकारी भवन कार्यालयों में उनकी फोटो लगा दी गई हैं उनकी जयंती पर सरकारी अवकाश कर सरकारी धन से बड़े बड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाते है किंतु वहीं हिंदू धर्म के गौरव प्रतीक साक्षात विष्णु के अवतार



भगवान परशुराम की जयंती पर अवकाश न देते हुए सरकार यह साबित कर रहीं है की उनका हिंदू प्रेम सिर्फ एक दिखावा हैं।

## पूर्व राज्यमंत्री ने एलडीए द्वारा अवैध सील बिल्डिंग पर शुरू किया निर्माण कार्य , पुलिस ने लगाई रोक

● - ...अवैध शापिंग कॉम्प्लेक्स पर एलडीए मेहरबान पर पुलिस ने दिखाई सख्ती



**लखनऊ।** राजधानी में अवैध निर्माणों की समस्या गंभीर है। प्राधिकरण की ओर से इनके खिलाफ सीलिंग और ध्वस्तीकरण की कार्रवाई तो की जाती है, इसके बावजूद इन पर कोई खास लगाम लगती नजर नहीं आ रही है। चोरी छिपे अवैध निर्माण होते है, जिसकी वजह से प्राधिकरण की छवि पर दाग लगता है। कई बार तो यह भी देखने में आता है कि निर्माणकर्ता सील तोड़कर पुनः अवैध निर्माण शुरू करा देता है। ऐसा ही एक मामला बहुजन समाज पार्टी से बीकेटी विधानसभा प्रत्याशी और बसपा सरकार में दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री मोहम्मद सलाउद्दीन सिद्दीकी उर्फ मुस्सन के कुर्सी रोड स्थित एक व्यवसायिक

### अवैध बिल्डिंग में काम चल रहे काम पर पुलिस ने लगाई रोक

परिसर के अवैध निर्माण का प्रकाश में आया है। आपको बता दें 14 जून 2023 को पूर्व राज्यमंत्री मोहम्मद सलाउद्दीन सिद्दीकी द्वारा कराये जा रहे चार मंजिल बिल्डिंग के अवैध निर्माण को लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा सील कर पुलिस अभिरक्षा में सौप दिया गया था। जिसके बाद पूर्व मंत्री ने स्थानीय पुलिस और एलडीए से सेटिंग कर सील तोड़ दी

एलडीए द्वारा सील दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री का अवैध निर्माण और अवैध निर्माण पुनः शुरू करा दिया। पुलिस से पूछने पर कोई सीधा जवाब नही मिला। पुलिस के मुताबिक काम नही चल रहा है और कोई आदेश आने वाला है। जबकि सूत्रों की माने तो बीती दो मई को सील बिल्डिंग की सील को तोड़कर काम किया जा रहा है। जिसकी वीडियो फोटो पुलिस को दी गई है।

उप्र नगर योजना एवं विकास अधिनियम 1973 की धारा 28 के अंतर्गत विकास प्राधिकरणों को अवैध निर्माण को रोकने के लिए निर्माण स्थल को सील करने का अधिकार प्राप्त है। जिसके चलते अक्सर लोग एलडीए की सील तोड़कर निर्माण जारी रखते है। लखनऊ विकास प्राधिकरण की सीलिंग के बाद पुलिस और एलडीए कर्मचारियों की मोटी आय शुरू होती है। पूरी तरह से अवैध निर्माण पर सील हुई बिल्डिंग में निर्माण करवाकर पहले पुलिस मलाई काटती है। बीच-बीच में निगरानी के लिए जिम्मेदार एलडीए के कर्मचारियों को भी हिस्सा मिलता रहता है। एलडीए बाबू निर्माण रुकवाने की फाइलें दबा देते हैं। पैसे के बल पर निर्माणकर्ता कई-कई महीनों तक चले निर्माण के बाद इमारत बनाकर खड़ी कर लेते हैं। एक बार इमारत बन गई तो फिर उसका बाल भी बांका नहीं होता। विशेष मामलों में ही ध्वस्तीकरण होता है। बसपा नेता सलाउद्दीन सिद्दीकी की तर्ज पर अवैध निर्माण करने वाले लोग रसूख और पैसे के बल पर न तो सीलिंग की चिंता करते है और ना ही अफसरों की। पैसे मिल जाने के बाद न तो एलडीए कर्मचारी पुलिस निर्माण के पास फटकती है और न ही अन्य जिम्मेदार विभाग। ऐसे में देखना दिलचस्प होगा की बसपा नेता सलाउद्दीन के इस अवैध निर्माण पर एलडीए ध्वस्तीकरण की कार्यवाही कब करता है।

# संक्षिप्त ख़बरें

## स्वीप कार्यक्रम के अर्न्तगत मेंहदी, रंगोली व चित्रकला प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

### रैली निकालकर जनसामान्य को आगामी 20 मई को अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की गयी



**अमेठी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी निशा अनंत व मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल के निर्देशन में विभिन्न विभागों द्वारा मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित कराये जा रहे है। इसी क्रम में राजकीय इण्टर कालेज सोनारीकला तथा श्री भीमसेन इंटर कॉलेज बड़गांव की छात्राओं द्वारा रंगोली, मेंहदी तथा चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन कर जनसामान्य से आगामी 20 मई को अधिक से अधिक अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की गयी। इसके साथ ही विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा रैली निकालकर लोगों को मतदान करने हेतु जागरूक किया गया।

## कोतवाली पुलिस ने पांच किलोग्राम अवैध गांजा के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल




**महराजगंज रायबरेली।।** कोतवाली पुलिस ने अपराध व अपराधियों के विरुद्ध कृत कार्यवाही के अंतर्गत दिनांक 10 मई 2024 को थाना महराजगंज पुलिस टीम द्वारा मुखबिरखास की सूचना पर अभियुक्त कौशलेंद्र सिंह उर्फ जालिम सिंह पुत्र मानसिंह निवासी गोविंदपुर माधव थाना गदागंज जनपद रायबरेली को 5 किलोग्राम अवैध गांजा के साथ थाना क्षेत्र से नियमाअनुसार गिरफ्तार कर लिया है। जिसके विरुद्ध थाना स्थानीय पर मुकदमा अपराध संख्या - 238/2024 धारा-8/20 एनडीपीएस अधिनियम अभियोग पंजीकृत कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है।

## रंजिश में विधवा को पीटा, गंभीर अवस्था में रेफर,केश दर्ज



**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के देवगांव निवासिनी एक विधवा महिला को पुरानी रंजिश में गांव के ही पिता और पुत्री ने मिलकर उसकी पिटाई कर दी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई। उसे इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया गया। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर मामले में कार्रवाई की गुहार लगाई है। गांव निवासिनी गीता ने बताया कि रंजिश को लेकर गांव के ही श्रीकृष्ण व उसकी पुत्री गुड़िया ने उसकी लाठी डंडों से जमकर पिटाई कर दी। जिससे उसके हाथ और सिर पर गंभीर चोटे आ गई। जख्मी महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जिला अस्पताल रेफर किया गया। पीड़िता ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की गुहार लगाई है। प्रभारी निरीक्षक शिव शंकर सिंह बताया कि केश दर्ज किया गया है।

## हत्या के मामले में दोषी को आजीवन कारावास

**अलीगढ़,।** ऑपरेशन कन्विक्शन के क्रम में अलीगढ़ पुलिस की गुणवत्तापूर्ण विवेचना एवं अभियोजन की संयुक्त प्रभावी पैरवी से मा0 न्यायालय द्वारा कोतवाली नगर पर पंजीकृत अपहरण कर षड़यंत्र के तहत हत्या के प्रकरण में आरोपी दोषी पाए जाने पर आजीवन कारावास व 40 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। शकील पुत्र अजीज निवासी गौश्त वाली गली गौण्डा रोड थाना देहलीगेट अलीगढ़ स्थायी पता ग्राम नौशा थाना बरला, द्वारा वादी की पुत्री की हत्या कर देने के संबंध में संबंध में थाना कोतवाली नगर पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ था । जिसमें विवेचनात्मक कार्यवाही पूर्ण करते हुए आरोप पत्र मा0 न्यायालय प्रेषित किया गया था ।

# श्रावस्ती के पूर्व सांसद दद्दन मिश्रा अमेठी में चुनावी जन चौपाल को संबोधित कर भाजपा के लिए मांग रहे वोट

**● स्मृति इरानी के नेतृत्व में भाजपा सरकार में हुआ अमेठी का सर्वांगीण विकास**

स्वतंत्र प्रभात



**गौरीगंज अमेठी।** श्रावस्ती के पूर्व सांसद उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री तथा श्रावस्ती के जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्रा इन दिनों अमेठी में भारतीय जनता पार्टी की उम्मीदवार स्मृति जुबिन इरानी के लिए चुनावी जन चौपाल करते हुए वोट मांग रहे हैं। इस दौरान उन्होंने जामों के दिनयी मिश्र का पुरवा, ईनपुर , बलभद्र पुर ,बरैहटी,रानीपुर पश्चिम,शाहपुर मैं चुनावी जन चौपाल को संबोधित करते हुए जनमानस से आने वाली 20 मई को कमल का बटन दबाकर भारी मतों से स्मृति इरानी को विजई बनाने की अपील की, उन्होंने कहा कि कई दशकों तक कांग्रेस ने अमेठी में राज किया लेकिन अमेठी का विकास नहीं किया। कांग्रेस को डर था कि अगर अमेठी का विकास हो जाएगा, अमेठी की जनता जागरुक हो जाएगी तो कांग्रेस को वोट नहीं देगी, और वही हुआ जब अमेठी के लोग जागरूक हुए तो उन्होंने राहुल गांधी को नकार स्मृति इरानी को चुना और स्मृति इरानी ने अमेठी का सर्वांगीण विकास किया। उन्होंने कहा कि अमेठी में जितना भी विकास हुआ है भाजपा सरकार में और स्मृति इरानी के नेतृत्व में हुआ है। इसके पहले अमेठी की सड़क बदहाल थी, विद्युत व्यवस्था बदहाल थी, शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में भी कोई कार्य नहीं हुआ था। लेकिन अमेठी सांसद स्मृति इरानी ने अमेठी में सड़कों का जाल बिछाया, कई विद्यालय खोले, आईटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज खोला, तथा हर क्षेत्र में विकास के अभूतपूर्व कार्य किए आज अमेठी में 24 घंटे बिजली आ रही है। किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य मिल रहा है, खाद, बीज, पानी समय से मिल रहा है, गरीबों को मुफ्त राशन मिल रहा है, गरीबों को पक्का घर मिल रहा है, तथा अमेठी के हर घर में विद्युत भेजने का काम किया गया है हर घर में नल के जरिए जल भेजने का काम किया गया है , ऐसे में अमेठी की जनता स्मृति इरानी के साथ है उन्होंने कहा इस बार अमेठी में कांग्रेस की जमानत जप्त हो जाएगी। पूर्व सांसद ने कहा कि हार के डर से राहुल अमेठी छोड़ रायबरेली गए लेकिन रायबरेली में भी राहुल की करारी हार होगी 400 पार के साथ केंद्र में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी।

# समर्थकों के साथ डोर-टू-डोर जनसंपर्क कर रहे महेंद्र विजय सिंह

**● चुनाव में ही दिखाई देते हैं कांग्रेसी नेता जाति, धर्म के नाम पर देश बांटने का कर रहे काम**

स्वतंत्र प्रभात



**शुकुल बाजार अमेठी।** उद्योगपति तथा भाजपा नेता महेंद्र विजय सिंह अपने समर्थकों के साथ डोर टू डोर संपर्क करते हुए भाजपा प्रत्याशी स्मृति इरानी के लिए वोट मांग रहे हैं। इस दौरान महेंद्र विजय सिंह ने कहा कि कांग्रेस के नेता सिर्फ चुनाव में दिखाई देते हैं उन्होंने कहा कि जनता की समस्या से कांग्रेसियों का कोई सरोकार नहीं है , उन्होंने कहा यह कांग्रेसी जनता की समस्या से मतलब नहीं रखते ऐसे में जनता कांग्रेस को सिरे से नकार देगी। उन्होंने कहा इस बार अमेठी में कांग्रेस की जमानत जप्त हो जाएगी, कांग्रेसी ना सुख में साथ देते हैं ना दुख में साथ देते हैं चुनाव के दौरान दिखाई देते हैं, फिर 5 साल लापता हो जाते हैं, ऐसे में जातिवाद, परिवारवाद और वंशवाद की राजनीति कर देश को बांटने वाले इन कांग्रेसियों को अमेठी की जनता सबक सिखाएगी। उन्होंने कहा अमेठी का विकास स्मृति इरानी के नेतृत्व में हुआ है, भाजपा सरकार में हुआ है ऐसे में जनता भारतीय जनता पार्टी के साथ है अबकी बार 400 पर के साथ तीसरी बार देश में मोदी सरकार बन रही है, गरीबों को मुफ्त राशन, मुफ्त चिकित्सा और आवास मिल रहा है जो कि आगे 5 साल तक मिलता रहेगा, ऐसे में आने वाली 20 मई को कमल का बटन दबाकर भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करें। उन्होंने कहा अमेठी अवध क्षेत्र है भगवान राम का क्षेत्र है और 500 वर्षों के लंबे इंतजार में भाजपा सरकार में राम मंदिर का निर्माण हुआ है और अवध की जनता भगवान राम को लाने वालों को ही चुनेगी।

# परशुराम आवास पर धूमधाम से मनाई गई भगवान परशुराम की जयंती

**● प्रबुद्धजनों को परशुराम जी की प्रतिमा एवं अंग वस्त्र भेंटकर किया गया सम्मानित**

**समाज को एकता की डोर में बांधने का काम करते हैं ऐसे आयोजन - नंदकिशोर तिवारी**

स्वतंत्र प्रभात



**शिवगढ़,रायबरेली।** गत वर्षो की भांति अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर शिवगढ़ नगर पंचायत में शिवगढ़ कस्बा स्थित परशुराम आवास पर बड़े ही हर्षोल्लास पूर्वक भगवान परशुराम की जयन्ती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारम्भ कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व सैनिक रामतीरथ दुबे व कार्यक्रम के आयोजक वरिष्ठ समाजसेवी पण्डित अंजनी दीक्षित, युवा समाजसेवी राज दीक्षित उर्फ राजू भैया हरियाणा वाले द्वारा संयुक्त रूप से भगवान परशुराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन से किया गया। परशुराम जयंती समारोह में उपस्थित प्रबुद्धजनों द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ भगवान परशुराम की पूजा अर्चना एवं दिव्य आरती की गई। तत्पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित ब्राह्मण समाज बुजुर्गो एवं समाज के कर्णधारों का माल्यार्पण कर उन्हें भगवान परशुराम की प्रतिमा एवं अंग वस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में कलम के सिपाही पत्रकारों को भी अंग वस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया। भगवान विष्णु के छठवें अवतार भगवान परशुराम की जयंती पर स्वागत एवं सम्मान से अभीभूत होकर प्रबुद्धजनों ने कार्यक्रम के आयोजक पंडित अंजनी दीक्षित, राज दीक्षित उर्फ राजू भैया की जमकर सराहना की। पूर्व सैनिक हरिशंकर पाण्डेय व राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित पूर्व पिपरी प्रधान नन्दकिशोर तिवारी ने कहाकि राजनीति से हटकर आयोजित होने वाले ऐसे कार्यक्रम ब्राह्मण समाज को एकता की डोर में बांधने का काम करते हैं, ऐसे आयोजन की जितनी सराहना की जाए कम है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से समाज के अन्य लोगों को भी सीख लेनी चाहिए। इस मौके पर कार्यक्रम के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश त्रिवेदी, अंजनी अग्निहोत्री, दीपक अवस्थी, अमित मिश्रा, लवकुश मिश्रा, सुमित द्विवेदी, प्रियांशु दुबे, विजय दीक्षित, राघवेंद्र शुक्ला, सिद्धी दीक्षित,राघव दीक्षित, दिलीप अवस्थी सहित क्षेत्र भर से भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# प्राथमिक शिक्षक संघ की जिला उपाध्यक्ष दिविषा सिंह का हुआ स्वागत

स्वतंत्र प्रभात



**लालगंज (रायबरेली)।** डलमऊ क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय अल्हौरा में शुक्रवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की जिला महिला उपाध्यक्षा दिविशा सिंह के प्रथम आगमन पर शिक्षक शिक्षिकाओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। शिक्षकों ने महिला नेत्री को माल्यार्पण कर सम्मानित किया। आयोजित समारोह में संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष योगेश सिंह, शिक्षा मित्र संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मी प्रताप सिंह, जूनियर शिक्षक संघ के जिला महामंत्री सियाराम सोनकर सहित शिक्षक, शिक्षिकाएं, अनुदेशक व शिक्षामित्रों ने उनका जोरदार स्वागत किया। दिविशा सिंह ने अपने मनोनयन को लेकर संघ के जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला, जिला महामंत्री मुकेश चन्द्र द्विवेदी, जिला कोषाध्यक्ष व ब्लॉक अध्यक्ष यादवेंद्र प्रताप सिंह सहित कार्य समिति के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। कहा कि संगठन को गति प्रदान करने व महिला शिक्षकों की समस्याओं को निस्तारित करने में उनकी जहां भी जरूरत होगी वह शिक्षक हित सर्वोपरि रखते हुए कार्य करेंगी। संघ के मंत्री कीर्ति मनोहर शुक्ला ने कहा कि दिविशा ब्लॉक इकाई में संगठन मंत्री के रूप में उल्लेखनीय योगदान दे चुकी हैं। उन्होंने शिक्षिकाओं की समस्याओं के प्रति समर्पित भाव से कार्य करते हुए संगठन को मजबूती प्रदान की है। निश्चित रूप से जिला कार्य समिति ने जो दायित्व दिया है उसे वह पूरे मनोयोग से निर्वहन करेंगी। जिला उपाध्यक्ष व ब्लाक संरक्षक सत्येश सिंह, जिला उपाध्यक्ष जटाशंकर बाजपेई, निशांत पांडेय, सुगंधा श्रीवास्तव, अंजू यादव, आंचल सिंह, सपना, मिथिलेश कुमारी, रितु यादव, सिद्धि बाजपेई, रूपम भारती, सुरभि तिवारी, शोभा रानी तिवारी, सरस्वती तिवारी, अनीता सिंह, कुसुम सिंह, अर्निका अग्रवाल, प्रिया सिंह, आशा शुक्ला, अलका सिंह सहित शिक्षकों ने दिविशा के उपाध्यक्ष बनाए जाने पर खुशी व्यक्त की है।


## लोकसभा चुनाव को शांति पूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु प्रत्याशियों के साथ बैठक

**बलरामपुर**-लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष , शांतिपूर्ण ,भयमुक्त , प्रलोभन मुक्त , समावेशी रूप से संपन्न कराए जाने हेतु संसदीय सीट श्रावस्ती एवं गैंसड़ी विधानसभा उपचुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों के साथ डीएम /जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद सिंह , सामान्य प्रेक्षक किशोर कुमार , व्यय प्रेक्षक जी वेंकटेश्वर, एसपी केशव कुमार द्वारा बैठक की गई। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने कहा कि सभी प्रत्याशी आदर्श आचार संहिता का शत प्रतिशत पालन करें, नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही विधिक रूप से की जायेगी।

# भाजपा द्वारा आयोजित अनुसूचित जाति सम्मेलन हुआ सम्पन्न

**● विपक्ष पर राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने जमकर साधा निशाना**

स्वतंत्र प्रभात



**जलालपुर,अम्बेडकर नगर ।** अनुसूचित जाति सम्मेलन का आयोजन एक मैरिज हॉल में जिला मंत्री चंद्रिका प्रसाद के संयोजन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी और संविधान निर्माता भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का बखान करते हुए पूर्ववर्ती सरकारों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि महिलाओं का स्वाभिमान सिर्फ भाजपा सरकार में सुरक्षित हुआ है। मोदी सरकार में ही पहली बार रामनाथ कोविंद और द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाया गया।भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के सम्मान का मतलब देश के संविधान का सम्मान, भारत की संसदीय प्रणाली का सम्मान। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीबों, दलितों और वंचितों को उनका अधिकार देने का काम किया।आज यूपी में डबल इंजन की सरकार है, मोदी और योगी के राज में, गुंडाराज ने उत्तर प्रदेश से पलायन कर लिया है।जिला अध्यक्ष त्र्यंबक तिवारी ने कहा कि बाबा साहेब का सपना केवल भारतीय जनता पार्टी साकार कर सकती है।उन्होंने ने केंद्र और प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए भाजपा प्रत्याशी को जिताकर तीसरी बार मोदी सरकार बनाने की अपील की। लोकसभा प्रत्याशी रितेश पांडे ने कहा कि हम सब जानते हैं कि भाजपा सबका साथ, सबका विश्वास, सबका प्रयास इस मंत्र को लेकर चलती है,इंडी गठबंधन परिवारवादियों और भ्रष्टाचारियों का जमावड़ा है।उन्होंने कहा कि भाजपा संविधान की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। लोकसभा प्रभारी धर्मेंद्र सिंह टिल्लू ने कहा कि राजनीति में वोट का बहुत महत्व है। सही जगह वोट पड़ता है तो विकास होता है और गलत जगह वोट पड़े तो विनाश हो जाता है।उन्होंने अपने संबोधन में कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर जमकर हमला बोला। कार्यक्रम की समापन की घोषणा करते हुए पूर्व जिलाध्यक्ष राम प्रकाश यादव ने सभी का आभार व्यक्त किया। विधानसभा मीडिया संयोजक विकाश निषाद ने बताया कि प्रमुख रूप से लोकसभा संयोजक अवधेश द्विवेदी,अनु. मो. जिलाध्यक्ष विनोद कुमार,अनु. मो.जिला महामंत्री अंकित मंडेला ,अविनाश सोनकर, विधानसभा प्रभारी राजेश सिंह, विधानसभा संयोजक अनंत राम मिश्र,ब्लॉक प्रमुख गौरव सिंह, त्रिभुवन नाथ, राजेश कुमार, कौशलेंद्र निराला, शीला देवी, राम जन्म, फूलचंद, जितेंद्र ,ममता, प्रभाकर, राम सकल ,अवधेश कुमार ,रमेश चंद्र, अमित राज, रमेश कुमार विजय बहादुर, मंडल अध्यक्ष रविंद्र भारती, विस्तारक घनेश मिश्र ,तिलकधारी गौतम, परशुराम चौधरी, डिंपल, सभासद सुलेखा गौतम,केतकी शर्मा,सांसद प्रतिनिधि आशुतोष उपाध्याय, नगर अध्यक्ष देवेश मिश्र, मंडल अध्यक्ष राजाराम मौर्य, सुनील गुप्ता, अनिल वर्मा, शुभम पांडे, प्रेमचंद, विक्की गौतम , गौतम , लालचंद, आशीष सोनी, अमित मद्धेशिया, सोनू गौड समेत कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मिझौड़ा चीनी मिल द्वारा गोष्ठी का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात




**अंबेडकरनगर।** बलरामपुर चीनी मिल इकाई अकबरपुर मिझौड़ा चीनी मिल द्वारा ग्राम सभा चंदापुर में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया।जिसमें करीब 5 करोड़ की लागत से ड्रोन कैमरे का डेमो दिखाया गया।जिससे कीटनाशक दावाओ का छिड़काव किया जाता है। जो काम छोटी मशीन कई घंटे में करती हैं वही काम ड्रोन द्वारा आधे घंटे में ही कर देती है गन्ने के पैदावार के बारे में बलरामपुर चीनी मिल के जीएम द्वारा बताया गया की आज हमारे पास नैनो डीएपी उपलब्ध है। जिसकी लागत छः सौ है और यह एक एकड़ में काम करती है यह तकनीक विश्व की भारत में नंबर एक पर आती है ऐसी तकनीक और किसी भी देश में नहीं है नैनो दवा एक सफेद दूधिया रंग का जलीय नैनो उर्वरक है नैनो डीएपी कपास गेहूं धान मक्का आलू टमाटर गोभी दाल प्याज लहसुन दलहन तिलहन में प्रयोग किया जा सकता है ज्यादातर इसे गान्ने में प्रयोग किया जाता है।

**नैनो डीएपी की कार्य पद्धति**

नैनो डीएपी प्रकाश संश्लेषण एवं अन्य एंजाइम गतिविधि में सहायता करने के लिए पौधों में फास्फोरस की महत्वपूर्ण जरूरत को पूरा करती है नैनो डीएपी में पॉलीमर कैप्सूल में डीएपी जो नैनो आकर 100 एनएम के होते हैं नैनो डीएपी कारण नियंत्रित तरीके से डीएपी छोड़ते हैं और पौधों में आंतरिक रूप से उचित फास्फोरस की उपलब्धता सुनिश्चित करते हैं उन्होंने डीएपी में विभिन्न स्थानों एवं फसलों पर और देश भर में 18 आईसीएआर संस्थाओं और विश्वविद्यालय में संचालित परीक्षणों के दौरान सकारात्मक परिणाम दिए हैं में प्रतिदिन 10 लाख नैनो डीएपी तैयार किया जाता है इस मौके पर जितेंद्र कुमार सिंह डिप्टी जनरल मैनेजर ड्रोन टेक्नीशियन सर्विसेज है इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बलरामपुर चीनी मिल की जेएम रहे। वही किस में मुख्य रूप से चंद पुर निवासी संतोष तिवारी जगदीश प्रसाद तिवारी बृजेश पांडे समांथा निवासी जगदीश मिश्रा इटवा प्रधान चंदापुर प्रधान त्रिलोकी तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

# लोकसभा चुनाव में आठ प्रत्याशी मैदान में, चुनाव चिह्न आवंटित

स्वतंत्र प्रभात




**अंबेडकरनगर।** लोकसभा चुनाव में बृहस्पतिवार को प्रक्रिया के दौरान एक भी नामांकन पत्र वापस नहीं हुए। प्रशासन ने इस बीच सभी आठ प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न आवंटन का कार्य भी पूरा कर दिया। छठे चरण के चुनाव के लिए कुल 16 प्रत्याशियों ने नामांकन किया था। आठ के नामांकन पत्र जांच में खारिज हो गए। बृहस्पतिवार को इन सभी आठ प्रत्याशियों के सामने नाम वापस लेने का मौका था लेकिन किसी ने अपना नामांकन पत्र वापस नहीं लिया। प्रशासन ने इस पर सभी आठ प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न भी आवंटन कर दिया।भाजपा के रितेश पांडेय को कमल, सपा के लालजी वर्मा को साइकिल, बसपा के कमर हयात को हाथी चुनाव चिह्न के अलावा मूल निवासी पार्टी की नीलम सिंह को हॉकी और बॉल, भागीदारी पार्टी पी के रामनरेश प्रजापति को छड़ी, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के विवेक कुमार को बांसुरी, पीस पार्टी को कांच का गिलास व निर्दलीय जावेद अहमद सिद्दीकी को चारपाई चुनाव चिह्न आवंटित किया गया।उधर जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह ने सभी प्रत्याशियों को पत्र जारी कर कहा है कि खर्चे के रजिस्टर का पहला निरीक्षण कलेक्ट्रेट में 11 मई को कराना होगा। दूसरा निरीक्षण 17 मई को तथा तीसरा निरीक्षण 23 मई को कराना अनिवार्य है। सभी खर्चे अलग से खोले गए बैंक खातों के माध्यम से होगा। दैनिक खर्च का विवरण निर्धारित समय पर प्रस्तुत न किए जाने की स्थिति में संबंधित प्रत्याशी के विरुद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।

## अक्षय तृतीया पर बांकेबिहारी के चरण दर्शन से मिलेगा बद्रीनाथ का फल

**अलीगढ़,।** भगवान राधाकृष्ण के चरणों की पवित्र रज में साधनारत भक्तों को बद्रीनाथ दर्शन का पुण्य न मिले, ये संभव नहीं है। भक्तों को इसी रज में साधना करते हुए बद्रीनाथ दर्शन का पुण्य दिलाने को ठा. बांकेबिहारी के प्राकट्यकर्ता स्वामी हरिदास ने करीब पांच सौ वर्ष पहले खास परंपरा की शुरुआत की। इस दिन स्वामी हरिदास ने अपने लड़ैते ठाकुर बांकेबिहारी के संतों को चरण दर्शन करवाए। तभी से वर्ष में एक ही दिन ठाकुर बांकेबिहारीजी अपने भक्तों को चरण दर्शन देते हैं। ठाकुरजी के चरणों में चंदन गोला अर्पित किए जाते हैं। ठाकुरजी धोती-कुर्ता के साथ स्वर्ण आभूषण धारण कर भक्तों को दर्शन देते हैं। अक्षय तृतीया के दिन प्राचीन परंपरा के अनुसार, ठाकुर जी को चंदन की प्रसाद समर्पित की जाती है। वार्ष्णेय मंदिर सोसायटी, के मीडिया प्रभारी एवम प्रवक्ता भुवनेश वार्ष्णेय आधुनिक ने बताया मथुरा वृन्दावन की तरह अलीगढ महानगर स्थित वार्ष्णेय मंदिर पर चंदन घिसकर सुखाया जा रहा है, फिर इसका गोला बनाकर ठाकुरजी के चरणों में अर्पित करेंगे। अक्षय तृतीया पर चरणों में अर्पित चंदन गोला का प्रसाद भक्तों में बांटा जाएगा। अक्षय तृतीया शुक्रवार को प्रातः10 बजे से चरण दर्शन कार्यक्रम प्रारम्भ होगा । आप सभी भक्त सादर आमंत्रित हैं ।

## दिव्यांगजन दुकान संचालन योजनान्तर्गत ऋण के लिए करें आवेदन

अलीगढ़,। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित दिव्यांग दुकान निर्माण एवं संचालन योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में लक्ष्य के अनुरूप जिले के दिव्यांगजनों को लाभान्वित किया जाना है। दुकान निर्माण एवं संचालन योजनान्तर्गत दुकान संचालन के लिए 10 हजार रूपये एवं दुकान निर्माण के लिए 20 हजार रूपये की धनराशि प्रदान की जाती है, जिसमें 25 प्रतिशत धनराशि अनुदान होती है एवं 75 प्रतिशत धनराशि 4 प्रतिशत वार्षिक साधारण ब्याज की दर पर ऋण के रूप में दी जाती है। प्रदत्त ऋण को 4 प्रतिशत साधारण ब्याज के साथ ट्रेजरी चालान के माध्यम से वसूल किया जाता है। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी रोहित कुमार ने उक्त जानकारी देते जिले के सभी पात्र दिव्यांगजनों को सूचित किया है कि वह किसी भी जनसेवा केन्द्र, लोकवाड़ी केन्द्र अथवा निजी कम्प्यूटर द्वारा योजनान्तर्गत अपना आवेदन आय प्रमाण पत्र, दिव्यांग प्रमाण पत्र, बैंक खाता, फोटो, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न कर ऑनलाइन पोर्टल पर भरवाने के उपरान्त आवेदन का मूल प्रिन्ट हस्ताक्षर करने के पश्चात उक्त सभी संलग्नकों की छाया प्रति के साथ किसी भी कार्य दिवस में विकास भवन स्थित जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी कार्यालय कक्ष संख्या जी-08 में प्राप्त कराना सुनिश्चित करें, ताकि शासन के निर्देशानुसार योजनान्तर्गत अधिक से अधिक दम्पत्तियों को लाभांन्वित करने की कार्यवाही की जा सके।

# प्रेमी की पत्नी ने सहयोगियों के साथ मिलकर की प्रेमिका व उसकी बेटी की हत्या, पुलिस ने किया खुलासा

स्वतंत्र प्रभात

**उन्नाव।** प्रेमी की पत्नी ने सहयोगियों के साथ मिलकर प्रेमिका व उसकी बेटी की गला घोंट हत्याकर शवों को हसनगंज थाना क्षेत्र के आगरा लखनऊ एक्सप्रेस-वे स्थित ताला सराय गांव के पास फेंक दिया था। शवों की पहचान मां ने अपनी बेटी व मासूम नातिन के रूप में की है। हसनगंज पुलिस ने मां की तहरीर पर प्रेमी की पत्नी समेत उसके सहयोगियों पर हत्या व साक्ष्य छुपाने की धाराओं में केस दर्ज छानबीन में जुटी हुई है। वारदात में प्रयोग की गई कार व दम्पति समेत चार को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

बतातें चलें कि हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ आगरा एक्सप्रेस वे की सर्विस लाइन स्थित ताला सराय गांव के पास बीते मंगलवार सुबह हत्यारोपियों ने गला घोंट हत्या कर अज्ञात मां बेटी के शव फेंक दिया था। मिले पर्स की पुलिस से जांच पड़ताल की गई। हरदोई के लखनऊ रोड मन्ना पुरवा के सुनील कुमार ज्वैलर्स के पास पुलिस पर्स व विजिटिंग कार्ड लेकर दुकान पहुंची। जहां एसपी से गठित चार सदस्यीय टीम ने ज्वैलर्स दुकानदार को मृतका अज्ञात मां बेटी की फोटो दिखाकर पहचान कराई। तब दुकानदार ने एक मोबाइल नंबर दिया। मोबाइल के आधार पर जांच टीम ने लखनऊ थाना पारा के स्टेट लान के पास रहने वाली दम्पति को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पुलिस पूछताछ के बाद पुलिस लखीमपुर खीरी के कांशीराम कॉलोनी निवासी सुरेश तिवारी की पत्नी सीमा तिवारी के घर पहुंची। उसके बाद सीमा ने शवों की पहचान अपनी बेटी रोशनी तथा मासूम नातिन दिव्या के रूप में की है। सीओ हसनगंज संतोष सिंह ने बताया कि मां सीमा की तहरीर के आधार पर लखनऊ थाना पारा के स्टेट लॉन निवासी बब्ली पत्नी मोनू मौर्य व उसके सहयोगियों पर हत्या समेत साक्ष्य छुपाने की धाराओं में केस दर्ज किया गया है। आरोपितों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने दम्पत्ति को हिरासत में लेकर वारदात के संबंध में पूछताछ में जुटी हुई है। बताया जा रहा है कि छोटू तिवारी से मृतका रोशनी के एक बेटी दिव्या थी। मृतका रोशनी का बबली के पति भट्ठा मालिक मोनू मौर्य से संबंध हो गया था। बबली से कई बार मना करने के बाद भी मिलना जारी था। रास्ते से हटाने के लिए बबली ने सुनियोजित ढंग से हत्या की योजना बनाकर रोशनी व उसकी बेटी दिव्या को मौत के घाट उतारकर सर्विस लाइन किनारे शव फेंक दिया था। घटना में शामिल एक कार व मोनू के पड़ोस में ही रहने वाले युवक सहित अन्य चार लोगों से पुलिस पूछताछ कर रही है। बताया जा रहा है कि मृतका रोशनी व भट्ठा मालिक मोनू बीते कई सालों से एक साथ लीव इन रिलेशनशिप में रह रहे थे। चोरी छुपे दोनों ने शादी कर ली थी। 5 मई को मृतका रोशनी के साथ मोनू ने शादी की सालगिरह भी मनाई थी। जानकारी होने पर मोनू की पत्नी बबली झुल्ला गई। उसके बाद बबली ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर 6 मई की रात को रोशनी व उसकी बेटी दिव्या की हत्या कर दी थी। 7 मई की सुबह उसका शव एक्सप्रेस वे की सर्विस लाइन के किनारे पड़ा हुआ मिला था।

# मॉडल बूथों में वृद्धों व महिलाओं के लिए होगी विशेष सुविधाएं

**● - लोकसभा चुनाव के लिए जिले में बनेंगे एक हजार मॉडल पोलिंग बूथ**




उन्नाव। जनपद में बनाए जाने वाले एक हजार मॉडल बूथों पर वृद्धों व महिलाओं के लिए विशेष सुविधाओं की व्यवस्था की जाएगी। हर विधानसभा में मॉडल पोलिंग बूथ बनाए जाएंगे। मॉडल पोलिंग बूथ के लिए जिला प्रशासन ने कवायद शुरू कर दी है।

बताते चलें कि वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में वोटिंग प्रतिशत बढ़े इसके लिए जिला प्रशासन कई तरह की कवायदों में जुटा हुआ है। इसी कड़ी में जनपद में मॉडल पोलिंग बूथों की रूपरेखा तैयार की गई है। जिले में छह विधानसभाएं (सदर, सफीपुर, बांगरमऊ, मोहान, पुरवा व भगवंतनगर) हैं। सभी विधानसभाओं में एक हजार मॉडल पोलिंग बूथ बनाए जाएंगे। इन मॉडल बूथों में सभी व्यवस्थाएं की जाएंगी। विकलांगों के लिए रैंप, प्रकाश के लिए बिजली व्यवस्था, पानी, शौचालय और आने-जाने के लिए अलग रास्ता होगा। वृद्धों के लिए आराम करने की कुर्सियां होंगी। महिलाओं के साथ आने वाले बच्चों को खेलने के लिए खिलौने, गुब्बारों की व्यवस्था रहेगी। इसके अलावा अन्य सारी व्यवस्थाएं दुरुस्त कर उसे आदर्श पोलिंग बूथ बनाया जाएगा। बूथों पर बीएलओ समेत अन्य चुनाव अफसरों का नाम व मोबाइल नंबर अंकित होंगे। इस बूथ से संबंधित क्षेत्रों में पहले से ही वोटरों के पास मतदाता पर्ची पहुंचा दी गई होगी। इन बूथों में विशेष सजावट की जाएगी। जिला निर्वाचन अ?धिकारी गौरांग राठी ने बताया कि सभी विधानसभाओं में

# संक्षिप्त ख़बरें

## सड़क हादसे में दो सगे भाइयों की मौत

**उन्नाव।** अज्ञात वाहन से बाइक में टक्कर लगने से हुए सड़क हादसे में दो सगे भाइयों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आधार कार्ड शवों की पहचान कर परिजनों को सूचना दी और कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। एक ही परिवार के दो लोगों की एक साथ मौत से परिजनों में कोहराम मचा है। घटना दही थाना क्षेत्र के पुरवा-मौरावा मार्ग पर दरोगाखेड़ा गांव के पास की है। बताते चलें कि गोपालखेड़ा के रहने वाले राधेलाल के दो बेटों में अनुज (30) और पप्पू (25) सुबह लखनऊ-कानपुर हाईवे पर लोन नदी के पास संचालित ढाबा पर काम करने जा रहे थे। अनुज ढाबे में खाना बनाने और पप्पू साथ में हेल्पर का काम करता थे। बाइक पर सवार दोनों भाई दही थाना क्षेत्र के दरोगाखेड़ा गांव के पास पहुंचे। तभी पीछे से आए तेज रफ्तार वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों भाइयों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची दरोगा खेड़ा चौकी पुलिस ने शवों की पहचान के बाद परिजनों को सूचना देकर आवश्यक कार्रवाई की। घटना के समय बाइक सवार हेलमेट नहीं लगाए हुए थे। अनुज की पत्नी मन्नो के एक बेटी यशी और बेटा यश है। पप्पू अविवाहित था। परिजनों ने लखनऊ में एक संस्था के माध्यम से शादी का रजिस्ट्रेशन कराया था। पिता राधेलाल और बड़े भाई मनोज गांव में ही किसानी करते हैं। दो बेटों की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख पुकार मच गई और गांव में मातम पसर गया। थाना प्रभारी अनुराग सिंह ने बताया कि बाइक सवार दो भाई सड़क हादसे का शिकार हो गए हैं। परिजनों से तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## 26मई को हमीरपुर के चार शिक्षकों को बरेली में उत्तर प्रदेश पारस रत्न सम्मान 2024 से सम्मानित किया जाएगा



**हमीरपुर-** समाजसेवी संस्था पारस एजुकेशनल सोसायटी उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में बरेली में आयोजित कार्यक्रम में 26 मई को हमीरपुर के चार शिक्षक भुवनेश तिवारी ( राज्य अध्यापक पुरस्कृत), हरिमोहन गुप्ता, आशीष कुमार, अनीता कौशल को बरेली में उत्तर प्रदेश पारस रत्न सम्मान 2024 से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान शिक्षा एवं साहित्य के क्षेत्र में विशेष योगदान देने हेतु दिया जाएगा। यह सम्मान पारस एजुकेशनल सोसायटी द्वारा दिया जाता है। चारों शिक्षक अपने-अपने क्षेत्र में छात्रों के हित के लिए विशेष रूप से प्रयासरत करते रहते हैं। विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में भी विद्यालय से प्रति वर्ष बच्चे निकलते हैं। इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के अलावा अन्य राज्यों से भी 111 शिक्षक, साहित्यकार एवं खिलाड़ी सम्मानित होंगे। यह कार्यक्रम 26 मई को बरेली के अर्बन कोऑपरेटिव बैंक सभागार में आयोजित किया जाएगा।

## सपा प्रत्याशी ने घर-घर जाकर माँगे वोट



**बिवाँर(हमीरपुर)-** आगामी 20 मई को वोटिंग को लेकर सभी पार्टियों के प्रत्याशियों द्वारा प्रचार प्रसार पूरे ज़ोर शोर से किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार के दिन सपा प्रत्याशी अजेंद्र सिंह राजपूत ने कस्बा बिंवार सहित क्षेत्र के अन्य गावों में घर-घर जाकर वोट माँगे और वर्तमान भाजपा सरकार की आलोचना की। कहा कि बीते दस सालों में सरकार ने कुछ नहीं किया है , रोजगार ,सड़क ,बिजली , पानी और अन्य मूलभूत सुविधाओं के बारे में कोई ध्यान नहीं दिया गया है। देश की भोली भाली जनता को मंदिर-मस्जिद के मुद्दों में उलझाए रहती है इसलिए इंडिया गठबंधन को वोट करें और लोक हितकारी सरकार बनाएँ।कहा अगर इंडिया गठबंधन की सरकार बनती हैं तो युवाओं को रोजगार के नए अवसर प्रदान मिलेंगे ,किसानों के ऋण माफ होंगे और सालों से अपनी माँगों के लिए संघर्ष कर रहे किसानों की हितकारी योजनाएं कार्यान्वित की जाएंगी साथ की महंगाई पर लगाम लगाई जाएगी।

## भगवान परशुराम जयंती धूमधाम से मनाई



**सहारनपुर।** परशुराम सामाजिक संस्था के द्वारा आज भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव एवं अक्षय तृतीया का पावन पर्व पर मनाया गया। सिद्ध मृत्युंजय महादेव मंदिर ग्राम मल्हीपुर मे आयोजित कार्यक्रम मे भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके बताये गये मार्ग पर चलने का आह्वान किया गया। परशुराम सामाजिक संस्था के अध्यक्ष विनोद शर्मा ने बताया कि आज श्री परशुराम जन्मोत्सव एवं अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर विधि विधान के साथ हवन किया गया। उन्होने बताया कि 19 मई को भव्य शोभायात्रा निकाल जायेगी। कार्यक्रम मे भंडारे का भी आयोजन किया गया जिसमे लोगो ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया। कार्यक्रम मे परशुराम सामाजिक संस्था के अध्यक्ष विनोद शर्मा, विपिन शर्मा, राहुल शर्मा, हेमंत जोशी, अनिल शर्मा, मनोज कपिल, विकास शर्मा, मोनू पंडित, सचिन, पंकज पंडित, सागर शमा, अमित पंडित, सुमित वर्मा आदि मौजूद रहें।

## पुत्र ने किये माता के मरणोपरान्त नेत्रदान



**सहारनपुर।** पुत्र ने अपनी माता के मरणोपरान्त उनके नेत्रों का दान कर दूसरों के जीवन में उजाला लाने का सार्थक प्रयास किया। रोशनी आई बैंक के अध्यक्ष सूरज जैन ने बताया कि रोशनी आई बैंक टीम को जानकारी मिली कि मल्हीपुर बाला जी ज्वैलर्स के स्वामी राकेश जैन अपनी माता श्रीमती उषा रानी जैन के मरणोपरान्त उनकी इच्छानुसार उनके नेत्रों का दान करना चाहते हैं। टीम ने मौके पर पहुंचकर नेत्रदान की प्रक्रिया पूर्ण कर ली। टीम में मुख्य रू से चीफमेडिकल डायरेक्टर डा.श्वेता, आई टैक्नीशियन सूरज जैन, सिया कश्यप, कमल जैन सुदेश जैन, अनुज जैन शामिल रहे। सूरज जैन ने बताया कि अब तक 942 नेत्रों का संकलित किया जा चुका है।

## रिजर्व पुलिस लाइन परेड ग्राउंड पर की गई परेड,

यू0पी0 112 के वाहनों का किया गया निरीक्षण-



**हरदोई** पुलिस अधीक्षक केशवचंद गोस्वामी द्वारा शुक्रवार की परेड रिजर्व पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड पर कराते हुये परेड की सलामी ली गई। सलामी ग्रहण करने के उपरांत पुलिस बल की दौड़ कराई गई एवं टोली वार परेड ड्रिल का निरीक्षण करते हुए परेड ड्रिल के संबंध में जानकारी दी गई तथा यू0पी0-112 पीआरवी वाहनों का निरीक्षण कर संबंधित को पीआरवी के मानक के अनुसार समस्त आवश्यक उपकरणों को अपने पास रखने व उनके सुव्यवस्थित रखरखाव हेतु निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त समस्त थानों पर भी शुक्रवार की परेड करायी गयी। शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए समस्त पुलिस कर्मियों से दौड़ लगवायी गयी एवं अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए ड्रिल भी करवाया गया। इसके पश्चात क्वार्टर गार्ड, शस्त्रागार, जीडी कार्यालय, पुलिस लाइन भवन व लाइन में स्थित मेस में जाकर खाने की गुणवत्ता को परखा व मेस की साफ सफाई पर विशेष ध्यान रखने हेतु मेस प्रभारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर/लाइन, प्रतिसार निरीक्षक व पुलिस लाइन के अन्य अधि0/कर्म0गण मौजूद रहें।

# एनसीसी का 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का समापन



**सहारनपुर।** 26 यूपी गर्ल्स वाहिनी का 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आज विधिवत समापन विद्या देवी कन्या महाविद्यालय, जन्धेड़ा समसपुर में हुआ। शिविर 1 मई से 10 मई 2024 तक लगाया गया। एनसीसी के पाठ्यक्रम में ए, बी व सी प्रमाण पत्र परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु एक प्रशिक्षण शिविर पूर्ण करना आवश्यक है। इस कैम्प में मिलिट्री विषयों की अच्छी जानकारी कैडेटों को दी जाती है, जैसे हथियार प्रशिक्षण, मैप रीडिंग, युद्ध कौशल की जानकारी, सैन्य इतिहास, फायरिंग, टैन्ट पीचिंग, बाघा प्रशिक्षण आदि। शिविर में कैडेट अनुशासन के साथ समय सारणी का पालन करते हैं, इस अवधि में वह सोशल मीडिया से भी दूर रहते है। कैडेटों को व्यक्तित्व विकास से संबंधित कक्षाएं, सिविल डिफेन्स ऑफिस सहारनपुर के अधिकारीगणों के द्वारा दी गयी। डिप्टी कैम्प कमान्डेन्ट मेजर शशि सिंह ने कैडेटों को अनुशासन के सर्वोत्तम स्वरूप- आत्मानुशासन, समय- प्रबन्धन और कठिन परिश्रम को अपने जीवन में अंगीकार करने की सलाह दी। उन्होनें बताया कि बालिकाओं को स्वयं को बालकों से किसी भी प्रकार से कम नहीं समझना चाहिये । अपने सामने आये अवसरों का उचित लाभ उठाना चाहिये और साहस एवं विवेक से काम लेना चाहिये, क्योंकि आजकल बालिकाएं आसमान को छू रही है । इस कैम्प में 26 उ.प्र. बालिका वाहिनी एनसीसी, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, मवाना और मेरठ में स्थित एनसीसी बटालियनों के विभिन्न विधालयों एव महाविधालयों की 425 एनसीसी कैडेटों सहित महिला एएनओ/सीटीओ, 26 26 उप्र बालिका वाहिनी एनसीसी के 2 आफिसर, 4 जेसीओ, 09 पीआई स्टाफ, 9 सिविलियन स्टाफआदि ने सहयोग किया। शिविर को सफल बनाने में सभी का सहयोग रहा।

# मतदाता जागरूकता पाठशाला का किया गया आयोजन

**● - प्रशोंत्तरी प्रतियोगिता और रैली के माध्यम से दिया गया संदेश, दिलायी गयी शपथ**

स्वतंत्र प्रभात

**उन्नाव।** मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन जीनियस पब्लिक इण्टर कॉलेज, गंज मुरादाबाद में किया गया। अभियान की शुरुआत विद्यार्थियों एवं आमजन के बीच एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमे सभी उपस्थित विद्यार्थियों एवम जनमानस को मतदाता जागरूकता शपथ दिलाई गई। विद्यार्थियों ने स्थानीय मोहल्लों में मतदाता जागरूकता रैली निकालकर वोट देने के लिए अपील की। बताते चलें कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीओ बांगरमऊ अरविंद चौरसिया ने उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि निर्भीक होकर निष्पक्ष रूप से बीना किसी लोभ-लालच के मतदान तिथि पर सभी को मतदान करने अवश्य जाना है। देश का भविष्य युवा के हाथों में है, इसलिए आप सब की जिम्मेदारी है कि आपके बूथ पर शत प्रतिशत मतदान हो सके। यदि किसी तरह का असुविधा उत्पन्न होता है तो आप सभी पुलिस प्रशासन को सूचना दे सकते है। विशिष्ट अतिथि आदर्श कुमार पांडेय ने कहा कि हर भारत का नागरिक टैक्स देता है, सरकार बनाने का पावर है, फिर हम इस महापर्व पर आलस्य करके मतदान करने नही जाते है जिससे गलत सरकार हम पर शासन करने लगती है। उन्नाव में मतदान तिथि 13 मई को मतदान केंद्र पर जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर से जरूर करना चाहिए। कार्यक्रम का सफल संचालन जय सिंह, क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी, लखनऊ ने किया और मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रचार प्रसार और जागरूकता अभियान की सार्थकता होगी जब हम सब अधिकार समझकर हर वोटर को बूथ पर वोट देने भेजेंगे। इस अवसर पर विद्यार्थियों एवं आमजन के बीच मतदाता जागरूकता संबंधी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया और विजयी प्रतिभागियों को विभाग की तरफ से



बारह आकर्षण पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। उपस्थित जन समूह और विद्यार्थीयों को ''वोट जरूर डालेंगे'' स्लोगन वाली मिनी स्टीकर और पंपलेट इत्यादि वितरित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में अरविंद चौरसिया, क्षेत्राधिकारी, बांगरमऊ और विशिष्ट अतिथि के रूप में आदर्श कुमार पांडेय, प्रधानाचार्य व जुल्फिकार अली, प्रबंधक, जीनियस पब्लिक इण्टर कालेज व शिवम पांडेय, सुश्री रामकांती इत्यादि मौजूद रहे। इस अवसर पर जितेंद्र पाल सिंह, राम कुमार, मोती लाल, लाल बहादुर कनौजिया, आशीष यादव, भद्रसेन आर्या, अग्रसेन आर्या, राजेश कुमार सहित लगभग 250 विद्यार्थी व विशिष्ट गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# स्वीप (SVEEP) कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर मतदाताओं को मतदान के प्रति किया गया जागरूक

स्वतंत्र प्रभात



**संतकबीरनगर।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह तंवर के निर्देश के क्रम में "व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी (स्वीप)" SVEEP (Systematic Voter's Education and Electoral Participation) कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्य विकास अधिकारी/स्वीप नोडल अधिकारी संत कुमार की अध्यक्षता में प्रभा देवी महाविद्यालय खलीलाबाद एवं ब्लूमिंग बड्स एकेडमी खलीलाबाद, संत कबीर नगर के लगभग 1000 छात्र/छात्राओं द्वारा मतदाता जागरुकता कार्यक्रम प्रभादेवी महाविद्यालय खलीलाबाद कैम्पस में आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में डी0सी0 मनरेगा प्रभात द्विवेदी, जिला पंचायतराज अधिकारी अविनाश कुमार, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी प्रवीण कुमार मिश्र, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह, खण्ड विकास अधिकारी-खलीलाबाद विजय कुमार सिंह के साथ-साथ एम0डी0 प्रभा एजूकेशन ग्रुप श्रीमती पुष्पा चतुर्वेदी, समन्वयक विजय कुमार राय, प्रधानाचार्य प्रमोद त्रिपाठी, श्रीमती मीरा भारती प्राधानाध्यपिका प्राथमिक विद्यालय उस्का खुर्द, संत कबीर नगर आदि लोग उपस्थित रहे।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा छात्र/छात्राओं को सम्बोधित करते हुए उनकों मतदान दिवस दिनांक-25 मई, 2024 को उनके बूथ पर जाकर मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया एवं लोकतंत्र में उनकी महत्वपूर्ण भागीदारी के महत्व के बारे में बताया गया। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी द्वारा सभी छात्र/छात्राओं को मतदाता शपथ भी दिलायी गयी। समस्त छात्र/छात्राओं द्वारा प्रभादेवी महाविद्यालय खलीलाबाद, संत कबीर नगर के गेट कैम्पस से मतदाता जागरुकता रैली निकाली गयी, जो बिधियानी चौराहा मधुकुंज टाकिज होते हुए पुनः कैम्पस में समाप्त हुई। उक्त रैली में छात्र/छात्राओं द्वारा स्लोगन एवं गीत के माध्यम से मतदान हेतु मतदाताओं को जागरुक किया गया।

# श्रद्धा पूर्वक मनाया स्वामी तुरीयानन्द महाराज का 53वां निर्वाण दिवस

**● - स्वामी विवेकानंद गिरि ने आध्यात्मिक प्रगति के अनिवार्य तत्वों पर प्रकाश डाला**

**सहारनपुर 10 मई।** स्वामी तुरीयानन्द महाराज का 53वां निर्वाण दिवस श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विशाल भण्डारे का भी आयोजन किया गया। मण्डी समिति रोड कृष्णा नगर स्थित सिद्धपीठ स्वामी तुरीयानन्द सत्संग सेवा आश्रम में गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर पं.दीपक अग्निहोत्री द्वारा प्रातः हवन यज्ञ किया गया। गद्दीनशीन श्रीश्री 1008 स्वामी विवेकानन्द गिरी महाराज ने विशाल संगत को आध्यात्मिक प्रगति के अनिवार्य तत्वों के विषय में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक मनुष्य का उसका अपना जीवन दर्शन होना चाहिए, उसके बिना प्रगति असंभव है। उन्होंने सम्यक संकल्प के विषय में विस्तार से बताया जिसका अर्थ दृढ आत्मविश्वास होता है, जिसे प्रत्येक साधक को अपने जीवन में उतारना ही होगा। श्री महाराज ने कहा कि कहा कि जब एक व्यक्ति जब जीवन के किसी भी क्षेत्र में अपने को व्यक्त करता है तो उसे अपने ऊपर नियमित व नियंत्रण रखना चाहिए। इसी को सम्यक वाक कहते हैं। स्वामी विवेकानंद गिरी महाराज ने कहा कि मनुष्य को शारीरिक व्यायाम के साथ-साथ मानसिक व आध्यात्मिक व्यायाम भी करना चाहिए। जब कोई कार्य शुरू किया जाता है तो उसे कुशलतापूर्वक और सुन्दर तरीके से उसका समापन भी करना चाहिए। किसी भी कार्य को अपूर्ण अवस्था में मत छोड़ो, कार्य का समापन हमेशा सुंदर होना चाहिए।

श्री महाराज ने कहा कि परमात्म का स्मरण करना अपने इष्ट मंत्र का जाप करना सबसे बड़ा कर्तव्य है। उन्होंने उदाहरण देते हुए समझाया कि जब हम कोई संगीत की उत्कृष्ट मनोरम सुंदर लहरों को सुनते हैं तो हम उसमें खो जाते हैं, इसी प्रकार परमसत्ता परम पुरूष का ध्यान करते हो तब तुम्हारा मन उनमें खो जाता है यही सम्यक समाधि हुई। कार्यक्रम के अंत में श्री महाराज ने श्रद्धालुओं को अपना आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्वामी तुरीयानंद ट्रस्ट के प्रधान ओम प्रकाश अरोडा, उप प्रधान महिन्द्रपाल ढल्ल, महामंत्री प्रवीन वधावन, कोषाध्यक्ष अमित वत्ता, ज्वाईट सेक्रेटरी सुभाष चंद मल्होत्रा, ट्रस्टी सुदर्शन बजाज आदि मौजूद रहे। अंत में विशाल भण्डारे का आयोजन कर प्रसाद वितरित किया गया।

# स्मार्ट सिटी के तहत जनमंच सभागार के निकट निर्माणाधीन कन्वेशन हॉल के एक कॉलम में लगे मैटरियल का परीक्षण करते सीईओ संजय चौहान

**● - स्मार्ट सिटी सीईओ ने स्मार्ट सिटी की दो परियोजनाओं का निरीक्षण किया**

स्वतंत्र प्रभात




**सहारनपुर।** स्मार्ट सिटी के तहत जनमंच सभागार के बराबर में कंवेशन हॉल बना रही कार्यदायी संस्था के अधिकारी व ठेकेदार उस समय सकते में आ गए जब स्मार्ट सिटी सीईओ संजय चौहान ने हॉल के एक कॉलम (पिलर) में छैनी हथौड़ी से स्टील एक्सपोज कराकर दिखाने के निर्देश दिए। सीईओ निर्माणाधीन कन्वेंशन हॉल का निरीक्षण कर रहे थे। बाद में उन्होंने महाड़ी स्थित तालाब के विकास कार्य का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को कार्य समय से पूरा करने के निर्देश दिए। स्मार्ट सिटी सीईओ शुक्रवार की दोपहर स्मार्ट सिटी अधिकारियों के साथ जनमंच के बराबर में निर्माणाधीन कन्वेंशन हॉल का निरीक्षण करने पहुंचे। हॉल के बराबर में ही निर्माणाधीन 16 किलोलीटर क्षमता के अंडर ग्राउण्ड वाटर टैंक का निरीक्षण करते हुए सीईओ चौहान ने शटरिंग की गुणवत्ता मानक के अनुरुप न पाये जाने पर नाराजगी जतायी।

कन्वेंशन बिल्डिंग में एचवीएसी (हीट वेंटिलेटेड एयर सर्कुलेशन ) कार्य की टयूब स्थान-स्थान से डैमेज और ज्वाइंटिंग भी ठीक नहीं पायी गयी। उन्होंने उस ओर ध्यान दिलाते हुए कहा कि इससे एचवीएसी पूरी क्षमता से नहीं हो पायेगा और सीलिंग के भी क्षतिग्रस्त होने की संभावना रहेगी। उन्होंने कन्वेंशन हॉल के एक कॉलम (पिलर) में छैनी हथौड़ी से स्टील एक्सपोज कराकर उसका परीक्षण भी किया, ड्राइंग के अनुरुप पाये जाने पर उन्होंने संतोष जताया। सीईओ चौहान ने स्मार्ट सिटी अधिकारियों को कन्वेशन हॉल के संचालन व रखरखाव के लिए एक योजना बनाने तथा रेवेन्यू मॉडल विकसित करने पर भी जोर दिया। गंगोह रोड स्थित महाड़ी स्थल के तालाब विकास की परियोजना की सीईओ चौहान ने ड्राइंग-डिजाइन के साथ जानकारी ली। उन्होंने कार्य की धीमी गति पर कार्यदायी संस्था यूपीआरआरएन के एआरई संतराम व ठेकेदार को सचेत करते हुए समय पर कार्य पूर्ण कराने को कहा।

उन्होंने कहा कि तालाब के तल से निर्माण सामग्री का पूरी तरह हटाकर तालाब का कार्य पूरा करें। उन्होंने कार्य की गुणवत्ता के लिए अन्य भी कई सुझाव व निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान स्मार्ट सिटी के अधिशासी अभियंता अमरेंद्र गौतम, डीजीएम सिविल दिनेश कुमार, व प्रोजेक्ट मैनेजर जितेंद्र सिंह के अलाव अनेक अवर अभियंता शामिल रहे।

# मतदाता पर्ची न होने पर भी नहीं होगी कोई असुविधा- जिलाधिकारी

**● - मतदाता के नाम में छोटी मोटी त्रुटि होने पर मतदान से नहीं रोका जायेगा- डीएम**




**हरदोई** जिला निर्वाचन अधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बताया है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के अंतर्गत दिनांक 13 मई को प्रातः 7 बजे से हरदोई के सभी मतदान केन्द्रो पर मतदान प्रारम्भ होगा। सभी मतदाताओं से अनुरोध है कि स्वयं व सपरिवार वोट करने अवश्य जाएं। मतदाता अपने दो पहिया व चार पहिया वाहनों से भी बूथ के नजदीक तक जा सकते हैं। ऐसे निजी वाहनों को पुलिस द्वारा रोका नहीं जायेगा। यदि किसी मतदाता की मतदाता पर्ची खो गयी है या प्राप्त नहीं हुई है तो ऐसे मतदाताओं को परेशान होने की जरुरत नहीं है। प्रत्येक मतदान केन्द्र के बाहर मतदाता सहायता बूथ लगाए जाएंगे जहाँ बूथ लेवल अधिकारी वर्णानुक्रम के अनुसार मतदाता सूची लेकर बैठेंगे। पूछने पर वह मतदाता सूची देखकर क्रम संख्या बता देगा। किसी भी मतदाता को मतदान करने में असुविधा नहीं होगी। प्रत्येक मतदान केन्द्र पर चिकित्सा टीम तैनात रहेगी। प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक भी भ्रमण पर रहेंगे। एम्बुलेंस भी सतर्क अवस्था में रहेंगी। प्रत्येक मतदान केन्द्र पर स्वच्छ शौचालय, स्वच्छ पेयजल, पर्याप्त संख्या में कुर्सी व सेल्फी प्वाईट की व्यवस्था होगी। यदि किसी मतदाता के नाम में छोटी मोटी त्रुटि होगी तो उसे भी मतदान करने से रोका नहीं जायेगा। सभी मतदाताओं से अपील है कि बढ़ चढ़ कर निर्भीक होकर मतदान करें।

## संक्षिप्त ख़बरें

### .डायल 112 के सिपाही ने भाजपा कार्यकर्ता के साथ की पुलिस न की। अभद्रता थाने में तहरीर दी

**सिपाही के खिलाफ थाने मे दी तहरीर ।**

**बरेली/देवरनियां।** भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता विपिन गंगवार ने डायल 112 के सिपाही गाली-गलौंच और अभद्रता करने का आरोप लगाते हुए? थाने मे तहरीर दी है।

गांव अमृता निवासी विपिन गंगवार का आरोप है कि गांव निवासी मदन के यहां आये रिशतेदारों मे आपस मे झगडा हो गया,जिसपर रिशतेदारों ने डायल 112 बुला ली। आरोप है कि मदन के पुत्र के बुलावे पर वह समझौता कराने उनके यहां पहुंचा तो डायल 112 पर तैनात सिपाही सचिन उसपर बौखला गया। आरोप है कि परिचय देने के बावजूद आरोपी सिपाही ने? अभद्र भाषा का प्रयोग कर गाली-गलौंच की। विपिन गंगवार ने आरोपी सिपाही के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है। तहरीर पर गांव के अन्य लोगों ने भी हस्ताक्षर किये हैं। इस बारे मे इंस्पेक्टर देवरनियां देवेंद्र सिंह धामा का कहना है कि मामले की गहराई से जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे तत्वों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### बेटी के घर गए पिता के साथ की मारपीट पीड़ित ने थाने में तहरीर दी

**बरेली /** देवरनियाँ थाना क्योलड़िया के गांव हररैया के निवासी सुरेश पुत्र सियाराम ने देवरनियां कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया कि बीते पांच मई को अपनी बेटी के गांव अमृता में गया था। उसके समधी के साले मुन्ना जो शराब के नशे में था । उनके घर अपने अन्य साथियों के साथ आया हुआ था । ने पुरानी रंजिश को लेकर उनके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। जब और उसने इसका विरोध किया । तो अपने भाई राकेश पुत्र भोले निवासी पथराजपुर थाना शाहजहांपुर व शिवम पुत्र हेमराज निवासी मोहल्ला लक्ष्मीपुर थाना खुदागंज शाहजहांपुर ने उसके साथ लाठी डंडों से मारपीट की। जैसे उसके साथ में काफी चोट आई है । शोर शराबा सुनकर काफी लोग आ गए ।भीड़ इकठ्ठी होने पर वे लोग उसे जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। सुरेश ने उक्त तीनों पर कानूनी कार्रवाई हेतु देवरनियां कोतवाली में दी है। इंस्पेक्टर देवेंद्र सिंह धामा ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुन्ना लाल पुत्र भोले, राकेश पुत्र भोले निवासीगड़ पथराजपुर थाना निगोही जनपद शाहजहांपुर व शिवम पुत्र हेमराज निवासी मोहल्ला लक्ष्मीपुर थाना खुदागंज जनपद शाहजहांपुर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### दरवाजे खड़ी बाइक बेखौफ चोरों ने उड़ाई

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के देवगांव में बृहस्पतिवार की रात को दरवाजे खड़ी एक युवक की बाइक चोरों ने उड़ा दी। युवक ने पुलिस को तहरीर दी है। फतेहपुर जनपद के मोहम्मदपुर नेवादा थरियांव निवासी सुनील ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि रोज की तरह उसकी बाइक घर के दरवाजे पर खड़ी थी। बृहस्पतिवार की रात को अज्ञात चोरों ने उसकी बाइक पार कर दी। सुबह उठने पर उसे चोरी की घटना की जानकारी हुई। काफी खोजबीन की गई लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। प्रभारी निरीक्षक शिव शंकर ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है। शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### भाकियू चढ़ूनी के जिला अध्यक्ष ने सपा पार्टी को सौपा अपना समर्थन पत्र।

**इस अवसर पर तमाम भाकियू चढ़ूनी के तमाम किसान नेता मौजूद रहे।**



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी के जिला अध्यक्ष बलकार सिंह ने ग्रांट नंबर 3 की एक सभा में अपने पूरे संगठन के साथ समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी उत्कर्ष वर्मा को समर्थन दिया, और आशा करते हैं कि 28 खीरी लोकसभा से जीतने के बाद किसानों की बातों पर खरे उतरेंगे। उनकी पूरी टीम तहसील व ब्लॉक व ग्राम अध्यक्ष तक सब लोग एक जुटता के साथ वोट करेंगे। इस अवसर पर जितेंद्र पटेल जिला महासचिव, उत्तम यादव ब्लॉक अध्यक्ष, धीरज यादव, उमेश यादव, अवधेश कुमार यादव, रणजीत सिंह, गुलाब सिंह, अमृतपाल सिंह, प्रिंस सिंह, निशान सिंह, केवल सिंह, पप्पू खान, सादिक, बापू गुरदीप सिंह, परमजीत सिंह, सुखविंदर सिंह, गोल्डी सिंह, हरी, गुरलाल सिंह, आदि सैकड़ो समर्थक मौजूद रहे।

## कुंभकणीं नींद में सो रहा तहसील प्रशासन भू माफिया तालाबों का अस्तित्व मिटने पर आमादा

स्वतंत्र प्रभात



**लखीमपुर खीरी** मामला तहसील लखीमपुर की ग्राम पंचायत सैधरी का है ।जहां पर पलिया बस अड्डा के थोड़ा आगे भीरा- पलिया मार्ग पर राहुल ट्रेवल्स एजेंसी के ठीक सामने स्थित तालाब की ग्राम समाज की बेसकीमती सरकारी जमीन पर कथित भूमफिया बाबू कबाड़ी द्वारा अवैध कब्जा करके उस पर दुकान व मकान का पक्का अवैध निर्माण करा लिया गया। सूत्र बताते हैं की तहसील प्रशासन व जिला अधिकारी खीरी के नाक के नीचे तालाब के आशिक भाग को पाट कर उस पर दुकान और मकान का निर्माण कराया जाता रहा और तहसील प्रशासन मूकदर्शक बना सब कुछ देखता रहा ।लोग बताते हैं कि क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा बाबू कबाड़ी से मोटी रकम इसके एवज में वसूल की है ।और ग्राम प्रधान का तो कहना ही क्या? शायद ग्राम प्रधान और लेखपाल सहित तहसील प्रशासन के जिम्मेदारों पर सीएम योगी आदित्यनाथ व सर्वोच्च न्यायालय तथा एंटी भू माफिया का असर ही ना पड़ता हो। अल्प समय में अकूत धन हासिल करने की हसरत में क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा कथित भूमाफियाओं को मिल रहे अपर संरक्षण के चलते अधिकांश तालाबों को पाट कर भूमाफिया और प्रॉपर्टी डीलरों द्वारा अवैध कब्जे किए जाने का खेल बदस्तूर जारी है। जिम्मेदारों की इस लापरवाह एवं खाऊ कमाऊ नीति के चलते शहर में सरकारी जमीनों व तालाबों तथा श्मशान आदि का नामोनिशान मिटता जा रहा है।शहर के अधिकांश तालाबों का अस्तित्व ही समाप्त हो गया है ।और इन पर भू माफिया की प्लाटिंग व बड़ी-बड़ी इमारतें बनी देखी जा सकती हैं। मामले की लिखित शिकायत मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार से करके अवैध कब्ज़ा हटाए जाने की मांग की गई है। तथा सरकारी जमीन पर कराए गए अवैध पक्के निर्माण को ध्वस्त कराकर सरकारी जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त कराए जाने की मांग की है देखना अब यह है की तहसील प्रशासन इस अवैध कब्जे को हटवाने में कहां तक कामयाब होता है या फिर मामले की लीपापोती करके फाइल को बंद कर दिया जाएगा।

इस संबंध पर जब ग्राम प्रधान उत्तम वर्मा से जानकारी की गई तो उन्होंने बताया ऐसा कोई मामला संज्ञान में नहीं है जो भी कब्जा था हमने खाली करवा दिया है। शायद इस तालाब की जमीन पर हुआ कब्जा प्रधान जी को अवैध कब्जा नहीं लगता है।

## अंतरराष्ट्रीय ओलंपियाड के टॉपरों को डॉक्टर कौशल वर्मा ने किया सम्मानित।

स्वतंत्र प्रभात



**गोलागोकर्णनाथ लखीमपुर।** अंतर्राष्ट्रीय मैथ ओलंपियाड एवं राष्ट्रीय साइंस ओलंपियाड में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को राम करियर इंस्टीट्यूट गोला में मेडल व सर्टिफिकेट देकर डॉ कौशल वर्मा के द्वारा सम्मानित किया गया।अचीवमेंट डिस्ट्रीब्यूशन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रेरणा स्रोत अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त समाजसेवी एवं गोल्ड मेडलिस्ट ऑर्थोपेडिक सर्जन सनशाइन सुपर स्पेशलिटी चैरिटेबल ट्रस्ट के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉक्टर कौशल वर्मा का स्वागत माल्यार्पण व शाल्यार्पण विशिष्ट अतिथि डॉ आर सी वर्मा ने किया। मुख्य अतिथि ने साइंस ओलंपियाड में कक्षा 6से छवि सोनी प्रथम, 7 से पर्व सिंह व अक्षय वर्मा प्रथम, 9 से अखिल गुप्ता, सिद्धांत पटेल, सूर्यांश पटेल,10 से प्रियांश, दुर्गेश वर्मा, जयदीप,11 से समृद्धि वर्मा, अंशिका पटेल, प्राची वर्मा,12 में अनमोल रतन, अनुष्का बाथम, आशिक सिंह को क्रमशः प्रथम द्वितीय व तृतीय को गोल्ड मेडल व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। मैथ में कक्षा 6 से श्रेयांश रावत, महा सिंह को प्रथम व मनमीत सोंधी को तृतीय स्थान, 7 में अभिज्ञान शुक्ला प्रथम स्थान, 9 में जितेंद्र सिंह भदोरिया प्रथम, 10 में ऋषभ श्रीवास्तव, रुद्रांश पटेल, दुर्गेश वर्मा के साथ शिक्षक जुबेर बासित,अभिषेक सम्मानित हुए। डॉक्टर कौशल ने बच्चों एवं अभिभावकों से कहा कि आज के प्रतियोगी समय में ऐसी प्रतियोगिताएं बच्चों के लिए काफी प्रेरणा स्रोत रहती हैं। बच्चों को अच्छे संस्थानों में पढ़ाना चाहिए। ताकि उनमें शैक्षिक बौद्धिक व सामाजिक दक्षता आ सके। संचालन बी डी वर्मा ने किया। अंकुर वर्मा, अनामिका दीक्षित सहित बच्चे, अभिभावक मौजूद रहे।

# पोषाहार बना पशुओं का आहार

**●आंगनबाड़ी कार्यकर्ती की मनमानी के चलते हमेशा आंगनबाड़ी केंद्र पर लटकता रहता है ताला**

**मात्र जानवर बाधने के उपयोग में लिया जा रहा सरकार द्वारा लाखों रुपए से बनवाया गया आंगनवाड़ी केंद्र**

**खुलेआम पोषाहार की जा रही कालाबाजारी , परियोजना अधिकारी साधे मौनै**

स्वतंत्र प्रभात




**लखीमपुर खीरी** विकासखंड नकहा के अंतर्गत ग्राम पंचायत बेल्हौरा के गांव बिलहरी में सरकार द्वारा नौनिहालों के लिए बनवाए गए आंगनबाड़ी केंद्र की दशा बस से बत्तर हो गई है यह आंगनबाड़ी केंद्र महज पशुओं के बढ़ने के उपयोग में किया जाता है बाल विकास परियोजना की हकीकत को जानने बिलहरी पहुंचे हमारे स्वतंत्र प्रभात संवाददाता को दर्जनों महिलाओं पुरुषों एवं बच्चों ने बताया कि जब से यह आंगनबाड़ी केंद्र बना है तब से अब तक इस पर ताला ही जला रहता है इसमें कभी पढ़ाई नहीं होती है ना ही कभी पोषाहार का वितरण ही किया जाता है गरीब महिलाओं बच्चों और किशोरियों तथा धात्री गर्भवती महिलाओं के लिए आने वाले हर महीने पोषाहार का बाजार में बिक्री कर दिया जाता है और हर चौथे पांचवे महीने में पोषाहार के अल्प मात्रा वितरित कर कोरम पूरा कर लिया जाता है जब कहीं कोई पोषाहार की मांग करता है या इसका विरोध करता है तो आंगनबाड़ी कार्यकर्ती द्वारा उन्हें हड़काया धमकाया जाता है और कहती हैं केवल बच्चा पैदा करना जानती हो केवल ,आ जाती हो पोषाहार लेने। इतना सब होने के बावजूद बाल विकास परियोजना अधिकारी को यह सब दिखाई सुनाई नहीं पड़ता है बाल विकास परियोजना अधिकारी को यह सब दिखाई सुनाई ना पढ़ना और मामले की जांच न कराया जाना यह सिद्ध करता है की बाल विकास परियोजना द्वारा निरीक्षण के नाम पर फर्जी निरीक्षण पुस्तिका भरकर शासन को गुमराह किया जा रहा है। यदि बाल विकास परियोजना अधिकारी द्वारा समय-समय पर आंगनबाड़ी केंद्र बिलोरी का निरीक्षण किया गया है।

## सम्पूर्णानगर पुलिस द्वारा तीन किलोग्राम अवैध नशीला पदार्थ डोडा पाउडर बरामद कर दो नफर अभियुक्तों गिरफ्तार



स्वतंत्र प्रभात

**लखीमपुर खीरी।** पुलिस अधीक्षक खीरी गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन में वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी, अपराध की रोकथाम व मादक पदार्थ की तस्करी व बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना सम्पूर्णानगर पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के गन्ना सेन्टर के सामने महिपाल पुरवा गदनिया रोड ग्राम महिपालपुरवा थाना सम्पूर्णानगर जनपद खीरी से दो अभियुक्तगण 1. कुलदीप सिंह पुत्र गुरूचरन सिंह निवासी मंहगापुर थाना सम्पूर्णानगर जनपद खीरी के पास से एक किलो 800 ग्राम डोडा पाउडर व 2. जगजीत सिंह पुत्र हरदम सिंह निवासी ग्राम मंहागापुर थाना सम्पूर्णानगर जनपद खीरी से एक किलो 200 ग्राम डोडा पाउडर कुल तीन किलो डोडा पाउडर के साथ गिरफ्तार किया गया । जिसके सम्बन्ध मे थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 183/2024 धारा 8/15 NDPS ACT पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी । बरामदगी

तीन किलो ग्राम डोडा पाउडर। गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण 1. कुलदीप सिहं पुत्र गुरूचरन सिंह निवासी मंहगापुर थाना सम्पूर्णानगर खीरी। 2. जगजीत सिंह पुत्र हरदम सिंह निवासी ग्राम मंहागापुर थाना सम्पूर्णानगर खीरी। पुलिस टीम थाना सम्पूर्णानगर जनपद खीरी। 1. उ0नि0 साहब लाल थाना सम्पूर्णानगर जनपद खीरी। 2. उ0नि0 राजकुमार यादव थाना सम्पूर्णानगर जनपद खीरी 3. हे0का0 बृजमोहन यादव थाना सम्पूर्णानगर जनपद खीरी 4. हे0का0 जगतराम थाना सम्पूर्णानगर जनपद खीरी। 5. का0 सुबोध कुमार थाना सम्पूर्णानगर जनपद खीरी 6. का0 अक्षय चन्द्रवंशी थाना सम्पूर्णानगर जनपद खीरी.

## 28 खीरी लोकसभा सीट पर अपनी प्रतिष्ठा बचा पाएंगे अजयमिश्रा टैनी,या सपा प्रत्याशी देगा मात

**●अंतरकलह और महंगाई, बेरोजगारी,किसान मुद्दों,तथा भितरघात से जूझ रहे माननीय**

**मोदी की बैसाखी पर चढ़कर तीसरी बार संसद भवन पहुंचने की फिराक में भाजपा प्रत्याशी**

**कुर्मी, क्षत्रिय , अल्पसंख्यक, मुस्लिम, यादव सहित पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग के साथ-साथ संविधान बदलने की गूंज के चलते दलित वर्ग के मिलने अपार समर्थन से इंडिया गठबंधन प्रत्याशी सब पर भारी**




स्वतंत्र प्रभात

**लखीमपुर खीरी** लोकसभा चुनाव 2024 के महासंग्राम में चुनावी रणभेरी बज चुकी है। इस महासंग्राम में मुख्य रूप से मुकाबला एनडीए गठबंधन के प्रत्याशी और गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टैनीऔर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी पूर्व विधायक उत्कर्ष वर्मा तथा बहुजन समाज पार्टी के बीच ही सिमटता नजर आ रहा है। बहुजन समाज पार्टी से अंशय कालरा के मैदान में आने से और तेजी से सक्रिय होने के चलते चुनावी गणितीय समीकरण को उलट कर रख दिया है। अंशय कालरा सिख समाज से होने के चलते उनको सिख समाज और किसानों का समर्थन तो मिल ही रहा है साथ ही साथ दलित समाज का भी अच्छा खासा वोट मिलने की संभावना है। दलित समाज के एक खास वर्ग का मत अंशय कालरा की ओर मोड़ने से सभी प्रत्याशियों की धड़कनें तेज हो गई हैं। चुनावी रणनीतिकारों और विश्लेषकों की माने तो सिख समाज से बसपा प्रत्याशी होने से भाजपा प्रत्याशी को भारी नुकसान पहुंच सकता है।जिसका कहीं ना कहीं सीधा फायदा इंडिया गठबंधन को होता नजर आ रहा है ।इसके साथ ही इंडिया गठबंधन प्रत्याशी उत्कर्ष वर्मा को पीडीएफ फार्मूले का पूरा-पूरा लाभ मिलने के चलते सपा प्रत्याशी अच्छी खासी व मजबूत स्थिति में दिखाई पड़ रहा है। 28 खीरी लोकसभा के सीट पर कांटे की टक्कर दिखाई पड़ रही है चुनावी जानकारी के अनुसार वर्तमान में मुख्य मुकाबला सपा प्रत्याशी उत्कर्ष वर्मा और भाजपा प्रत्याशी अजय मिश्रा के बीच होता दिखाई पड़ रहा है। वही बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी अंशय कालरा

मुकाबला को त्रिकोणीय बनाने के लिए जी तोड़ मेहनत भले ही कर रहे हो लेकिन उनका यह प्रयास कहां तक सफल होता है यह तो समय ही बताएगा। चुनावी रणनीतिकारों की माने तो बसपा प्रत्याशी 28 खीरी संसदीय सीट पर महज वोट कटवा साबित हो रहे हैं। दलितों के दिलों में संविधान बदलने की गूंज के चलते दलित समाज का एक बड़ा वर्ग इंडिया गठबंधन की ओर जाता दिखाई पड़ रहा है। जिसके चलते मुख्य मुकाबला

समाजवादी पार्टी प्रत्याशी उत्कर्ष वर्मा और भाजपा प्रत्याशी एवं केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टैनी के बीच सिमटता नजर आ रहा है। जहां एक तरफ अजय मिश्रा सैनी मोदी के नाम पर एक बार फिर अपनी जीत की आस लगाए हैं वहीं पर इंडिया गठबंधन प्रत्याशी उत्कर्ष वर्मा मोदी विरोधी वोटो के सहारे अपनी जीत सुनिश्चित मान रहे हैं। भाजपा प्रत्याशी अजय मिश्रा सैनी को अपनों की नाराजगी और पार्टी के अंदर गुटबाजी का भी खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। और खीरी संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली पलिया विधानसभा क्षेत्र में किसानो की नाराजगी कभी सामना करना पड़ सकता है। किसने और सिख समाज में भाजपा के प्रति पन्ना प्रभाव भारी जनाक्रोस भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अजय मिश्रा सैनी को थार गाड़ी का जवाब इस बार वोटो की धार से देने की आसन का प्रबल दिखाई पड़ रही है। वही इंडिया गठबंधन की तरफ से समाजवादी पार्टी के अधिकृत उम्मीदवार उत्कर्ष वर्मा को मिल रहे सर्व समाज के भारी जन समर्थन से चुनाव की रेस में काफी तेजी से साइकिल रेस पड़ती नजर आ रही है। ज्यों ज्यों चुनावी समर परवान चढ रहा है त्यों-त्यों हाथी की चाल मन्द होती दिखाई पड़ रही है। इतना ही नहीं अंशय कालरा के बाहरी प्रत्याशी होने की भी चर्चा जोरों पर है बसपा प्रत्याशी अंशय कालरा धनवल और मीडिया को मैनेज करके अपने भोकाल की दम पर दिल्ली के संसद भवन का सफर तय करने की फिराक में दिखाई पड रहें हैं। हकीकत की जमी पर इसबार वोटर बिल्कुल मौन साधे है। जिसके चलते सभी राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों में उथल-पुथल दिखाई पड़ रही है। हर एक प्रत्याशी मतदाताओं को अपने पक्ष में लुभाने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपनाते देखे जा सकते हैं। ग्राउंड सर्वे के अनुसार सैकड़ो लोगों ने सपा प्रत्याशी के काफी मजबूत होने की बात कही है। इन सब के बाद यदि हम जातीय समीकरण पर एक नजर डालें तो कुर्मी मुस्लिम यादव क्षत्रिय के साथ अन्य पिछड़े वर्ग व दलित वर्ग का मिल रहा अपार जन समर्थन सपा प्रत्याशी काफी मजबूत स्थिति में दिखाई पड़ रहा है

लोकसभा चुनाव का आगाज पूरे शबाब पर दिखाई पड़ रहा है ।प्रत्याशी व उसकी पार्टी के नेता समर्थक मतदाताओं को अपने प्रत्याशी के पाले में लाने को जहां जी जान एक किए हुए चुनावी विशात बिछाने में लगे हैं ।वही सत्तारूढ दल भाजपा के तीन-तीन विधायक अपने प्रत्याशी के चुनाव प्रचार के नाम पर महज औपचारिकता निभाते दिखाई पड़ रहे हैं। राजनीति के जानकारो के अनुसार इस सीट पर अपनों की नाराजगी से सत्तारूढ़ पार्टी जूझती दिखाई पड़ रही है। इसका कहीं न कहीं पार्टी प्रत्याशी को नुकसान उठाना पड़ सकता है। चुनावी रणनीतिकारों और विश्लेषकों के अनुसार बहुजन समाज पार्टी के मैदान में आने से दलित वर्ग का एक बड़ा वोट बैंक भाजपा प्रत्याशी से कटता नजर आ रहा है। और किसान आंदोलन के समय घटित तिकोनिया हत्याकांड की घटना से नाराज सिख समाज के लोग और किसानों का एक बड़ा तबका भाजपा से किनारा करते हुए इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी की ओर जाता दिखाई

पड़ रहा है। इंडिया गठबंधन प्रत्याशी उत्कर्ष वर्मा की बात करें तो सजतीय कुर्मी बिरादरी व मुस्लिम मतदाताओं का एकमुश्त वोट मिलने के साथ-साथ अन्य पिछड़ा वर्ग के मिल रहे समर्थन के चलते इंडिया गठबंधन से सपा के प्रत्याशी उत्कर्ष वर्मा काफी मजबूत स्थिति में दिखाई पड़ रहे हैं ।देखा जाए तो भाजपा के पुराने कार्यकर्ता पदाधिकारी समेत कई विधायक मुख्य भूमिका में नजर नहीं आ रहे हैं। बहुजन समाज के प्रत्याशी सिख समाज होने के नाते सिखों में भारी समर्थन व सेंध मारी होती दिखाई पड़ रही है। रणनीतिकार की माने तो भाजपा का समाजवादी पार्टी व बहुजन समाज पार्टी अंदर खाने भारी नुकसान का अनुमान लगा रहे हैं। लेकिन भारतीय जनता पार्टी कड़ी मेहनत करके अपने मूल वोटो को वापस लाने का लगातार प्रयास करती नजर आ रही है, प्रयास कितना सार्थक होता है। यह तो समय के गर्भ में है। समाजवादी पार्टी गांव गांव नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से अपने पक्ष में माहौल बनाने की कोशिश में लगी है ।सभी प्रत्याशी वोटरों को लुभाने का पूरा प्रयास कर रहे हैं ।कुल मिलाकर इस लोकतंत्र के महाकुंभ में आम जनता पूरी तरह से खामोश नजर आ रही है। वही दूर से ही चुनाव पर अपनी पहली नजर बनाए हुए देखना है कि ऊंट किस करवट बैठेगा। यह तो समय ही बताएगा।और 4जूनको मतगणना के बाद ही हो पायेगा क्लीयर कि किसके सिर पर बधेगा जीत का सेहरा और किसके हिस्से में आयेगी हार।

## वर्ल्ड हैंड हाईजीन डे पर बताया मनुष्य के दैनिक जीवन में सफाई का बहुत महत्व

स्वतंत्र प्रभात




**अलीगढ़,।** वर्ल्ड हैंड हाईजीन डे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साफ स्वच्छता अभियान को ध्यान में रखते हुए रेकिट इंडिया व डेटॉल बनेगा स्वास्थ्य इंडिया के अंतर्गत मनाया गया।


वर्ल्ड हैंड हाईजीन डे एस . आई पब्लिक स्कूल अलीगढ़ में आयोजित किया गया जिस में लग भग 65 बच्चों ने अथवा स्कूल का स्टाफ एवं अध्यापक भी उपस्थिति रहे और इस कार्यक्रम मे चीफ गेस्ट के तौर पर फैज ए आम पब्लिक जूनियर हाई स्कूल जमालपुर अलीगढ़। के संचालक फरहान मलिक एवं उनकी टीम भी उपस्थिति रही। इस कार्यक्रम में स्कूल के छात्रों को पांच तरीके की साफ सफाई एवं स्वच्छता के बारे में बताया जैसे अपनी खुद की साफाई कैसे करनी चाहिए और हमें घर की साफ साफाई कैसे करनी चाहिए और स्कूल में पढ़ने जाएँ तो वहाँ भी आसपास की साफ सफाई कैसे करनी है। और आस पाडोस की साफ साफाई एवं बीमारी के दौरान होने वाली साफ सफाई क्या और कैसे कैसे बर्ताव करने चाहिए आज के दौरान हमें खुद को और घर परिवार वालों को क्यूँ साफ रहना जरूरी है इस साफ सफाई का हमारे जीवन मे कितना महत्व् है । सभी जानकारी अच्छे से बच्चों तक पहुंचाई ताकि आने वाले समय में साफ रह सके और इसके आलावा हमारी टीम ने 6 हाथ ( हैंड ) धोने के तरिके के वारे में भी बताया सभी बच्चों को डेटोल साबुन भी बाँटे ताकि बच्चों को साफ स्वच्छता स्वच्छ कैसे रह सके। दैनिक जीवन में साफ सफाई का कितना महत्व है ये जानना हमारे लोए कितना जरूरी है इस कार्यक्रम के ज़रिये हाथ साफ रखने और स्वच्छता का पालन करने के तरीके तथा इसके लाभ और गन्दगी से होने वाले नुकसान बीमारी तथा हानि के बारे में भी बताया गया। स्कूल के छात्रों के द्वारा हैंड वाशिंग के जरिये स्वच्छता का डेमो भी करके बाताया गया सभी छात्रों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा ुे और सभी ने इस साफ स्वच्छता आयोजित कार्यक्रम को मिल कर सफलतापूर्वक पूरा करने में सहयोग किया। इस कार्यक्रम का संचालन प्रोजेक्ट कोडीनेटर मेहदी रजा ने किया।

## दिव्यांगजनों से शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार हेतु मांगे आवेदन

स्वतंत्र प्रभात

**अलीगढ़,।** दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित दिव्यांगजन शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में लक्ष्य के अनुरूप जिले के दम्पत्तियों को लाभान्वित किया जाना है। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी रोहित कुमार ने उक्त जानकारी देते हुए बताया है कि दिव्यांगजन शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजनान्तर्गत दम्पत्ति में युवक के दिव्यांग होने की दशा में 15 हजार रूपये, युवती के दिव्यांग होने की दशा में 20 हजार रूपये एवं युवक-युवती दोनों के दिव्यांग होने की दशा में 35 हजार रूपये की धनराशि शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार स्वरूप प्रदान की जाती है।


कुमार ने जिले के ऐसे दिव्यांग दम्पतियों जिनका विवाह माह अप्रैल, 2023 या उसके पश्चात हुआ है को सूचित किया है कि वह किसी भी जनसेवा केन्द्र, लोकवाड़ी केन्द्र अथवा निजी कम्प्यूटर द्वारा योजनान्तर्गत अपना आवेदन आय प्रमाण पत्र, दिव्यांग प्रमाण पत्र, संयुक्त बैंक खाता, संयुक्त शादी का फोटो, आधार कार्ड, विवाह प्रमाण पत्र या शादी कार्ड, निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न कर ऑनलाइन कपअलंदहरंद.नचेकब.हवअ.पद पोर्टल पर भरवाने के उपरान्त आवेदन का




मूल प्रिन्ट हस्ताक्षर करने के पश्चात उक्त सभी संलग्नकों की छाया प्रति के साथ किसी भी कार्य दिवस में विकास भवन स्थित जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी कार्यालय कक्ष संख्या जी-08 में प्राप्त कराना सुनिश्चित करें, ताकि शासन के निर्देशानुसार योजनान्तर्गत अधिक से अधिक दम्पत्तियों को लाभान्वित करने की कार्यवाही की जा सके।

## संक्षिप्त ख़बरें

### 11 मई को ई0वी0एम0/वी0वी0पैट का प्रेक्षक की अध्यक्षता में होगा द्वितीय रैण्डमाईजेशन


जिला निर्वाचन अधिकारी, भदोही।
सेवा में,
श्री ..........
अभ्यर्थी 78 भदोही
लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र।
जनपद-भदोही।
विषय- लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के प्रयोगार्थ ई0वी0एम0/वी0वी0पैट मशीनों के द्वितीय रैण्डमाईजेशन की सूचना के सम्बन्ध में।
महोदय,
उपरोक्त विषय के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी के पत्र संख्या 229/सी0ई0ओ0 दिनांक 06 अप्रैल,2024 द्वारा लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 हेतु जनपद में ई0वी0एम0/वी0वी0पैट का द्वितीय रैण्डमाईजेशन दिनांक 11 मई,2024 को अपरान्ह 12:00 बजे से कराये जाने का निर्देश दिया गया है। तद्क्रम में दिनांक 11 मई,2024 को अपरान्ह 12:00 बजे से ई0वी0एम0 एवं वी0वी0पैट का द्वितीय रैण्डमाईजेशन कलेक्ट्रेट परिसर स्थित एन0आई0सी0 में कराया जायेगा।
अतः आपसे अनुरोध है कि ई0वी0एम0 एवं वी0वी0पैट के द्वितीय रैण्डमाईजेशन दिनांक 11 मई,2024 को अपरान्ह 12:00 बजे एन0आई0सी0 सरपतहा में स्वयं अथवा अपने निर्वाचन प्रतिनिधि को उपस्थित रहने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।
भवदीय,
(कुँ0 वीरेन्द्र मौर्य)
अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)/ उप जिला निर्वाचन अधिकारी भदोही।
संख्या एवं दिनांक उपरोक्त।
प्रतिलिपि:- जिलाधिकारी महोदय को सादर सूचनार्थ।
2- समस्त उप जिलाधिकारी ए0आर0ओ0 78-भदोही।
3- जिला सूचना विज्ञान अधिकारी भदोही।
4- जिला पूर्ति अधिकारी/नोडल ई0वी0एम0।

### वैध 10 प्रत्याशी ई0वी0एम0 व वी0वी0पैट के द्वितीय रैण्डमाईजेशन में करें प्रतिभाग-जिला निर्वाचन अधिकारी

**भदोही 10 मई 2024:**-लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी विशाल सिंह द्वारा लोकसभा निर्वाचन के नामांकन में वैध सभी 10 प्रत्याशियों को अवगत कराया गया कि मां.सामान्य प्रेक्षक बी जांन टी, के अध्यक्षता में जनपद में ई0वी0एम0/वी0वी0पैट का द्वितीय रैण्डमाईजेशन दिनांक 11 मई, 2024 को अपरान्ह 12 बजे से कलेक्ट्रेट परिसर स्थित एन0आई0सी0 सभागार में संपन्न होगा। तत्पश्चात प्रत्याशी सील स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखे गए ईवीएम,वीवीपीएटी के सुरक्षा बिंदुओं का भी अवलोकन कर सकेंगें । जिला सूचना कार्यालय भदोही द्वारा प्रसारित।

### परशुराम जयंती पर पूजे गए ब्राह्मण शिरोमणि

**सीतामढी।** क्षेत्र में 10 मई शुक्रवार अक्षय तृतीया को कोनिया क्षेत्र कलातुलसी गांव राम लीला मैदान में भगवान विष्णु के छठें अवतार भगवान परशुराम जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। भक्तों ने भगवान परशुराम की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर पूजन आरती किया।वैशाख मास की शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को अक्षय तृतीया के नाम से जाना जाता है। इस मौके पर आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए बृज किशोर ने कहा कि भगवान परशुराम के जीवन से अन्याय अत्याचार के खिलाफ लड़ने की प्रेरणा मिलती है।कार्यक्रम में मुख्य वक्ताओं गुडडू पांडेय, मंटू , बिपिन , दीपक , रामानन्द, वेद मिश्रा, नीरज सत्यम,राहुल ,राधा माधव ओम रामअक्षयबर शुक्ल कुलदीप सत्यम धर्मेन्द्र पांडेय भोले हर्ष मिश्र शालू सर्वेश राजपति अखिलेश सहित बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोगो ने अपने विचार प्रगट किए। उपस्थित वक्ताओं ने ब्राह्मणों पर हो रहे जुल्म अत्याचार के खिलाफ आवाज बुलंद करने और एकजुटता दिखाने का प्रण लिया। इस मौके पर पहुंचें लोगों को राकेश पाण्डेय अवधेश पांडेय द्वारा जलपान, मिष्ठान और कोल्ड ड्रिंक्स पानी के व्यवस्था के साथ धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम समापन की घोषणा किया गया, बड़ी संख्या में जुटी भीड़ देख कर आयोजको के चेहरे खिले नजर आए।

### अवैध तमंचा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**मीरजापुर।** पुलिस अधीक्षक मीरजापुर अभिनन्दन द्वारा आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 तथा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही व अवैध असलहा/शस्त्रों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में प्रभावी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त थाना प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये है । उक्त निर्देश के अनुक्रम में शुक्रवार को प्रभारी निरीक्षक राणा प्रताप यादव मय पुलिस टीम क्षेत्र में भ्रमणशील थीं कि इस दौरान थाना क्षेत्र से संदिग्ध व्यक्ति साहिल पुत्र मनौव्वर निवासी सुन्दर का पुरा थाना को0देहात जनपद मीरजापुर को एक अदद नाजायज 315 बोर देशी तमंचा व 01 अदद जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया । उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना को0देहात पर मु0अ0सं0-116/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया ।

### बीयर चोरी करने वाला पकड़ा

**अलीगढ़,।** थाना अकराबाद पुलिस टीम ने शातिर चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की बीयर की पेटी बरामद की है। थाना अकराबाद पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर विशाल यादव पुत्र रामेश्वर निवासी नगला बबूल थाना हरदुआगंज को चोरी की गई बीयर की 25 पेटी के साथ गिरफ्तार किया गया । इस संबंध में थाना पर चोरी का मुकद्मा पंजीकृत किया गया है।

# ब्रांड अम्बेस्डर बने ग्रीन गुरु जी ने डी. एम. प्रियंका निरंजन जी को भेंट किया फुटबॉल लिली का पौध

स्वतंत्र प्रभात



**मीरजापुर।** स्वच्छ भारत मिशन(नगरीय) के अन्तर्गत मीरजापुर शहर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने तथा स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के अन्तर्गत स्वच्छता की अलख घर-घर जलाने हेतु अनिल कुमार सिंह,ग्रीन गुरु जी, तदर्थ प्रधानाचार्य,शान्ति निकेतन इण्टर कॉलेज, पचोखरा,मीरजापुर, निवास,जे.पी.पुरम कॉलोनी,पटेलनगर,पुरानी दशमी वार्ड-17 मीरजापुर को स्वच्छता का ब्रांड अम्बेस्डर तथा स्वच्छता के ध्वजारोहक के रूप में नगर पालिका परिषद मीरजापुर द्वारा नामित किया गया है। ग्रीन गुरु जी ने इस दायित्व के लिए नगर पालिका अध्यक्ष मा. श्याम सुन्दर केशरी व ई.ओ.नगरपालिका जी.लाल जी तथा संजय सिंह के साथ सभी लोगो का आभार ब्यक्त करते हुए कहा कि स्वच्छ भारत मिशन,नगरीय के अन्तर्गत घर-घर सूखा-गीला कूड़ा पृथक्करण करना,घर मे कम्पोस्टिंग करना, घर मे बागवानी करना,बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना,स्वच्छता सम्बन्धी सामाजिक कार्यक्रमों में भाग लेना,ब्यापारिक एवं अन्य संगठनों से जुड़कर स्वच्छता के बारे में जागरूक करने के साथ ही साथ भारत सरकार के स्वच्छ सर्वेक्षण2024 के मानकों के अनुरूप मीरजापुर नगर को उच्च पायदान पर ले जाने में अपना पूर्ण सहयोग पूरी निष्ठा के साथ देने का प्रयास करूंगा।साथ ही मेरा आंगन मेरी हरियाली के थींम को जन-जन तक पहुँचाउगा। साथ ही खेल क्रान्ति एवं पर्यावरण शुद्धिकरण फाउंडेशन, ट्रस्ट द्वारा संचालित पर्यावरण शुद्धिकरण अभियान के संस्थापक,सचिव , अनिल कुमार सिंह,ग्रीन गुरु जी, मा. मुख्य मंत्री योगी आदित्य नाथ जी द्वारा गंगा सेवक सम्मान से सम्मानित,तदर्थ प्रधानाचार्य, शान्ति निकेतन इण्टर कॉलेज,पचोखरा,मीरजापुर , नमामि गंगे,जिला गंगा संरक्षण समिति एवं जिला पर्यावरणीय समिति सदस्य,मीरजापुर, ब्रांड अम्बेस्डर तथा स्वच्छता के ध्वजारोहक,शहर मीरजापुर ने मतदाता जागरूकता अभियान के तहत साईकल रेस के दौरान पुलिस परेड ग्राउंड में ग्रीन गुरु जी ने जिलाधिकारी मीरजापुर, प्रियंका निरंजन जी को फुटबॉल लिली का पौध सप्रेम भेंट किया।इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक,अमर नाथ सिंह,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, अनिल कुमार वर्मा,जिला खेल अधिकारी, भानु प्रसाद,जिला युवकल्याण अधिकारी,दिनेश कुमार,अशोक उपाध्याय, नीलकांत तिवारी,खिलाड़ी व अन्य लोग उपस्थित रहे।

## ज्ञानार्जन सत्ययुग है और उसका क्रियान्वय त्रेतायुग है - महामंडलेश्वर ब्रह्मचारी महाराज

- अक्षय तृतीया पर प्रवचन विंध्याचल के नरसिंह आश्रम पर सत्संग और भंडारा

बालनाथ आश्रम में मानस साथ तो गैबीघाट में शर्बत का वितरण



स्वतंत्र प्रभात

**मीरजापुर।** विन्ध्य क्षेत्र के संत समाज के महामंडलेश्वर ब्रह्मचारी महाराज ने कहा कि भौतिक धन से अनन्त गुना कीमती बौद्धिक धन होता है। उन्होंने शास्त्रोक्त उद्धरणों का हवाला दिया और कहा कि भारत के मनीषियों ने इसीलिए यस्य बुद्धि- तस्य बल, निर्बुद्धस्य कुतो बल, स्वदेशे पूज्यते राजा विद्वान सर्वत्र पूज्यते का मूल मंत्र दिया है।

सत्ययुग और त्रेतायुग के प्रारंभ की तिथि अक्षय तृतीया पर विन्ध्याचल परिक्षेत्र के अष्टभुजा में अत्यंत सिद्ध एवं जागृत नरसिंह बाबा एवं डमरू बाबा की साधना स्थली पर आयोजित पूजन, प्रवचन तथा भण्डार कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए ब्रह्मचारी महाराज ने कहा कि इस आश्रम के साधक रहे दोनों महात्माओं द्वारा दो सौ वर्षों पूर्व दिए गए ज्ञान के दृढ़ संकल्प एवं उसकी पूर्णाहुति के अवसर पर सत्संग की उसी परंपरा का पालन किया जा रहा है। ब्रह्मचारी महाराज ने कहा कि वास्तव में अक्षय तृतीया का पर्व 18 पुराणों के अध्ययन-श्रवण के संकल्प के बाद पुनः इसी दिन उसकी पूर्णाहुति का दिन है। ज्ञान सत्ययुग है और पूर्णाहुति के बाद उसका क्षेत्र में प्रचार-प्रसार त्रेतायुग है। यही काम विष्णु के अवतार श्रीराम ने त्रेतायुग में किया था।

इस अवसर पर जनपद के अलावा उत्तर प्रदेश तथा बिहार के विभिन्न अंचलों से भारी संख्या में श्रद्धालु आए थे। इस अवसर पर सौ से अधिक महात्माओं का सम्मान किया गया। इसी तरह रावर्ट्सगंज रोड पर स्थित बरकछा ग्राम के बालनाथ आश्रम में अक्षय तृतीया के अवसर पर रामचरितमानस पाठ, श्री सत्यनारायण व्रत कथा के साथ सामूहिक भोज कार्यक्रम आयोजित किया गया। ग्रामीण क्षेत्र में हर वर्ग के लोगों ने इस तरह के कार्यक्रम के जरिए सामाजिक सामजंस्य का संदेश दिया। आश्रम के महंत धर्मराज महाराज ने कहा कि ईश्वर सभी में विराज करता है। इसलिए आपस में छोटे-बड़े का भेदभाव नहीं करना चाहिए। इस पर्व पर नगर के गैबीघाट मुहल्ले में स्थित बाल हनुमान मंदिर में पुजारी रामानुज महाराज द्वारा भक्तों को प्रसाद के रूप में शर्बत प्रदान किया गया।

## अपर निदेशक से चिकित्सा स्वास्थ्य चकर्मचारी नेताओं ने जनसमस्याओं से अवगत कराया

स्वतंत्र प्रभात



**मीरजापुर।** उ0प्र0 चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ एवं चिकित्सा स्वास्थ्य का एक प्रतिनिधिमण्डल अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग से गुरुवार को मिला। कर्मचारी नेताओं ने पूर्व से चली आ रही तमाम जनसमस्याओं से अवगत कराया गया। मड़िहान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में कार्यरत नीरज कुमार कन्नौजिया वार्ड बॉय की निर्मम हत्या के अभियुक्तों की गिरफ्तारी पुलिस के द्वारा नहीं की गयी। डॉ0 शोभना दूबे अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य परिवार कल्याण, विन्ध्याचल मण्डल, मीरजापुर ने कर्मचारी नेताओं को आश्वासन किया कि एक हफ्ते के अन्दर इसका खुलासा किया जायेगा। वहीं पर कर्मचारी नेताओं ने कहा कि नीरज कुमार कन्नौजिया वार्ड बॉय के मामलों को लेकर जनपद के कर्मचारी काफी दहशत में हैं।

नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पड़री, मीरजापुर पर कार्यरत राजशेखर मिश्रा आये दिन रामनरेश शर्मा को जान से मारने की धमकी एवं विभिन्न प्रकार के फर्जी मुकदमों में फंसाने की धमकियां देते हैं तथा मिश्रा के द्वारा अस्पताल में अराजकतत्वों का अड्डा बनाये रहते हैं, शराब पीना व पिलाना इनकी आदत बन चुकी है अस्पताल में गंदगी फैलाना आये दिन इनकी आदत बन चुकी है। इनके कार्यकाल की जाँच कराकर इन पर दण्डात्मक कार्यवाही की जाय। जिसकी सूचना दि0 21.04.2024 को प्रभारी चिकित्साधिकारी से अग्रसारित कराकर मुख्य चिकित्साधिकारी को बराबर पत्र दिया जा रहा है। उक्त के द्वारा कोई कार्यवाही न होने से सामाजिक तत्वों का मनोबल बढ़ता जा रहा है। रामनरेश शर्मा ने कहा कि अगर फार्माशिष्ट राजशेखर मिश्रा - क्रियाकलापों की जाँच एक सप्ताह के अन्दर नहीं किया गया तो संगठन विवश होकर मुख्य चिकित्साधिकारी जी का घेराव करने के लिए बाध्य होगा। शुक्रवार की बैठक में उपस्थित कर्मचारी नेतागण मोहन लाल यादव, रामनरेश शर्मा, बबलू खान, मण्डल अध्यक्ष श्यामलाल यादव, मिथिलेश चन्द्र तिवारी इत्यादि लोग उपस्थित रहें।

## एनडीए की लोकसभा प्रत्याशी अनुप्रिया पटेल के लिए नपाध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी ने किया जन संपर्क

स्वतंत्र प्रभात



**मीरजापुर।** भाजपा गठबंधन की मीरजापुर की लोकसभा प्रत्याशी अनुप्रिया पटेल के लिए नपाध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी ने भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों के साथ नगर के बथुआ और डंगहर वार्ड में घर घर जनसंपर्क किया।उन्होंने वार्ड की जनता को पंपलेट देकर एवं देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार में किए गए विकास कार्यों को भी गिनाया।इस मौके पर नपाध्यक्ष ने कहा की एनडीए की गठबंधन प्रत्याशी अनुप्रिया पटेल के लिए दो वार्डो में जनसंपर्क कर आमजन से वोट देने की अपील की गई है।एनडीए की सरकार में मीरजापुर में भी कई विकास कार्य कराए गए है।मीरजापुर में मां विंध्यवासिनी मंदिर के लिए बना विंध्य कॉरिडोर,मेडिकल कॉलेज,पुल और कई सड़को का निर्माण किया गया है।पिछली सरकारों की अपेक्षा में बिजली,पानी एवं शिक्षा व्यवस्था में अभूतपूर्व सुधार हुआ है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए गए विकास कार्यों एवं जनहित योजनाओं के दम पर भाजपा गठबंधन चार सौ सीटें जीतकर आयेगी और देश में फिर से भाजपा गठबंधन की सरकार बनेगी।इस मौके पर सभासद इंद्रजीत पटेल, नितिन विश्वकर्मा, गुलाबचंद्र प्रजापति, शनि जायसवाल, मनोज केशरी, संतोष जायसवाल, संजय केशरी, श्रीमती श्रुति केशरी, गोवर्धन त्रिपाठी, गुलाबचंद्र शर्मा, मनमोहन जायसवाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### नाबालिग को बहला फुसलाकर भगाने का आरोपी बाल अपचारी हिरासत में लिया गया

**मीरजापुर।** थाना कछवां, जनपद मीरजापुर पर दिनांकः 06.05.2024 को कछवां क्षेत्रांतर्गत निवासी एक व्यक्ति द्वारा नामजद अभियुक्त के विरूद्ध वादी की नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगाने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई । जिसके आधार पर थाना कछवां पर मु0अ0सं0-43/2024 धारा 363,366 भादवि पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई । पुलिस अधीक्षक मीरजापुर 'अभिनन्दन' द्वारा उक्त घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी करने व अपहृता की सकुशल बरामदगी हेतु थाना प्रभारी कछवां को निर्देश दिए गए । उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना कछवां पर पंजीकृत उपरोक्त अभियोग की विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में दिनांकः 09.05.2024 को उप निरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद सिंह मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना कछवां क्षेत्र से सम्बन्धित 01 नफर बाल अपचारी को अंतर्गत धारा 363,366 भादवि में हिरासत में लेते हुए नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए किशोर सुधार गृह भेजा गया ।

# आम चुनाव बहिष्कार करेगी कोनिया,पुल नहीं तो वोट नहीं

स्वतंत्र प्रभात




**सीतामढ़ी।** भदोही के कोइरौना थाना अन्तर्गत कोनिया के ग्रामीणों ने लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने की घोषणा कर दिया है। शुक्रवार दिन में 11 बजे सैकड़ों की संख्या में लोग डेंगुरपुर धनतुलसी गंगा घाट पहुंचें और पुल निर्माण को लेकर प्रदर्शन किया, नारेबाजी करते हुए लोगों ने कहा ÷कोनिया मांगे पक्का पुल पुल नहीं तो वोट नहीं। कोनिया क्षेत्र में पुल नहीं होने से ग्रामीण एमपी बिहार काशी प्रयाग मिर्जापुर जाने के लिए 125 किलोमीटर से भी ज्यादा दूरी तय कर रहें हैं यही वजह है कि 25 मई को होने वाले मतदान का बहिष्कार करने की घोषणा ग्रामीणों ने कर दिया है।पिछ्ले दिनों जिला निर्वाचन अधिकारी डीएम विशाल सिंह ने नायब तहसीलदार कानूनगो लेखपाल की संयुक्त टीम भेजकर जनता की मांग को शासन तक पहुंचाने और मतदान में हिस्सा लेने के लिए आग्रह किया था जिसपर ग्रामीण 7 दिनों के भीतर ठोस कार्यवाही पर वोट देने को तैयार हुऐ थे लेकिन तय समय बीतने पर कुछ भी सामने न आने से कोनिया क्षेत्र के लोग मतदान बहिष्कार पर अडिग हैं। आज़ादी से आज तक हर सरकार के साथ रह चुके कोनिया क्षेत्र के लोग अब झूठे दिलासो पर रूठे नजर आ रहे हैं।

नक्शे पर देखा जाय तो कोनिया क्षेत्र को एक टापू जैसा है जो तीन ओर से गंगा की धारा से घिरा हुआ है,बाढ़ के दिनों में यह क्षेत्र डूब जाता है 1978 के बाढ़ में पुरा कोनिया गंगा के मुख्य धारा में था कटरा के आगे के सभी गांव पूर्ण रूप से गंगा के भीतर समाहित थे। भदोही जिला मुख्यालय से लगभग 55 किलोमीटर दूर स्थित विकास की दृष्टि से अति पिछड़े क्षेत्र के रुप में कोनिया जाना जाता है। क्षेत्र के ग्रामीणों ने लोकसभा चुनाव में वोट नही देने का मन बना लिया है। इस क्षेत्र में कई दशक गुजर गए बावजूद इसके 50 से अधिक गांवों के 2 लाख़ से भी अधिक लोगों को आज तक मूलभूत सुविधाएं मुहैया नहीं हो पाई है । यही वजह है कि ग्रामीणों ने 25 मई को होने वाले मतदान का बहिष्कार कर दिया हैं।

# उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी के मौजूदगी में बीजेपी प्रत्याशी पारसनाथ ने किया नामांकन

स्वतंत्र प्रभात




**गाजीपुर** - भाजपा प्रत्याशी के नामांकन को ऐतिहासिक बनाने की तैयारी में पार्टी जुटी हुई है। पार्टी सभी वर्गों को जोड़ने के लिए रणनीति के तहत काम कर रही है। अब नामांकन के साथ-साथ चुनाव प्रचार में जान फूंकने के लिए पार्टी ने शक्ति प्रदर्शन करने की योजना बनाई है। इसके लिए पहली बार उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी जनपद में पहुंचे हैं। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पहली बार जनपद में आए। इस दौरान गिरीशचंद्र यादव, रविंद्र जायसवाल और दयाशंकर मिश्र दयालु भी शामिल रहे। पारसनाथ राय का नामांकन जुलूस पूर्वाह्न 10 बजे, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के मैदान से सैनिक चौराहा भुतहियाटाड़, वंशी बाजार के रास्ते लंका मैदान पहुंचा। जहां से पार्टी प्रत्याशी नामांकन के लिए प्रस्थान किया। इस अवसर पर आयोजित जनसभा को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी, उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक व अन्य मंत्री संबोधित करेंगे।

### डिप्टी सीएम ने छोड़ा सियासी तीर, बोले- कांग्रेस एक भ्रष्ट पार्टी, सपा गुंडों और लफंगों का दल

गाजीपुर - मंच से प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कांग्रेस को एक भ्रष्ट पार्टी और सपा को गुंडों और लफंगों की पार्टी बताया है। कहा कि सपा का हाल किसी से छुपा नहीं है। आज प्रदेश माफिया मुक्त हो चुका है। पिछली बार गठबंधन के चलते विरोधी गाजीपुर सीट पर आगे निकले थे। वह गाजीपुर में भाजपा प्रत्याशी पारसनाथ राय के समर्थन में लंका मैदान में आयोजित सभा को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि मैं यादव समाज से भी अपील करता हूं वे भाजपा के साथ आए। क्योंकि, अखिलेश यादव ने सारे टिकट अपने परिवार में बांट दिए। बाकी यादव समाज ठगा सा रह गया। केवल बीजेपी ही ऐसी पार्टी है जो सबको लेकर चलती है। आज कोई नहीं बता सकता की बीजेपी का अगला प्रेसिडेंट कौन होगा। लेकिन, सपा और कांग्रेस का मुखिया कौन होगा ये कोई भी बता सकता है। बीजेपी में एक सामान्य कार्यकर्ता कही तक भी पहुंच सकता है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने गाजीपुर सीट से बहुत मंथन के बाद पारसनाथ राय को अपना प्रत्याशी घोषित किया गया है। वो एक शिक्षक हैं और विरोधियों के बारे में सब जानते हैं।

### सीएम पुष्कर सिंह धामी बोले- विपक्ष में हताशा और निराशा के चलते कम हुआ मतदान प्रतिशत

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि विपक्ष में हताशा और निराशा है। इसलिए वो मतदान करने नहीं निकले, जिससे मतदान फीसद कम हुआ है। लेकिन, हम (भाजपा) तीन चरणों में 200 सीटे से अधिक पा चुके हैं। आने वाले चरणों ये आंकड़ा 400 के पार कर लेंगे। वह भाजपा प्रत्याशी पारसनाथ के नामांकन के बाद मीडिया से बातचीत कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि आज बड़ा शुभ दिन है। चारधाम की यात्रा जहां से शुरू हुई, वहां से मैं आया हूं। 2013 में आपदा के समय केदारनाथ के प्रांगण में बहुत नुकसान हुआ था। पीएम के नेतृत्व में तेजी से तीन चरणों में वहां नव निर्माण और पुरनिर्माण का कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। वहां पूरी दुनिया के श्रद्धालु आ रहे हैं। नामांकन कार्यक्रम के दौरान नामांकन उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक,निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री डॉ संजय निषाद , मा मंत्री गिरीशचंद्र यादव, उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु , उ प्र सरकार के मंत्री जिले के प्रभारी मंत्री रविंद्र नाथ जायसवाल तथा उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री दया शंकर सिंह, राज्यसभा सांसद डा संगीता बलवंत, विधान परिषद सदस्य विशाल सिंह चंचल, अभिनव सिन्हा, राजीव गुंबर सपना सिंह, सरिता अग्रवाल, शिवनाथ यादव डॉक्टर केदारनाथ सिंह सुनीता सिंह भोनू सोनकर , डॉ राजकुमार सिंह गौतम, जिला प्रभारी राकेश त्रिवेदी सुभाषपा जिला अध्यक्ष लल्लन राजभर, रा लोक दल जिला सचिव सतीश चंद्र यादव, लोकसभा प्रभारी आरती कुशवाहा रामनरेश कुशवाहा सरोजेश सिंह, रामराज बनवासी, समारू चौहान, राजन सिंह, योगेंद्र सिंह, संतोष यादव ,शालिनी यादव, धर्मेंद्र सिंह अवधेश राय अमिताभ राय राजदेव यादव जिला महामंत्री प्रवीण सिंह ओम प्रकाश राय दयाशंकर पांडेय, अवधेस राजभर, जिला मीडिया प्रभारी शशिकान्त शर्मा आदि ने सम्बोधित किया व उपस्थित रहे। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सुनील सिंह, संचालन लोकसभा संयोजक कृष्ण बिहारी राय ने किया।

## घर में घुसकर जानलेवा हमला कर लूट का प्रयास करने वाला शातिर गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात



**अलीगढ़,।** थाना सासनीगेट व सर्विलांस पुलिस टीम द्वारा लूट के प्रयास करने के उद्देश्य से घर में घुसने वाले शातिर आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त अवैध असलाह व स्कूटी बरामद की है। पकड़ा गया आरोपी शातिर किस्म का अपराधी है और उसके खिलाफ विभिन्न धाराओं में कई मुकद्दमें पंजीकृत हैं।

वादी राकेश कुमार वर्मा की लिखित तहरीर के आधार पर अज्ञात चार व्यक्तियों द्वारा उसके घर में अवैध असलाह के साथ लूट करने के उद्देश्य से घर में घुसने के प्रयास करने के संबंध में थाना सासनीगेट पर घर में घुसकर जानलेवा हमला करते हुये लूटपाट करने का मुकद्दमा पंजीकृत किया गया था ।

थाना सासनीगेट व सर्विलांस पुलिस टीम के द्वारा वांछित आरोपी सोहिल पुत्र जमालुद्दीन निवासी छत्ता राजा काशी कश्मीरी बाजार पीटीओ थाना छत्ता जनपद आगरा हाल पता फतेहावाद रोड काशीराम कालोनी बिल्डिंग नं0 2 मकान नं0 14 थाना पर्यटक आगरा को घटना में प्रयुक्त बिना नम्बर की स्कूटी व एक देशी तमंचा मय एक जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ रूसा ( शेखर सर्राफ हास्पीटल) के सामने से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस द्वारा पुछताछ करने पर बताया कि उसका दोस्त आमिर आगरा से लूट करने में जेल गया था, उसने बताया कि मेरा दोस्त बिल्लू जो हाथरस का रहने वाला है हाथरस में काम बता रहा है । आज हाथरस चलते है तब में अपनी स्कूटी एक्टिवा रंग सफेद से नम्बर प्लेट उतारकर आमिर के साथ आमिर को साथ लेकर हाथरस बस स्टैण्ड आये थे हाथरस बस स्टैण्ड पर पहुँचने के कुछ देर बाद आमिर का दोस्त बिल्लू पल्सर मोटरसाइकिल से एक अन्य व्यक्ति के साथ आया और आमिर और बिल्लू आपस में बातचीत करने के बाद आमिर कहने लगा कि हाथरस में काम नही हो पा रहा है अब हम लोग अलीगढ चलते है तब में और आमिर स्कूटी से व बिल्लू व एक अन्य व्यक्ति पल्सर मोटरसाइकिल से अलीगढ आये थे और बिल्लू अलीगढ शहर में सकरी गली में ले गया और गली में देखकर बोला कि घर के सामने स्कूटी खडी है। थोडी देर बाद आये तब हम चोरो लोग आगरा रोड पर आ गये तो करीब 30-35 मिनट खडे रहने के बाद हम लोग फिर गये और स्कूटी व मोटरसाइकिल रास्ते में खडी करके सकरी गली में जाकर एसी मरम्मत कहने की कह कर एक घर का गेट खुलवाया तो एक महिला हम लोगो को देखकर गेट खोलकर तुरन्त बन्द करने लगी तब गेट में धक्का देकर घर के अन्दर घुस गये और महिला को धक्का मारने पर गिर गयी तब एक महिला जो घर के अन्दर थी व अन्य कमरे से चिल्लाना शुरू क करने पर हम लोग बिना लूट पाट किये डर के मारे भाग आये थे बिल्लू एक व्यक्ति के साथ हाथरस रूक गया था वह और आमिर स्कूटी से आगरा आ गये जबसे में आगरा में रह रहा था ।

## बहला-फुसलाकर भगाने वाला दबोचा

**अलीगढ़,।** थाना गांधीपार्क पुलिस टीम द्वारा लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के प्रकरण में वांछित आरोपी गिरफ्तार कर जेल भेजा है। थाना गांधीपार्क पुलिस टीम द्वारा लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के प्रकरणमें वांछित आरोपी मेघ सिंह पुत्र कारे सिंह निवासी करील थाना मुडसान जनपद हाथरस हाल पता हाल निवासी मौहल्ला श्रीनगर थाना कोतवाली जनपद हाथरस को गिरफ्तार किया गया है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### बीएसपी प्रत्याशी का जनसंपर्क अभियान



**कोराव,प्रयागराज।** बहुजन समाज पार्टी प्रत्याशी रमेश कुमार पटेल का चुनावी जनसंपर्क अभियानजारी है। गौहनीया ,पावरी ,बजहिया, बेलसारा, सलैया, कुआ, कुई,बहेरी, गढ़वा, धरी,रामपुरा,पठानपुरा, जेठूपुर, कठौली,कंचानका सहित आसपास के छेत्र और लोगों से मिल कर संपर्क कर अपने समर्थन में वोट मागा।

### ठा. प्रिय बिहारी महाराज का 22 वां पाटोत्सव समारोह का धूमधाम से शुभारंभ



कार्यक्रम में मौजूद लोग।

**मथुरा।** चैतन्य विहार स्थित कृष्ण कृपा कुटीर पर 23 वां वार्षिक दिव्य रसोत्सव एवं ठाकुर प्रिय बिहारी महाराज का 22वां पाटोत्सव समारोह का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।कार्यक्रम की जानकारी देते हुए ब्रह्मचारी भोला महाराज ने बताया कि परम पूज्य सदगुरुदेव ब्रह्मलीन गीता मनीषी स्वामी वेदांतानंद महाराज की कृपा से त्रिदिवसीय इस महोत्सव में प्रथम दिवस दीप प्रज्वलन के साथ संत आशीर्वचन का आयोजन हुआ। जिसमें बोलते हुए महामंडलेश्वर राधा प्रसाद देव जु महाराज ने कहा कि गीता मनीषी वेदांतानंद महाराज दिव्य विभूति थे। उनके द्वारा समय समय पर समाज सेवा के तमाम प्रकल्प चलाए जाते थे। वे नर में नारायण के दर्शन करते थे। मुख्य रूप से नर सेवा ही नारायण सेवा के रूप में मानते थे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महामंडलेश्वर डॉ सत्यानंद सरस्वती अधिकारी गुरु महाराज,महंत मोहिनी बिहारी शरण, विष्णुकांत, नंदू बाबा आदि मौजूद रहे।

### निकोटिन को लेकर एक जून से लागू होगा यह नियम

**मथुरा।** किसी भी खाद्य पदार्थ में तम्बाकू एवं निकोटिन को एक अवयव के रूप में प्रयोग किया जाना प्रतिबंधित किया गया है। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तर प्रदेश ने इस तरह के आदेश जारी किये हैं। जनस्वास्थ्य को देखते हुए एक ही परिसर में समान ब्रांड नेम भिन्न ब्रांड नेम से प्रभावी अपमिश्रक तम्बाकू, निकोटिन के साथ पान मसाला का विनिर्माण, पैकिंग, भंडारण, वितरण एवं विक्रय एक जून से प्रतिबंधित किया गया है। सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन डा.गौरी शंकर ने बताया कि समस्त खाद्य पदार्थ कारोबारियों को निर्देशित किया जाता है कि परिसर में नियमों का उल्लंघन न किया जाए। अगर खाद्य कारोबारियों द्वारा नियमों का उल्लंघन किया जाना पाया जाता है तो उनके प्रतिष्ठान पर भंडारित पान मसाला को जब्त कर नष्ट कराते हुए लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निरस्त कर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

### हाईवे पर मोटरसाइकिल सवार को मारी गोली

-मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल में कराया भर्ती



**मथुरा।** हाईवे पर रात को मोटरसाइकिल सवार युवक को बदमाशों ने गोली मार दी। गोली लगने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक पहले वृंदावन के सौ सौम्या अस्पताल में भर्ती कराया। यहां हालत गंभीर होने पर जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। गोली युवक के कंधे में लगी है। घटना को अंजाम देने के बाद बदमाश घटना स्थल से भाग निकले। घटना थाना जैंत क्षेत्र में छरौरा के नजदीक हुई। जबकि गोली लगने से घायल हुआ युवक धीरज सैनी पुत्र प्रेम शंकर सैनी भी छरौरा का ही रहने वाला है। इससे यह शक गहरा रहा है कि घटना को अंजाम देने वाले बदमाश घायल युवक के परिचित हो सकते हैं। बृहस्पतिवार रात 11:15 बजे धीरज बाइक से अपने गांव लौट रहा था। बताया गया है कि गांव छरौरा के नजदीक पहुंचते ही बदमाशों ने बाइक सवार को गोली मार दी। गोली उसके कंधे में लगी, जिससे वो बुरी तरह घायल हो गया। इस घटना के बाद पुलिस ने पूछताछ के लिए कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। जैत थाना प्रभारी अजय वर्मा ने बताया घटना की जांच की जा रही।

# दिलीप संघाणी इफको के पुनः चेयरमैन निर्वाचित। बलवीर सिंह वाइस चेयर मैन









- प्रबंध निदेशक डॉक्टर यूएस अवस्थी सहित सभी ने दी बधाई।

स्वतंत्र प्रभात

दयाशंकर त्रिपाठी।

किसानो की सबसे बड़ी सहकारी संस्था इफको बोर्ड का चुनाव आज संपन्न हो गया । जिसमें दिलीप सघानी बोर्ड के अध्यक्ष पद पर पुनर्निर्वाचित घोषित किए गए । तथा उपाध्यक्ष पद पर वल वीर सिंह दोबारा निर्वाचित हुए। यह दोनों पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित किए गए ।इसके अलावा 21 बोर्ड आफ डायरेक्टर भी निर्वाचित हुए जिसमें चार लोगों को छोड़कर सभी पुराने बोर्ड में भी डायरेक्टर पद पर आसीन थे।

इफको जैसी महत्वपूर्ण संस्था का चुनाव पारदर्शी और निर्विवाद रूप से संपन्न होने पर संस्था की निष्पक्षकार्य शैली को प्रमाणित करता है और संस्था की एकजुटता को भी प्रदर्शित करता है।

इस सहकारी संस्था के चुनाव की प्रक्रिया कई महीनो से चल रही थी। पहले इसके सदस्यों का डेली गेट का चुनाव हुआ और उसके बाद बोर्ड के डायरेक्टर्स चुने गए और आज बोर्ड के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव संपन्न हो गया ।और बोर्ड का विधिवत गठन कर दिया गया ।संस्था के प्रबंध निदेशक डॉ उदय शंकर अवस्थी ने बोर्ड के अध्यक्ष चुने जाने पर दिलीप संधानी तथा उपाध्यक्ष बलबीर सिंह को बधाई देते हुए कहा है उनके नेतृत्व में इफको निरंतर आगे प्रगति करती रहेगी और सहकार से समृद्ध तक के लक्ष्य को प्राप्त करेगी।

इफको के निर्वाचित अध्यक्ष दिलीप संधानी गुजरात से चुनकर आते हैं। और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा सहकारिता मंत्री अमित शाह के बहुत ही विश्वसनीय नेताओं में उनकी गणना होती है उनके नेतृत्व में पिछले 3 वर्षों में नए आविष्कार का काफी सफल प्रयास किया गया। नैनो तरल और नैनो डीएपी तरल के साथ ड्रोन दीदी पायलट योजना के द्वारा प्रशिक्षण देकर किसानों के फसल पर नैनो के छिड़काव का रास्ता सुगम करने की योजना चलाई गई। प्रगतिशील विचार वाले गुजरात सहकारिता के क्षेत्र के संधानी पुरोधा माने जाते हैं।इफको से काफी समय से जुड़े रहे हैं और निर्देशक के पद पर निर्वाचित होकर आते रहे। नए बोर्ड के गठन पर अधिकारी संघ कर्मचारी संघ के नेताओं तथा इफको परिवार के सभी सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुएअध्यक्ष और उपाध्यक्ष को बधाई दी है।

# ब्लॉक संसाधन केंद्र से निकाली गयी मतदाता जागरूकता रैली

स्वतंत्र प्रभात

**कोरांव प्रयागराज।** आगामी लोक सभा चुनाव स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत खंड शिक्षा अधिकारी कोराँव रिजवान अहमद खान द्वारा आयोजित मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन बी आर सी परिसर से क्षेत्रीय बजार व निकट वर्ती ग्राम सभा मे किया गया। रैली को नायब तहसील दार रण विजय सिंह व एकेडमिक रिसोर्स पर्सन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली मे परिषदीय बच्चों के साथ कस्तूरबा विद्यालय ने भी प्रतिभाग किया। सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो के नारों के साथ रैली ग्रमीण जनो के बीच निकाली गयी। रैली के साथ जनपद की बेसिक स्काउट गाइड नुक्कड़ नाटक टीम जगह जगह नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जन जागरूकता का सन्देश दे रही थी

आगामी 25 मई को होने वाले मतदान मे अधिक से अधिक लोगो को मतदान के लिए प्रेरित करने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर ब्लॉक स्काउट मास्टर नरेन्द्र सिंह,ए आर पी अवधेश मिश्रा, समीर मिश्रा, रमाकांत सिंह सहित जिला गाइड कैप्टन प्रवीण सिंह, संगठन आयुक्त गायत्री यादव, नुक्कड़ नाटक टीम लीडर श्रद्धा श्रीवास्तव, ओम प्रकाश सिंह, शिवाकांत तिवारी, गणेश शंकर तिवारी, भोला नाथ शुक्ला, वीरेंद्र सिंह, गाइड कैप्टन अर्चना, शैलेन्द्र सिंह, जीवेश सिंह, विनोद सिंह, उमेश चंद्र मौर्य, गिरीश चंद्र कुशवाहा, भोला नाथ पाण्डेय, प्रदीप विश्वकर्मा, प्रेम नरायण, उमेश द्विवेदी तथा नुक्कड़ नाटक टीम सदस्यों ने प्रतिभाग किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी, डी सी राजीव त्रिपाठी,थे।

# शहर में खत्म हुई प्याउ, पानी को भटकते हैं लोग

- समाज सेवी संस्था ने प्याऊ लगाकर की लोगों की सेवा

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** शहर में प्याऊ खत्म हो गई हैं। लोग पीने के पानी को भटकते हैं। खजानी वेलफेयर सोसाइटी ने इनर व्हील क्लब मथुरा के सहयोग से मसानी तिराहे के समीप चमेली देवी गर्ल्स इंटर कॉलेज के सामने पियाऊ लगाई। अध्यक्ष आभा माहेश्वरी ने बताया कि मसानी तिराहे से लेकर चौक बाजार के 500 मीटर तक पीने के पानी की व्यवस्था नहीं है और यहां पर चार प्रमुख विद्यालय हैं चमेली देवी गर्ल्स इंटर कॉलेज, आरसीए महिला विद्यालय, डीएवी इंटर कॉलेज और अनार देवी पॉलिटेक्निक हैं। ऐसे में लगभग ढाई से तीन हजार छात्राएं, उनके अभिभावक, रिक्शा वाले, ऑटो वाले या पर्यटक इस सड़क से गुजरते है और इस भीषण गर्मी में उन्हें पानी पैसे से खरीद के पीना पड़ता है। फिर प्यासा रहना पड़ता है तो बहुत समय से सोसाइटी के सदस्यों को लग रहा था कि यहां पर पीने की पानी की व्यवस्था होनी चाहिए। अब अक्षय तृतीया के दिन से यहां पर व्यवस्था सुचारू रूप से चालू कर दी गई है। जिससे प्रतिदिन 500 व्यक्तियों को आरओ का मीठा ठंडा पानी पीने को मिलेगा और प्रमुख अवसरों पर शरबत का भी वितरण किया जाएगा। अक्षय तृतीया के दिन शरबत और सत्तू का वितरण आयोजित किया गया। जिसमें कुसुम अग्रवाल, आभा माहेश्वरी, रेखा माहेश्वरी का पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ। साथ ही इनर व्हील मथुरा से अध्यक्ष रंजना मित्तल, सचिव शिल्पी गर्ग, दीपा भार्गव, अरुणा बंसल, मीनाक्षी अग्रवाल, विनीता बंसल, पीडीसी लता गोयल उपस्थित रहे। खजनी वेलफेयर सोसाइटी के सभी सदस्य छवी बंसल, रेनू दे, स्वेच्छा भारद्वाज, भावना बघेल, खुशी खंडेलवाल, शुभम माहेश्वरी, सबा खान, खुशबू,लक्ष्मी देवी, प्रियंका सुमन सिंह, नंद किशोर, दीपक शर्मा, राधा और सुलेखा के अथक प्रयासों से 40 दिन तक इस जल सेवा का आयोजन किया जाता रहेगा।

# सरकारी दूत में जिला मलखान सिंह अस्पताल का किया औचक निरीक्षण, अस्पताल स्टाफ में मची भगदड़ी

स्वतंत्र प्रभात



**अलीगढ।** उत्तर प्रदेश के जनपद अलीगढ़ की तहसील कोल क्षेत्र के जिला मलखान सिंह अस्पताल परिसर में मंगलवार को दोपहर अस्पताल स्टाफ में उस वक्त अफरा तफरी ओर भगदड़ मच गया। जब जिला अस्पताल में फैली अवस्थाओं ओर बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं का उत्तर प्रदेश सरकार के सरकारी दूत अचानक औचक निरीक्षण करने के लिए अस्पताल परिसर में पहुंच गए। जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण करने के लिए पहुंचे आईएएस अधिकारी को देख वहां मौजूद अस्पताल स्टाफ में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के चलते यूपी के पांच अस्पतालों में से अलीगढ़ जिले के जिला मलखान सिंह अस्पताल को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के चलते पांचवीं श्रेणी में शुमार किया गया था। यही वजह है कि अस्पताल का निरीक्षण करने के लिए पहुंचे आईएएस अधिकारी के पहुंचने से पहले ही अस्पताल स्टाफ के द्वारा अस्पताल परिसर की साफ सफाई करते हुए पिछले कई वर्षो से अस्पताल के रूम में धूल फैक रहे वेंटिलेटर की भी साफ सफाई की गई। इस दौरान अस्पताल का औचक निरीक्षण करने पहुंचे आईएएस अधिकारी के द्वारा अस्पताल परिसर में निरीक्षण करते हुए मरीज से उनका हाल-चाल पूछा और पर्चा बनाने के रूम से लेकर कमरा नंबर 13,18, 22 समेत ऑपरेशन थिएटर का भी निरीक्षण किया गया।

# मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात



स्ट्रॉग रूम का निरीक्षण करते मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा।

**मथुरा।** लोक सभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल, निष्पक्ष, शांतिपूर्वक एवं पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश नवदीप रिणवा ने जनपद मथुरा के मण्डी समिति परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने मंडी परिसर में बनाए गये सभी विधानसभाओं के स्ट्रांग रूमों का बारी बारी से निरीक्षण किया तथा सभी स्ट्रांग रूम की निगरानी में लगाए गये सीसीटीवी कैमरों को देखा। उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय से स्ट्रॉग रूमों की सुरक्षा में तैनात पुलिस, सुरक्षाकर्मियों की जानकारी ली। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सुरक्षा के लिए बी.एस.एफ और पुलिसकर्मी तैनात किये गये हैं। जगह जगह पर बैरीकेटिंग तथा बैरीयर की व्यवस्था की गई है एवं बैरियरों पर पुलिसकर्मी की डयूटी लगाई गई है। उन्होंने मांट, छाता, गोवर्धन, मथुरा तथा बलदेव विधानसभाओं के मतगणना केन्द्रों पर लगने वाली टेबल की जानकारी ली तथा सभी मतगणना केन्द्रों का जायजा लिया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने विद्युत व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण किया। सीसीटीवी के माध्यम से संपूर्ण परिसर का अवलोकन किया। उन्होंने विभिन्न विधानसभाओं की निगरानी हेतु लगाए गये सीसीटीवी कैमरों की संख्याओं की जानकारी ली। उन्होंने सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम में उपस्थित प्रत्याशियों के एजेंटों से वार्ता की, उनकी समस्याओं के बारे में जाना, जिस पर सभी ने बताया कि मंडी परिसर में व्यवस्थाएं अच्छी हैं। पुलिस प्रशासन द्वारा पूर्ण सहयोग प्रदान किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय, उप जिला निर्वाचन अधिकारी योगानंद पांडेय, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रिंकू सिंह राही, एसपी सिटी अरविन्द कुमार, नगर मजिस्ट्रेट राकेश कुमार, सीओ महावन भूषण वर्मा, डिप्टी कलेक्टर ऊषा सिंह आदि मौजूद रहे।

# अयोध्या से मुंडन कराकर लौटे रहा परिवार गंभीर सड़क हादसा चालक समेत तीन लोगों की घटनास्थल पर ही मौत आठ लोग गंभीर रूप से घायल

स्वतंत्र प्रभात



**ब्यूरो गोण्डा।** अयोध्या से मुंडन कराकर परिवार और रिश्तेदारों के साथ लौट रहे स्कार्पियो सवार लोगों की गोंडा अयोध्या राजमार्ग पर साहिबा पुर के पास ट्रक और स्कॉर्पियो की आमने-सामने की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि कार के परखच्चे उड़ गए हैं। इस हादसे में चालक समेत तीन लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है गोंडा-अयोध्या राजमार्ग पर शुक्रवार की दोपहर बाद अयोध्या मुंडन कराकर लौट रही स्कार्पियो की वजीरगंज साहिबापुर के पास ट्रक से टक्कर हो गई। स्कॉर्पियो में महिला पुरुष और बच्चे मिलकर 15 लोग सवार थे। टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्कॉर्पियो टुकड़े-टुकड़े हो गई। हादसे में एक महिला, एक पुरुष और एक बच्चे की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि आठ लोग गंभीर रूप से घायल हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तत्काल सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। इसमें कई की हालत नाजुक बताई जा रही है। मृतकों में वजीरगंज थाना के गांव नगवा के रहने वाले 50 वर्षीय माता दीन स्कॉर्पियो चालक, नवाबगंज थाना क्षेत्र के विसनोहरपुर गांव की रहने वाली 40 वर्षीय रानी पत्नी आनंद तिवारी और वजीरगंज थाना क्षेत्र के नगवा गांव के रहने वाले शिवपूजन मिश्रा का 8 वर्षीय पुत्र श्लोक मिश्रा की मौत हो गई। जबकि घायलों में नगवा गांव की रहने वाली 28 वर्षीय मोहिनी मिश्रा पुत्री धर्म दत्त मिश्रा, 45 वर्षीय नेहा मिश्रा पत्नी धर्म दत्त मिश्रा, 30 वर्षीय प्रीति तिवारी पत्नी महेश मिश्रा, 28 वर्षीय हिमेश पुत्र धर्म दत्त मिश्रा, और 22 वर्षीय आदर्श पांडे पुत्र कमलेश पांडे , वजीरगंज थाना क्षेत्र के बरईपारा गांव की रहने वाली 14 वर्षीय रोली तिवारी पुत्री ध्रुव राज तिवारी गंभीर रूप से घायल हैं। वही स्कॉर्पियो में सवार गोंडा देहात कोतवाली क्षेत्र के रामनगर तरहर गांव की रहने वाली 21 वर्षीय लक्ष्मी तिवारी पुत्री इकबाल तिवारी, और देहात कोतवाली क्षेत्र के ताजपुर गांव की रहने वाली 14 वर्षीय अंशिका पांडे पुत्री विनोद पांडे गंभीर रूप से घायल हैं। इस संबंध में वजीरगंज थाना प्रभारी अभय कुमार सिंह ने बताया कि दुर्घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर सभी घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया है। जहां इलाज जारी है।

# अक्षय तृतीया पर ठाकुर बांकेबिहारी के चरण दर्शन को उमड़ी भीड

- वर्ष भर में एक बार होते हैं ठाकुर बांके बिहारी लाल के चरण दर्शन

स्वतंत्र प्रभात



अक्षय तृतीया पर ठाकुर बांकेबिहारी के चरण दर्शन को उमडी भीड।

**मथुरा।** वर्ष में एक बार अक्षय तृतीया पर बांके बिहारी मंदिर में होने वाले जन जन के आराध्य ठाकुर बांकेबिहारी महाराज के चरण दर्शनो के लिए आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। शुक्रवार को पट खुलने में साथ ही मंदिर परिसर बिहारीलाल के जयकारों से गूंज उठा। अपने आराध्य की एक झलक पाने को भक्त खासे लालायित दिखे। यह बताते चले की अक्षय तृतीया पर ही भक्तों को ठाकुर जी के चरण दर्शन सुलभ होते है। जिसे लेकर पहले ही श्रीधाम वृंदावन में हजारों भक्तों ने डेरा डाल लिया। सभी के दिलों में एक ही लालसा थी, की वह अपने आराध्य के चरण दर्शन के साथ दिन की शुरुआत करे। शुक्रवार सुबह जैसे ही मंदिर के पट खुले बड़ी संख्या में श्रद्धालु बांके बिहारी मंदिर पहुंच गए। जिसके चलते सम्पूर्ण मंदिर परिसर बांके बिहारीलाल के जयकारो से गुंजायमान हो उठा। मंदिर परिसर में पैर रखने तक की जगह नहीं रही। अद्भुद दर्शन और मनोहारी छटा में विराजित लाडले की एक झलक पाने के लिए भक्तो में होड़ सी लगी रही। सिर से पैर तक स्वर्ण श्रृंगार और चरणों में चंदन का लड्डू भक्तो को अपनी आकर्षित कर रहे थे। शाम को ठाकुर जी को शीतलता प्रदान करने के उद्देश्य से चंदन लेपन किया गया, तो एक बार फिर मंदिर में भक्तो का सैलाब उमड़ पड़ा। अपने आराध्य सर्वांग दर्शनो के लिए भक्त लालायित दिखाई दिए। बता दें कि वर्ष में एक ही दिन होने वाले चरण दर्शन और सर्वांग दर्शन का पुण्य अर्जित करने देश दुनिया से भक्त मौजूद वृंदावन धाम आए हैं। मान्यता है कि अक्षय तृतीया के दिन बांके बिहारी जी के चरण दर्शन और सर्वांग दर्शन करने पर भक्तों पर विशेष कृपा बरसती है। यह पुण्य अवसर वर्ष में सिर्फ एक बार ही मिलता है। बांके बिहारी मंदिर के सेवायत शुभम गोस्वामी के अनुसार शाम को शयन भोग के समय 5:30 बजे से रात 9:30 बजे तक ठाकुर जी के चरण दर्शन होंगे। अक्षय तृतीया पर आने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए सुरक्षा की दृष्टि से नगर के चप्पे-चप्पे पर पुलिस की पैनी नजर है। वहीं देर शाम ही भारी वाहनों का आवागमन नगर में प्रतिबंधित कर दिया गया। अन्य मार्गो पर भी यातायात परिवर्तित किया गया है।

# माफिया: एमवीडीए की कार्यवाही से अवैध निर्माण टूट रहे, हौंसले नहीं

- कुकुरमुत्तों की तरह उग रहीं अवैध कॉलोनियां

स्वतंत्र प्रभात




**मथुरा।** एमवीडीए की कार्यवाही के बावजूद जनपद में कुकुरमुत्तों की तरह अवैध कॉलोनियां विकसित हो रही हैं। इनकी संख्या सैकड़ों में है। यमुना खादर घिर जाने के बाद माफिया ने अब उन प्रमुख मार्गो पर अपना डेरा डाल दिया है जो प्रमुख धार्मिक स्थलों को जोड़ रहे हैं। बरसाना, नंदगांव, गोवर्धन, बलदेव, गोकुल आदि स्थलों को जोड़ने वाले प्रमुख मार्गो और धार्मिक स्थलों के आसपास अवैध कॉलोनियों को विकसित करने की होड मची है। वहीं एमवीडीए के अधिकारियों का कहना है कि वृंदावन क्षेत्र अंतर्गत सुनरख बांगर, देवी आटस, रामताल रोड पर निर्मित अवैध कॉलोनियों पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। दूसरे स्थानों पर भी लगातार कार्यवाही हो रही है। नरेश कौशिक द्वारा रामताल रोड पर लगभग 8000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में बिना नक्शा पास कराये अवैध रूप से कॉलोनी विकसित की जा रही थी। कॉलोनी में गेट, सडक, एक कमरा, बाउंड्रीवाल, सीवर लाइन आदि को जेसीबी की मदद से ध्वस्त किया गया। दशरथ गुप्ता व नीरज अग्रवाल द्वारा सुनरख रोड वृंदावन सुनरख से देवी आटस रोड वृंदावन रोड पर लगभग 8000 वर्ग मीटर भूमि पर गेट एवं रोड बना कर कॉलोनी का निर्माण किया जा रहा था। कॉलोनी का एमवीडीए से नक्शा भी स्वीकृत नहीं कराया गया था। एमवीडीए द्वारा 31 जुलाई को भी इस निर्माण पर कार्यवाही की गई थी। इसके बाद भी कॉलोनाइजर द्वारा निर्माण कार्य जारी रखा गया। पुनः गेट का निर्माण कार्य कराये जाने पर प्राधिकरण द्वारा तीन जेसीबी की सहायता से गेट को ध्वस्त किये जाने की कार्यवाही की गई। ध्वस्तीकरण अभियान में पर्याप्त पुलिस बल मौजूद रहा। प्राधिकरण से प्रवर्तन दल के सहायक अभियंता सुनील अग्रवाल, अवर अभियंता अनिल सिंघल, सुनील कुमार राजौरिया एवं प्रवर्तन स्टॉफ आदि मौजूद रहे।

# सुखईपुर गांव में भव्य तरीके से मनी परशुराम जयंती

- पूरे विश्व के आराध्य देव भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम की जयंती धूम धाम से मनाते हैं ग्राम वासी।

स्वतंत्र प्रभात



**अंबेडकरनगर-** हिंदू पंचांग के अनुसार हर वर्ष वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को भगवान विष्णु के अवतार परशुरामजी की जयंती मनाई जाती है। अक्षय तृतीया के दिन भगवान परशुराम का जन्म प्रदोष काल में हुआ था, ऐसे में वैशाख तृतीया तिथि और प्रदोष काल में भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाया जाता है। अक्षय तृतीया का पर्व हिंदू धर्म में विशेष स्थान रखता है। यह तिथि एक अबूझ मुहूर्त है, जिसमें किसी भी तरह का शुभ और मांगलिक कार्य बिना मुहूर्त का विचार कर किया जा सकता है। भगवान परशुराम के बारे में सतयुग से लेकर द्वापर युग और कलयुग में अनेक कथाएं मिलती हैं

आज भगवान श्री परशुराम की जयंती पुरे देश में ही नहीं अपितु पूरे विश्व में काफ़ी धूमधाम से मनाई जा रही है। इसी कड़ी में अंबेडकर नगर के एक छोटे से गांव सुखई पुर में सदियों से परशुराम जयंती मनाई जाती है। गांव में इसकी शुरुवात कब हुई इसका सटीक अंदाजा लगाना थोड़ा मुश्किल है लेकिन माना जाता है कि ये प्रथा शताब्दियों पुरानी है। बड़े स्तर पर जयंती मनाने का सिलसिला हाल के वर्षो से शुरु हुआ है। जब गांव के कुछ युवा इसमें बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने लगे। जिसमें मुख्य रूप से पीयूष शुक्ला,मोहित शुक्ला उर्फ़ सत्य पंडित, सरस शुक्ला , रोहित शुक्ला,उत्तम शुक्ला, प्रद्युम्न शुक्ला,हर्ष शुक्ला, प्रबल शुक्ला, आयुष शुक्ला, कौस्तुभ शुक्ला, विभास विश्वकर्मा आदि युवा बढ़ चडकर हिस्सा लेते हैं। जिसकी वजह से प्रोग्राम की भव्यता बढ़ गई है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### होम वोटिंग के माध्यम से वृद्ध मतदाता ने अपने मताधिकार का किया प्रयोग, पूरी प्रक्रिया के दौरान उपायुक्त रही मौजूद



**हजारीबाग** लोकसभा निर्वाचन 2024 में वृद्ध मतदाता (85 प्लस) एवं दिव्यांग मतदाता को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा होम वोटिंग के माध्यम से वोट दिए जाने का प्रावधान है। आज 10 मई से प्रारंभ हुए होम वोटिंग में 14 हजारीबाग एवं 25 हजारीबाग विधानसभा क्षेत्र के वृद्ध मतदाता रामचंद्र पाण्डे उम्र,87 वर्ष जिनका मतदान केन्द्र संख्या 310 तथा मतदान केन्द्र संत कोलंबा महाविद्यालय, कॉमन रूम पूर्वी भाग में है, भारत निर्वाचन आयोग द्वारा वृद्ध एवं दिव्यांगजनों के लिए प्रदान किए गए होम वोटिंग की सुविधा का लाभ लेते हुए उन्होंने अपने घर में ही अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस पूरी प्रक्रिया के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय मौजूद रहीं। उपायुक्त ने वृद्ध नागरिक रामचंद्र पांडे को होम वोटिंग की हर बारीकियों से अवगत कराया। मतदान की पूरी प्रक्रिया संपन्न होने के बार वरिष्ठ मतदाता ने खुशी जाहिर की। बता दें 10 मई से 14 मई 2024 तक होम वोटिंग के माध्यम मतदान कराए जायेंगे। मौके पर अपर समाहर्ता संतोष कुमार सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी मां देव प्रिया मौजूद रहे।

### जेएमएम से विजय हांसदा और बीजेपी से ताला मरांडी ने किया नामांकन



**झारखंड** लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण में होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर शुक्रवार को राजमहल लोकसभा क्षेत्र के लिए अधिसूचना मंगलवार को जारी होने के साथ ही साहेबगंज में उम्मीदवारों की नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। नामांकन के चौथे दिन लोकसभा चुनाव में राजमहल लोकसभा सीट से जेएमएम प्रत्याशी विजय हांसदा और बीजेपी प्रत्याशी के रूप में ताला मरांडी ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।साथ ही निर्वाची पदाधिकारी हेमंत सती के समक्ष दोनो ने अपना अपना नामांकन पपत्र दाखिल किया। मौके पर जेएमएम की ओर से महेशपुर विधायक स्टीफन मरांडी,कांग्रेस जिला अध्यक्ष बरकतुल्ला खान,जेएमएम नेता गुरु हेमब्रोन और बीजेपी की ओर से अमर बावरी,सिमोन मालतो व अन्य बीजेपी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### VVT, VST, AT के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

**साहेबगंज** झारखंड लोकसभा आम निर्वाचन- 2024 के परिपेक्ष्य नामांकन प्रक्रिया के उपरांत जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में ड्ड्ड्ञ, ड्स्ञ,ञ्ञ के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।बैठक में उपायुक्त द्वारा ड्ड्ड्ञ, ड्स्ञ,ञ्ञ के कार्यों को एक-एक कर क्रमबद्ध रूप से जानकारी ली एवं जिला में हो रहे चुनावी रैली एवं अन्य से संबंधित ड्ड्ड्ञ, ड्स्ञ ञ्ञ किस प्रकार कार्य कर रही है उस विषयों पर चर्चा की गई। उपायुक्त द्वारा निर्देशित किया गया कि आयोग के द्वारा दिए गए दिशा निर्देश पर कार्यों को किया जाना हैं ताकि राजमहल लोकसभा क्षेत्र में निष्पक्ष, समावेशी ,स्वच्छ चुनाव संपन्न कराया जाना है।मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी सुनीता किस्कू, जिला कोषागार पदाधिकारी आशुतोष कुमार एवं राजमहल, बोरियो, बरहेट की VVT, VST , AT टीम सम्मिलित रहीं।

### वज्रपात से किसान घायल, दो गाय व ग्यारह बकरी की मौत

**कैरो लोहरदगा झारखंड** कैरो थाना क्षेत्र अंतर्गत सढ़ाबे गांव निवासी किसान अदला उरांव वज्रपात के चपेट में आने से घायल हो गया, जबकि उनके 13 मवेशियों की मौत हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक अदला गुरुवार को कोयल नदी के किनारे अपने खेत के पास मवेशी चरा रहा था। दोपहर अचानक तेज हवा और बारिश के साथ हुए वज्रपात की चपेट में वह आ गया। जिससे वह घायल हो गया, कुछ दूरी में चर रहे उसके दो गाय व ग्यारह बकरी भी वज्रपात की चपेट में आ गए जिससे उनकी मौत घटनास्थल पर ही मौत हो गई। अदला को गांव में प्राथमिक उपचार के बाद कुडू सीएचसी ले जाया गया। जहां इलाज के बाद उसकी स्थिति ठीक-ठाक है। अदला गरीब किसान है। वह पशुपालन और थोड़ा-मोड़ा खेती कर रोजी-रोटी चलाता है। मवेशी के मरने से डेढ़ लाख का नुकसान हुआ है। उसके द्वारा अंचल प्रशासन से मुआवजे की मांग की गई है।

## दुमका में बसंत सोरेन ने सीता सोरेन को लेकर दिया बड़ा बयान

**● बसंत के बयान के बाद सीता संग बाबूलाल ने दी सफ़ाई, दुमका में सियासत आसमान पर**

स्वतंत्र प्रभात



**दुमका** सोरेन परिवार की बड़ी बहू सीता सोरेन को लेकर फिर सियासत गर्म हो गई है. देर शाम गुरुजी से सीता सोरेन की मुलाकात हुई. इसके बाद से ही कई तरह की चर्चा होने लगी. लेकिन इस बीच सीता के देवर बंसत ने दावा किया है कि मोदी परिवार में सीता सोरेन का मन भर गया है. अब वापस परिवार में लौटना चाहती है. दरअसल बंसत सोरेन ने यह बयान दिया है. लेकिन इसमें कितनी सच्चाई है यह तो वक्त बताएगा.

बता दे कि सीता सोरेन की मुलाकात गुरुवार देर शाम गुरूजी और बंसत सोरेन से हुई थी. घण्टों दोनों की मुलाकात के बाद जब सीता वापस निकली तो उन्होंने यह मुलाकात को परिवार के बीच की मुलाकात बताया है. लेकिन अब बंसत ने जो बयान दिया है इससे साफ है कि कुछ भी सम्भव है यह राजनीति है. बसंत ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि सीता सोरेन की मुलाकात के दौरान कई बातें हुई है. अब मोदी के परिवार में उनका मन भर गया है. वापस सोरेन परिवार में आना चाह रही है. साथ ही बंसत ने कहा कि अभी नामांकन पर्चा दाखिल किया गया है. अभी वापसी को तिथि बची हुई है।

**बसंत के बयान के बाद सीता संग बाबूलाल ने दी सफ़ाई, दुमका में सियासत आसमान पर**

सीता सोरेन ने बसंत के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि वह हाल ही में छ्रूरूछोड़ कर भाजपा में शामिल हुई है. उनकी मुलाकात अपने परिवार के लोगों के साथ हुई है. छ्रूरू पार्टी के लोग किसी तरह का भ्रम न रखें।

दुमका- झारखंड में चुनावी तपिश के बीच राजनीतिक पारा काफ़ी हाई है. दरअसल बसंत सोरेन ने आज मीडिया से बात करते हुए कहा कि मोदी परिवार में सीता सोरेन का मन भर गया है. अब वापस परिवार में लौटना चाहती है. दरअसल बंसत सोरेन ने यह बयान दिया है. लेकिन जब सीता सोरेन से इस बात पर स्वाल किया गया तो उन्होंने पलटवार करते हुए कहा कि वह हाल ही में छ्रूरूछोड़ कर भाजपा में शामिल हुई है. उनकी मुलाकात अपने परिवार के लोगों के साथ हुई है. इस मुलाकात में पार्टी और राजनीति से संबंधित कोई बात नहीं हुई है. उन्होंने फिर दोहराया की परिवार के साथ है लेकिन राजनीतिक पिच पर अलग जरूर है. जहां तक परिवार की बात है तो परिवार को कोई भी छोड़ नहीं सकता है. उन्होंने कहा कि मुझे नहीं पता कि द्भद्बद्ब पार्टी के लोग इस तरह का भ्रम क्यों रख रहे हैं. वहीं जब भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल से इस मामले पर पूछा गया तो उन्होंने सफ़ाई देते हुए कहा कि सीता ने सब कुछ बोल ही दिया तो अब वे क्या बोलें।

**सीता सोरेन ने दुमका लोकसभा सीट से किया नामांकन**

बता दें कि भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन ने दुमका लोकसभा सीट से आज नमांकान दाखिल कर दिया है. सीता सोरेन ने जिला निर्वाची पदाधिकारी आंजनेयुलु दोड्डे को अपना नामांकन पत्र सौंपा। मौक़े पर सीता सोरेन के साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मारंडी भी मौजूद थें।

## सीता सोरेन के नामांकन के बाद झारखंड सरकार पर जमकर बरसे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, लोगों से सीता के पक्ष में वोट की अपील की

**● दुमका से बीजेपी प्रत्याशी सीता सोरेन ने समाहरणालय पहुंचकर अपना नॉमिनेशन किया. मौके पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी भी मौजूद रहे**

स्वतंत्र प्रभात

**दुमका-** दुमका से बीजेपी प्रत्याशी सीता सोरेन ने समाहरणालय पहुंचकर अपना नॉमिनेशन किया. मौके पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी भी मौजूद रहे. नामांकन के मौके पर शहर के यज्ञ मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह दुमका पहुंचे. जनसभा में उन्होंने सीता सोरेन के पक्ष में मतदान की अपील की. भ्रष्टाचार के मुद्दे पर उन्होंने कांग्रेस और झामुमो पर जमकर निशाना साधा. राजनाथ सिंह ने कहा कि झामुमो ने पूरे झारखंड का सिर शर्म से झुकाया है. भला एक राज्य का मुख्यमंत्री 24 घंटे तक लापता कैसे हो सकता है।

**आपकी खून पसीने की गाढ़ी कमाई को इन लोगों ने मिलकर लूटा है- राजनाथ सिंह**

वहीं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह कांग्रेस पर प्रहार करते हुए कहा कि आपकी खून पसीने की गाढ़ी कमाई को इन लोगों ने मिलकर लूटा है. यही वजह है कि किसी संसद के घर से 300 करोड़ रूपया जबकि एक मंत्री के पीएस के नौकर के यहां से करोड़ों रुपया बरामद होता है.इन सब बातों का बदला लेना है और इसके लिए कमल निशान पर बटन दबाना है।

**रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लोगों से सीता सोरेन के पक्ष में मांगा वोट**

वहीं लोगों से वोट की अपील करते हुए उन्होंने कहा कि ईडी अपना काम कर रही है.



कहीं से भी उसे गाइड नहीं किया जाता है. बीजेपी ने कभी यह नहीं कहा है कि किसके यहां छापेमारी करना है और कहां नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री का एक ही कहना है कि जहां भी भ्रष्टाचार दिखे वहां छापेमारी करें. उन्होंने कहा कि आप भरोसा रखिए जब तक नरेंद्र मोदी है तब तक भारत का झंडा देश विदेश में बुलंद होता रहेगा.मंच पर निवर्तमान सांसद सुनील सोरेन, पूर्व मंत्री लुईस मरांडी, राज पलिवार, विधायक रणधीर सिंह भी मौजूद रहे. राजनाथ सिंह को सुनने काफी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और समर्थक जुटे थे।

## प्रत्याशियों के नामांकन के पश्चात महेशपुर विधान सभा क्षेत्र के पाकुड़िया प्रखण्ड में बढ़ेगी राजनैतिक सरगर्मी

**● हालांकि पाकुड़िया के चौक चौराहों में राजनैतिक चर्चा जोरों पर**

स्वतंत्र प्रभात

**पाकुड़िया/पाकुड़/झारखण्ड-** पाकुड़ जिला अन्तर्गत महेशपुर विधान सभा क्षेत्र के पाकुड़िया प्रखण्ड में फिलहाल राजनैतिक सरगर्मी नहीं बढ़ी है यद्यपि,पाकुड़िया के मुख्य चौक,सिदो कान्हू चौक पर अलबत्ता राजनैतिक चर्चाऐं आहिस्ते-आहिस्ते हिलोरें लेती देखी जा रही।समझा जा रहा है नामांकन के बाद राजनैतिक गतिविधियां बढ़ेंगी।वहीं बोरियो विधायक लोबिन हेम्बरम ने 7मई को अपने समर्थकों के साथ नामांकन दाखिल कर,राजमहल लोक सभा क्षेत्र के राजनैतिक तापमान को बढ़ा दिया है। 10मई को भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी ताला मरांडी नामांकन दल बल के साथ दाखिल करेंगे। राजनैतिक झरोखे से मिल रही सूचनाओं के अनुसार राजमहल लोकसभा क्षेत्र में त्रिकोणात्मक संघर्ष की सम्भावना देखें जा रही है।हालांकि विजय का सेहरा किसके सिर होगा यह तो,पहली जून को ही स्पष्ट होगा। लेकिन झारखण्ड के लोगों विशेष तौर पर मतदाताओं को भली भांति यह ज्ञात है कि झारखण्ड में दो राजनैतिक दलों में ही,कांटे की टक्कर है एक ओर एन,डी,ए जबकि दुसरी ओर इंडी गठबंधन।पाकुड़िया जन जातिय बहुल प्रखण्ड है और यह पश्चिम बंगाल के बीरभूम ज़िला के निकट है।राजमहल जनजातिय आरक्षित सीट है एवम लोक सभा सीट पर कांग्रेस के उम्मीदवारों का दब दबा रहा है हालांकि,इस क्षेत्र से दो बार भाजपा के प्रत्याशियों को सफलता मिली है जिसमें स्व,सोममरांडी व देवीधन बेसरा हैं।इधर 14एवम 19के लोक सभा क्षेत्र से 2बार झामुमो के विजय हांसदा विजयी रहे हैं और इस बार भी झामुमो ने उन पर भरोसा जताते हुए टिकट दिया है।हांसदा इंडी गठबंधन की ओर से चुनावी मैदान में हैं।वहीं राजनैतिक दलों के लोग प्रखण्ड के विभिन्न



ग्रामीण इलाकों में मतदाताओं के मन टटोलने के क्रम में,सम्पर्क साधने में लगे हैं परन्तु मतदाता फिलहाल अपने पत्ते खोलते नहीं दिख रहे हैं।विभिन्न श्रोतों से मिल रही जानकारी के मुताबिक कहा जा रहा है कि नामांकन व स्क्रूटनी के पश्चात,प्रत्याशियों के सघन चुनावी प्रचार होने से मतदाताओं के झुकाव का संकेत मिलने की सम्भावना है।विजय श्री किसे मिलेगी यह तो अतीत के गर्भ में है और सभी को मालुम है कि परिणाम कब मिलेगा लेकिन,एपेल वाहा एवम आसार की चर्चा जोरों पर है।

## सोमवार से स्कूलों में लौटेगी रौनक, पुनः खुलेंगे सभी स्कूल

**● स्कूल संचालकों एवं संघ ने राज्य सरकार के आदेश का किया स्वागत**

स्वतंत्र प्रभात

**बरही-** वर्तमान में मौसम में परिवर्तन को देखते हुए स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड सरकार द्वारा सभी विद्यालयों के केजी से 8वीं तक की कक्षाएं 13 मई से खोलने के आदेश जारी किया है। कक्षाएं पुनः अपने निर्धारित समय से संचालित किए जायेंगे। इस आदेश के बाद पुनः विद्यालयों में सुचारू रूप से बच्चों की पढ़ाई शुरू हो जाएगी। सरकार के इस आदेश का बरही के निजी विद्यालय के संचालकों, निजी विद्यालय संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने स्वागत किया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश भर के स्कूलों में गर्मी और लू को देखते हुए मिले अवकाश के बाद सोमवार से स्कूल खुलेंगे तो एक बार फिर से विद्यालयों में रौनक लौट आयेगी। साथ ही बच्चों की पढ़ाई भी सुचारू रूप से चलेगी। मौसम सुधार के बाद सरकार का यह फैसला उचित है ताकि बच्चों की पढ़ाई बाधित न हो। विद्यालय खोले जाने के आदेश का स्वागत करने वालों में निजी विद्यालय संघ के अध्यक्ष मिथिलेश यादव, श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक रोहित सिंह, आईलेक्स पब्लिक स्कूल के निदेशक शैलेश कुमार, रेनबो स्कूल बरही के निदेशक सिकंदर प्रसाद कुशवाहा, झारखंड नेशनल पब्लिक स्कूल के प्रधानाध्यापक डॉ सुनील दत्ता, भामाशाह बरही के प्राचार्य रजनीश कुमार पांडेय, करियातपुर उच्च विद्यालय के निदेशक संदीप कुमार, अर्श स्कूल के निदेशक शत्रुधन कुमार, गांधी स्कूल के निदेशक प्रकाश कुमार, मॉडर्न पब्लिक स्कूल के निदेशक मनोज कुमार यादव, स्मार्ट चैम्प प्ले स्कूल की निदेशक स्नेहा प्रिया, नेक्सजेन किड्स के निदेशक संतोष कुमार, माउंट औलिवेट स्कूल विजैया के प्रधानाध्यापक विजय कुमार, डॉ बीआर अंबेडकर स्कूल के निदेशक गुलाब कुमार दास,



लिटिल स्टेप बोर्डिंग स्कूल के प्रधानाध्यापक सुरेश कुमार, आस्था पब्लिक स्कूल के प्रधानाध्यापक देव कुमार, बीएम इंटरनेशनल स्कूल के दीपक कुमार, आर्यभट्ट पब्लिक स्कूल कारीमाटी के निदेशक कमलेश कुमार, इंडियन पब्लिक स्कूल के निदेशक बासुदेव साव, सनराइज अकादमी के निदेशक सुरेश प्रसाद, नवोदय पब्लिक स्कूल के निदेशक सुधीर चंद्र, सेंट्रल मिशन पब्लिक स्कूल के निदेशक नितेश कुमार समेत अन्य सभी निजी विद्यालय शामिल है।

### जेएमएम से विजय हांसदा और बीजेपी से ताला मरांडी ने किया नामांकन दर्ज

**साहेबगंज-** लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण में होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर शुक्रवार को राजमहल लोकसभा क्षेत्र के लिए अधिसूचना मंगलवार को जारी होने के साथ ही साहेबगंज में उम्मीदवारों की नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। नामांकन के चौथे दिन लोकसभा चुनाव में राजमहल लोकसभा सीट से जेएमएम प्रत्याशी विजय हांसदा और बीजेपी प्रत्याशी के रूप में ताला मरांडी ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। साथ ही निर्वाची पदाधिकारी हेमंत सती के समक्ष दोनो ने अपना अपना नामांकन पपत्र दाखिल किया। मौके पर जेएमएम की ओर से मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, कल्पना सोरेन, मंत्री आलमगीर आलम, बन्ना गुप्ता, महेशपुर विधायक स्टीफन मरांडी, कांग्रेस जिला अध्यक्ष बरकतुल्ला खान, जेएमएम नेता गुरु हेमब्रोन और बीजेपी की ओर से अमर बावरी, सिमोन मालतो व अन्य बीजेपी कार्यकर्ता उपस्थित थे। पार्टी प्रत्याशी में नामांकन में सीएम चंपई सोरेन, कल्पना सोरेन, आलमगीर आलम, बन्ना गुप्ता, स्टीफन मरांडी, दीपिका पांडे भी विजय हंसदा आदि उपस्थित रहे।

## दुमका में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चुनावी जनसभाओं को किया संबोधित

**● भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन के पक्ष में लोगों से वोट देने की अपील**

**कहा सांसद बनकर दुमका की जनता की आवाज बनेंगी सीता सोरेन**

स्वतंत्र प्रभात



**दुमका, झारखंड** देशभर में इन दोनों लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान होने के बाद विभिन्न राजनीतिक पार्टियां चुनाव के प्रचार प्रसार में लग गई है। उसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज नेता लगातार झारखंड में कैंप कर रहे हैं। शुक्रवार को देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह दुमका में चुनावी जनसभाओं को संबोधित करते हुए आरक्षण के मुद्दे पर विपक्ष के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि किसी में दम नहीं है कि वो आरक्षण खत्म कर दे। राजनाथ सिंह शुक्रवार को दुमका के यज्ञ मैदान में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

राजनाथ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि नरेन्द्र मोदी का सपना भारत की गरीबी मिटाने का है। उन्होंने कहा कि शायद ही कोई व्यक्ति यहां मौजूद होगा जिसे पांच किलो अनाज नहीं मिलता है। साथ ही कहा कि मोदी सरकार देश की अर्थव्यवस्था को 11वें स्थान से पांचवें स्थान तक ले कर गई है। राजनाथ ने कांग्रेस सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के मंत्रियों ने जेल की हवा खाई है। उन्होंने विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि विपक्ष भाजपा के ऊपर आरक्षण खत्म करने का झूठा आरोप लगाता है लेकिन मैं कहता हूं कि आरक्षण कभी खत्म नहीं होने देंगे। रक्षा मंत्री ने हुंकार भरते हुए कहा कि किसी के माई के लाल में दम नहीं की आरक्षण को खत्म कर दे। उन्होंने आदिवासी समाज के लोगों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि आपका आरक्षण कोई खत्म नहीं कर सकता है। राजनाथ ने कहा कि झारखंड की जनता गरीब जरूर हो सकती है लेकिन उसके साथ स्वाभिमानी भी है। उन्होंने कहा कि किसी राज्य के मुख्यमंत्री 24 घंटे तक गायब हो गए थे। मैं भी यूपी का मुख्यमंत्री रहा लेकिन ऐसा कभी नहीं किया। साथ ही कहा कि हेमंत सोरेन ने सीएम रहते राज्य की जनता के स्वाभिमान से खेलने का काम किया है। इसका सबक सिखाना है। स्वाभिमान को ठेस पहुंचाने का बदला सीता सोरेन के पक्ष में वोट कर जीताना है। वोट की चोट से झामुमो सरकार को सबक सिखाना है। इसके बाद राजनाथ सिंह गोड्डा प्रत्याशी निशिकांत दुबे के नामांकन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गोड्डा रवाना हो गए। इससे पहले समाहरणालय परिसर कार्यालय में भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन ने जिला निर्वाची पदाधिकारी ए दोड्डे के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद सीता सोरेन ने झामुमो सरकार को पूरी तरह विफल बताया। सीता सोरेन ने कहा कि भीषण गर्मी में लोग पानी की किल्लत से त्राहिमाम कर रहे हैं। राज्य में नल-जल योजना पूरी तरह ठप पड़ी है। टंकी है, नल है लेकिन पानी नहीं है। इस ओर सरकार का ध्यान नहीं है। राज्य में केवल भ्रष्टाचार की गंगोत्री बह रही है। राज्य के मंत्री एवं सांसद के घरों से छापेमारी के दौरान करोड़ों नकदी मिलना इसका प्रमाण है। राज्य और देश का विकास केवल पीएम मोदी के नेतृत्व में हो सकता है। इस दौरान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ लुईस मरांडी, सारठ विधायक रणधीर सिंह एवं राकेश चौधरी मौजूद रहे।

## लोहरदगा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव के पक्ष में चुनाव प्रचार करने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साई चैनपुर प्रखंड के छतरपुर बगीचा में पहुंचे

स्वतंत्र प्रभात



**चैनपुर-** लोहरदगा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव के पक्ष में चुनाव प्रचार करने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साई गुमला जिला के चैनपुर प्रखंड के छतरपुर बगीचा में पहुंचे। इस दौरान सांसद प्रत्याशी समीर उरांव सहित भाजपा के वरिष्ठ नेताओं का कार्यकर्ताओं में उनका जोरदार स्वागत किया। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को सुनने के लिए छतरपुर बगीचा में लोगों हुजूम उमड़ पड़ी। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ व झारखंड जुड़वा प्रदेश है दोनों प्रदेश का जन्म एक साथ हुआ है प्रधानमंत्री मोदी जी गरीब का बेटा है जिन्हें एक बार पुनः प्रधानमंत्री बनाना है। गरीब ही गरीब का सुख-दुख को समझ सकता है। 140 करोड़ भारतीय उनके परिवार हैं जिसके हित के बारे में वह सोचते हैं आज पाकिस्तान की गीदड़ भक्ति खत्म हो गई है। कांग्रेस व झामुमो चोर चोर मौसेरे भाई हैं जिन्होंने पूरे प्रदेश को लूटने का काम किया है। 2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद पाकिस्तान की गीदड़ भक्ति भी खत्म हो गई है। दो ही बार के स्ट्राइक से पाकिस्तान की हेकड़ी खत्म हो गई है। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर दिन 18 घंटा काम करते हैं गरीबों के लिए पक्का मकान, शौचालय, गैस सिलेंडर, बैंक खाता खोलने उनके खाते में सीधा पैसा भेजने, आयुष्मान कार्ड, घर-घर बिजली पानी देने, अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण, धारा 307 हटाने का काम उन्होंने किया हैद्य पिछले 10 वर्ष में हमारा देश पांचवा स्थान पर आ गया हैद्य उसे तीसरे स्थान पर ले जाने हेतु आगामी 13 में को कमल का बटन दबाकर लोहरदगा लोकसभा के प्रत्याशी समीर उरांव जी को यहां से भारी मतों से विजय बनाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करें। कांग्रेस व झामुमो को सबक सिखाएं क्योंकि यह दोनों लुटेरों की सरकार है।

सभी जगह की जनता इन्हें नकार रही है। छत्तीसगढ़ व झारखंड खनिज वह वन संपदाओं का धनी प्रदेश है लेकिन आज छत्तीसगढ़ विकास के मामले में काफी आगे निकल गई है और झारखंड पहले से ही खराब स्थिति में पहुंच गई है। यह सिर्फ राजनीतिक अस्थिरता की वजह से हुआ है। भाजपा गांव गरीब किसान सबो का विकास करने वाली पार्टी है। इससे पूर्व मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का हेलीकॉप्टर चैनपुर परमवीर अल्बर्ट एक्का कॉलेज मैदान में उतर जहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका जमकर स्वागत किया। मंच में भाजपा जिला अध्यक्ष शिवप्रसाद साहू के द्वारा बिरसा मुंडा का मोमेंटम देकर उनका स्वागत किया गया। वही जारी प्रखंड से दिलीप बड़ाइक के द्वारा परमवीर अल्बर्टा का फोटो देखकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई थी। मौके पर मुख्य रूप से लोकसभा प्रत्याशी समीर उरांव पूर्व स्पीकर दिनेश उरांव, सांसद सुदर्शन भगत, जयपुर की विधायक रायमुनि देवी, पूर्व विधायक कमलेश उरांव, पूर्व विधायक शिव शंकर उरांव, मिशीर कुजूर, जिला अध्यक्ष शिवप्रसाद साहू, दामोदर कसेरा, विनोद कुमार, निर्मल गोयल, अरविंद मिश्रा, देवेंद्र लाल उरांव, सोनामणि देवी, ज्योति देवी संगीता देवी, आजसू जिला अध्यक्ष दिलीप नाथ साहू, बोनी फासकुजूर, अमित किशोर पांडेय, अवधेश प्रताप सहदेव, नीरज शर्मा, अनिल केशरी,प्रदीप केशरी, भूषण सिंह, गोपाल सिंह सहित सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## आईसेक्ट विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को कराया गया शैक्षणिक भ्रमण

**● शैक्षणिक भ्रमण व्यवहारिक ज्ञान की अहम कड़ी- डॉ मुनीष गोविंद**

स्वतंत्र प्रभात

**हजारीबाग-** आईसेक्ट विश्वविद्यालय के वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग की ओर से विद्यार्थियों को दामोदर घाटी निगम के चंद्रपूरा ताप विद्युत केंद्र का भ्रमण कराया गया, जहां विद्यार्थियों ने फाइनेंस, प्रोडक्शन, ह्यूमन रिसोर्स सहित अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां हासिल की। साथ ही सीटीपीएस के अधिकारियों की ओर से प्रशिक्षण सत्र का आयोजन कर खासकर प्रबंधन के छात्रों को पूरे कार्य प्रणाली की जानकारी दी गई। इसके बाद विद्यार्थियों को पूरे पावर प्लांट का भ्रमण कराकर उनकी बारीकियों से अवगत कराया गया। शैक्षणिक भ्रमण को आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण भी पाठ्यक्रम का एक हिस्सा है। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण के माध्यम से विद्यार्थियों को व्यवहारिक ज्ञान भी होता है, जो उनके सोचने-समझने की क्षमता को भी विकसित करता है। वहीं विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने कहा कि विश्वविद्यालय में अध्ययनरत सभी विद्यार्थियों को प्रत्येक वर्ष में कम से कम एक से दो बार अलग अलग समय पर संबंधित विषयों को आधार बनाकर शैक्षणिक भ्रमण कराया जाता है। उन्होंने कहा कि ऐसे भ्रमण विद्यार्थियों के समावेशी विकास में मददगार साबित होता है। प्रबंधन विभाग के डीन डॉ एसआर रथ व विभागाध्यक्ष रितेश कुमार ने बताया कि एमबीए और बीबीए में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को इस भ्रमण का अधिक लाभ मिलेगा। शैक्षणिक भ्रमण को सफल बनाने में वाणिज्य एवं प्रबंधन



विभाग के डॉ विनीता, पूजा सिंह सहित अन्य की भूमिका महत्वपूर्ण रही। डॉ विनीता ने डीवीसी के प्रोजेक्ट हेड मनोज ठाकुर, असिस्टेंट मैनेजर मनमोहन सिंह, अभिषेक घटक, सिनियर मैनेजर ललन प्रसाद गुप्ता, एचआर रबिन्द्र कुमार, प्रबंधक शैलेन्द्र कुमार समेत दामोदर घाटी निगम के चंद्रपूरा ताप विद्युत केंद्र के सभी अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## जैन समाज सिरसागंज ने मनाया अक्षय तृतीया दान दिवस, वितरित किया इक्षु रस

स्वतंत्र प्रभात

**सिरसागंज-** श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में सकल दिगंबर जैन समाज के तत्वाधान में अक्षय तृतीया पर्व दान दिवस के रूप में अत्यंत हर्षोल्लास से मनाया गया। जिसमें सर्वप्रथम मंदिर जी में श्रद्धालुओं द्वारा श्री जी का अभिषेक, शांतिधारा एवं पूजन सम्पूर्ण विधि विधान पूर्वक किया गया। तदुपरांत मंदिर जी के बाहरी भाग में जैन श्रद्धालुओं द्वारा राहगीरों को गन्ने के रस को वितरित किया गया। अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि जैन धर्म में अक्षय तृतीया पर दान का विशेष महत्व बताया गया है। जैन धर्म की मान्यताओं के अनुसार, भगवान आदिनाथ ने सबसे पहले समाज में दान के महत्व को समझा। भगवान आदिनाथ राज-पाठ का त्याग करके वन में तपस्या करने निकल गए। उन्होंने वहां छै महीने तक लगातार ध्यान किया। छै महीने बाद जब उन्होंने सोचा कि इस समाज को दान के बारे में समझाना चाहिए तो वे ध्यान से उठकर आहार मुद्रा धारण करके नगर की ओर निकल पड़े। नगर में तीर्थंकर मुनि को देखकर सारे लोग खुशी से झूम उठे और तीर्थंकर मुनि को अपनी सारी चीजें देने के लिए आगे आ गए। लेकिन वे नहीं जानते थे कि मुनिराज दुनिया की मोह-माया को त्याग चुके हैं। ऐसा करते- करते उन्हें छै महीने हो गए और उन्हें आहार की प्रप्ति कहीं नहीं हुई. और इस तरह लगभग एक साल से ज्यादा का समय हो गया। फिर एक दिन वे हस्तिनापुर के नाम से प्रचलित शहर चले गए, जो राजा सोम और राजा श्रेयांस का राज्य था। राजा श्रेयांस बहुत ज्ञानी राजा थे और उन्हें आहार विधि का भी ज्ञान था।

मुनिराज को देखकर उन्होंने आहार दान की प्रक्रिया शुरू कर दी और सबसे पहले मुनिराज को इक्षुरस यानी कि गन्ने के रस से आहार कराया, इस प्रकार राजा श्रेयांस और राजा सोम के घर सबसे पहले तीर्थंकर मुनिराज के आहार हुए। जैन धर्म में अक्षय तृतीया के दिन लोग आहार दान, ज्ञान दान, औषाधि दान या फिर मंदिरों में बहुत दान करते हैं. बता दें कि जैन धर्म की मान्यता के हिसाब से भगवान आदिनाथ ने इस दुनिया को असि-मसि-कृषि के बारे में बताया था। इसे आसान भाषा में समझें तो असि यानि तलवार चलाना, मसि यानि स्याही से लिखना, कृषि यानी खेती करना होता है। भगवान आदिनाथ ने ही लोगों



को इन विद्याओं के बारे में समझाया और लोगों को जीवन यापन के लिए इन्हें सीखने का उपदेश दिया। भगवान आदिनाथ ने ही सबसे पहले अपनी बेटियों को पढ़ाकर जीवन में शिक्षा का महत्व बताया था। इस अवसर पर नरेन्द्र भान जैन, अभिनय जैन, सुनील जैन, मुकेश जैन, अंकुश जैन, संजू जैन, रजत जैन, सुनील जैन, बल्लू जैन, राजीव जैन, विनीत जैन विक्की, संस्कार जैन, ऋषभ जैन, राज जैन, सचिन जैन, गौरव जैन रपरिया, नमन जैन, गौरव रावत, अनिल जैन, मयंक जैन, राहुल जैन, राजू जैन, संदीप जैन, सौरभ जैन, नितिन जैन, मनीष जैन आदि श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# गन्धर्वपुरी की सप्ततीर्थी सात प्राचीन प्रतिमाएँ

मध्यप्रदेश के देवास जिलान्तर्गत सोनकच्छ के निकट छोटे से गाँव गन्धर्वपुरी में प्रभूत पुरातत्त्व प्राप्त हुआ है। यहाँ तीन सौ से अधिक प्राचीन प्रतिमाएँ और प्रस्तर प्राप्त हुए हैं। यहां बहुतीर्थी तीर्थंकर प्रतिमाएँ भी बहु संख्या में हैं। उनमें से सात सप्ततीर्थी तीर्थंकर मूर्तियाँ हैं। उनका परिचय इस प्रकार है-

**प्रथम सप्ततीर्थी तीर्थंकर प्रतिमा-**

सप्ततीर्थी अर्थात् एक ही शिलाफलक में एक साथ सात तीर्थंकरों का शिल्पांकन। अधिकतर बहुतीर्थी प्रतिमाओं में एक मुख्य मूर्ति होती है और उसके परिकर में अन्य तीर्थंकरों को उत्कीर्णित किया जाता है। बलुआ पाषाण की आदमकद इस प्रतिमा का पादपीठ उपलब्ध नहीं है। मूलनायक प्रतिमा के चरणों के समानान्तर चॅवरवाहक द्विभंगासन में खड़े हैं। उनके उपरान्त समानान्तर में ही दोनों ओर यक्ष-यक्षी हैं। यक्ष बाईं ओर तथा यक्षी दाहिनी ओर उत्कीर्णित है। जबकि यक्ष को दाहिनी ओर और यक्षी को तीर्थंकर के बाम भाग में दर्शाये जाने का विधान है। दोनों चार-चार भुजाओं युक्त पर्यंकासन में हैं। खण्डित होने के कारण इनके आयुध स्पष्ट नहीं हैं, दोनों के आभरण एवं यक्षी के एक हाथ में फल स्पष्ट होता है। फल चौबीस तीर्थंकरों में से 10-11 की यक्षियों के है, इस कारण केवल फल आयुध के आधार पर यह निर्णीत होना कठिन है कि यह किस तीर्थंकर की यक्षी है। अतः तीर्थंकर निर्णीत नहीं हो पा रहे हैं। यक्ष-यक्षी के पीछे को एक-एक स्वतंत्र आकृति है, बायीं ओर स्त्री आकृति और दाएं तरफ पुरुष छवि है। यक्ष-यक्षी के ऊपर के स्थान पर छोटी-छोटी स्वतंत्र चरणचौकियों पर दोनों ओर एक-एक कायोत्सर्ग लघुजिन उत्कीर्णित हैं। उनके ऊपर के भाग में स्तंभ जैसी साज-सज्जा है। इन स्तंभों के ऊपरी भागों में मानस्तंभ की भांति देवकुलिका हैं उनमें एक-एक पद्मासन जिन हैं। इस शिलाकृति के वितान अर्थात् शीर्ष भाग में भी दोनों ओर देवकुलिका में ही एक-एक पद्मासन जिन उत्कीर्णित हैं। इस तरह परिकर में छह लघुजिन मूर्तियां हैं।

मुख्य मूर्ति का लिंग व टेहुनी से नीचे दोनों भुजाएं खण्डित हैं। उदर के नीचे त्रिवली है, वक्ष पर श्रीवत्स के किंचित् निशान अवशेष हैं, ग्रीवा-त्रिवली भी है। उष्णीष सहित कुंचित केश हैं। प्रभावल सुन्दर है, प्रभावल के बाह्य परिधि में मोटी कलात्मक बेल जैसी दर्शाई गई है, जिसके दोनों छोर मुख्य प्रतिमा के स्कंधों के पीछे से निकले हुए मकर-मुखों में समाहित हैं। शिर पर भग्न त्रिछत्र, दुंदुभिवादक, गंधर्व, पुष्पवर्षक देव उत्कीर्णित हैं, जो प्रायः खण्डित हो गये हैं। इस प्रतिमाशिल्प में दोनों किनारों पर नीचे से ऊपर तक अतिरिक्त अंकन महत्वपूर्ण है। बायें तरफ सुन्दर आभरण भूषित, उच्च केश-सज्जा युक्त एक स्त्री बैठी हुई दर्शाई गई है। उससे ऊपर के स्थान में एक स्त्री कुछ कम सज्जित खड़ी हुई अंकित है, जो कायोत्सर्ग लघुजिन के समानान्तर है, वहिर्मुख शार्दूल उत्कीर्णित है, पश्चात् एक आराधिका खड़ी हुई है, जो स्तंभ की उपरिम कुलिका में पद्मासनस्थ लघुजिन के समानान्तर है। उपरान्त सबसे ऊपर माल्यधारी देव हैं। इसी तरह की संयोजना दाईं ओर है। अंतर यह है कि इस ओर पुरुष छवियां हैं। इस तरह यह सप्ततीर्थी प्रतिमा खण्डित होने पर भी मनोरम है। इसमें यक्ष-यक्षी का नियम विरुद्ध पार्श्वों में उत्कीर्णन भी इसकी विशेषता है।

**द्वितीय सप्ततीर्थी तीर्थंकर प्रतिमा-**

पाषाणशिला-खण्ड में ही यह प्रतिमा प्रथम सप्ततीर्थी के ही समान है। इसमें अन्तर यह है कि इसके यक्ष-यक्षी नियमानुसार बायें यक्षी और दाहिने यक्ष अंकित है, ये दोनों भी चतुर्भुज हैं। यक्षी के पार्श्व में भी एक यक्षी ही प्रतीत होती है, क्योंकि वह भी पर्यंकासन में और फल लिये हुए दर्शाई गई है। स्तंभ के उपरिम देवकुलिका के लघु जिन के पार्श्व में यहाँ अंजलिबद्ध आराधिका बैठी है। जो जिनाभिमुख है। इस मुख्य प्रतिमा की भुजाएं कुछ अधिक भग्न हैं। शिर पूरी तरह खण्डित है।

**तृतीय सप्ततीर्थी तीर्थंकर प्रतिमा-**

यह प्रतिमा भी प्रथम सप्ततीर्थी के ही समान है। इसका नीचे का भाग टूटा है या जमीन में धँसा हुआ है, इस कारण चरण व यक्ष-यक्षी आदि अदृष्ट हैं। शिर भग्न है, हाथ लगभग प्रथम प्रतिमा के समान टूटे हुए हैं। त्रिछत्र किंचित् भग्न होने से स्पष्ट है।

**चतुर्थ सप्ततीर्थी तीर्थंकर प्रतिमा-**

बलुआ पाषाणशिलाखण्ड में निर्मित यह प्रतिमा तृतीय प्रतिमा के समान है। इसका अधो व ऊर्ध्व भाग खण्डित है। मस्तक तथा दाहिनी ओर का भाग भी भग्न है। शेष संरचना उपरोक्त प्रतिमाओं की भांति ही है।

**पंचम सप्ततीर्थी तीर्थंकर प्रतिमा-**

बलुआ पाषाण में निर्मित कायोत्सर्गस्थ इस प्रतिमा का घुटनों से नीचे का शिला-भाग खण्डित व अनुपलब्ध है। इस कारण पादपीठ और यक्ष-यक्षी की स्थिति बताई नहीं जा सकती है। इसके परिकर में सभी कायोत्सर्गस्थ लघु जिन हैं। बाम पार्श्व में तीन लघु जिन हैं, दायें तरफ भी कम से कम तीन लघु जिन अवश्य होंगे, क्योंकि नीचे की शिला खंडित होने से दो ही लघु जिन दृष्ट हैं। मुख्य मूर्ति की भुजाएं भग्न हैं, वक्ष पर बड़ा सा श्रीवत्स है, केश कुंचित हैं, उष्णीष नहीं है। प्रभावल सामान्य कलात्मक है। इसके प्रभावल के बाह्य भाग



में अतिरिक्त अंकन नहीं है। शिरोभाग के दोनों पार्श्वों में माल्यधारी विद्याधर सपत्नीक दर्शाये गये हैं। त्रिछत्र के ऊपर मृदंगवादक और उसके दोनों ओर एक-एक नर्तकी नृत्यमग्न उत्कीर्णित है। इस वितान भाग में दोनों ओर एक-एक गजलक्ष्मी का गज सवारयुक्त उत्कीर्णित है जो भग्न हैं।

**षष्ठ सप्ततीर्थी तीर्थंकर प्रतिमा-**

बलुआ पाषाण में ही उत्कीर्णित यह मूर्ति पद्मासनस्थ है। पादपीठ में सिंहासन के विरुद्धाभिमुख दो सिंह हैं, मध्य में अर्धचन्द्र जैसा प्रतीत हो रहा है। प्रतिमा खुले आकाश में बीसों वर्षों से होने के कारण क्षरित हो गई है, इस कारण निर्मिति की सूक्ष्मता खत्म हो गई है। इस पादपीठ पर दाहिनी ओर यक्ष तथा बाई ओर यक्षी उत्कीर्णित है। दोनों द्विभुज हैं। सिंहासन पर एक वृत्ताकार चरणचौकी है, उस पर मुख्य तीर्थंकर पद्मासन में आसीन हैं। वृत्ताकार आसन पर पद्मासन मूर्ति की मुड़े हुए पैरों के घुटनों का भाग बाहर निकला रहता है, ऐसे में मूर्तिभंजकों ने दोनों घुटने आसानी से तोड़ दिये होंगे। वक्ष पर श्रीवत्स का चिह्न अभी भी है, शिर पर उष्णीष युक्त कुंचित (घुंघराले) केश दर्शित हैं। कलात्मक प्रभावल के दो बाह्य परिधियां भी कलात्मक हैं। मुख्य प्रतिमा के दोनों पार्श्वों में स्वतन्त्र आसन पर एक-एक कायोत्सर्ग मुद्रा में लघुजिन हैं, उनके बाह्य में एक एक परिचारक है। बाई ओर के जिन के पार्श्व में सम्भवतः परिचारिका है। इन दोनों लघु जिनों का मस्तक सर्पफणों से अच्छादित है। मुख्य मूर्ति के शिर के दोनों ओर माल्यधारी देव सपत्नीक दर्शाये गये हैं, उनके समकक्ष कायोत्सर्गासन में एक-एक लघुजिन हैं। इनके उष्णीष युक्त कुंचित केश हैं, सर्पफणाटोप नहीं है। माल्यधारकों के ऊपर के भाग में एक-एक पद्मासन लघु जिन हैं। वितान में पूर्ण मृदंगवादक और उसके दोनों ओर एक-एक नर्तकी नृत्यमग्न उत्कीर्णित है। इस वितान भाग में दोनों ओर एक-एक गजलक्ष्मी का गज अभिषेकातुर उत्कीर्णित है। इसके भी परिकर में छह लघु तीर्थंकर और एक मुख्य मूर्ति होने से सप्ततीर्थी प्रतिमा है।

**सप्तम सप्ततीर्थी तीर्थंकर प्रतिमा-**

उपरिवर्णित छहों प्रतिमाएँ गंधर्वपुरी के स्थानीय राजकीय संग्रहालय के अधीनस्थ एक खुले वाड़े में परिधिकृत संरक्षित हैं और प्रस्तुत प्रतिमा गंधर्वपुरी के स्थानीय दिगम्बर जैन मंदिर में स्थित है, जिसकी जैन श्रद्धालुओं द्वारा प्रतिदिन आराधना दर्शन किये जाते हैं। यह काले पाषाण में सपरिकर प्रतिमा है। इसके पादपीठ की स्थिति स्पष्ट नहीं है। चामरधारी असाधारण से कुछ पीछे को झुके हुए मानों मूलनायक को ऊपर की ओर देखते हुए चवॅर ढुरा रहे हों। मूलनायक के समानान्तर और चामरवाहकों के बाद एक-एक कायोत्सर्ग लघु तीर्थंकर उत्कीर्णित हैं। इनके पार्श्वों में भी चामरवाहक हैं। इन कायोत्सर्ग जिन के ऊपर के स्थान में एक-एक पद्मासन तीर्थंकर प्रतिमा है और उनके ऊपर भी एक-एक पद्मासन तीर्थंकर प्रतिमा है। इस तरह परिकर में दोनों ओर तीन-तीन प्रतिमाएँ हैं। परिकर की ऊपर की दोनों ओर की लघु प्रतिमाओं के शिर पर सर्पफणावलियाँ हैं। मुख्य मूर्ति के मस्तक के दोनों ओर एक-एक माल्यधारी उड्डीयमान देव है। वितान में त्रिछत्र, तदोपरि दुंदुभिवादक उत्कीर्णित किया गया है। इसमें यक्ष-यक्षी नहीं दर्शाये गये हैं।

इस तरह गंधर्वपुरी में बहुतीर्थी प्रतिमाओं में सात ऐसीं प्रतिमाएँ हैं जिनके परिकर में अन्य छह लघु तीर्थंकर प्रतिमाएँ भी हैं। इनमें अन्य विशेषताओं के अतिरिक्त तीन प्रमुख विशेषताएँ हैं- 1. परिकर में दोनों ओर स्तंभ या मानसतंभ के समान अंकन किया जाना, जिसमें अधोभाग में यक्ष अथवा यक्षी, मध्य भाग में कायोत्सर्ग तीर्थंकर और उपरिम भाग में देवकुलिका में पद्मासन तीर्थंकर का निरूपण। 2. एक साथ दो-दो यक्ष-यक्षी का अंकन और 3. नियम व परंपरा के विरुद्ध तीर्थंकर के दायें तरफ यक्षी तथा बायें तरफ यक्षी का दर्शाया जाना।

# अक्षय लोकतंत्र का उत्सव है चुनाव

चुनाव लत्ता-लपेड़ी करने का नहीं बल्कि लोकतंत्र को अक्षय बनाने का उत्सव है, लेकिन दुर्भाग्य कि हमारे नेता इस उत्सव को उत्सव की तरह न मनाकर एक-दूसरे का चीर-हरण करने में लगे हैं। राजनीतिक संवाद इतने निचले स्तर पर आ चुका है कि अब लज्जा आने लगी है। लज्जा आये भी क्यों न ? आखिर हम विश्व गुरु हैं।बात चुनाव से पहले लोकतंत्र की करें। हमारा लोकतंत्र अक्षय है ,ये मानने में पता नहीं क्यों लोगों को शर्म आती है। पता नहीं क्यों लोग लोकतंत्र को लेकर आशंकित है। एक-दूसरे कि सामने नए-नए हौआ खड़े कर रहे हैं। कभी मुसलमानों का हौआ ,कभी मंगलसूत्र छीने जाने का हौआ, और तो और अब सैम अंकल कि भाषण का हौआ। सवाल ये है कि क्या सचमुच इन हौओं से हमारा लोक और हमारा लोकतंत्र भयभीत होकर फैसला करने लगेगा। सत्ता हासिल करने कि लिए सत्तारूढ़ दल लगातार हौओं कि सहारे चुनाव लड़ रही है ,जबकि उसे एक दशक तक सत्ता में रहने कि बाद अपनी उपलब्धियों कि आधार पर चुनाव लड़ना चाहिए था। प्रतिपक्ष ये हौवे खड़े करे तो समझ में आता है ,लेकिन यहां तो उलटी गंगा बह रही है। सत्तारूढ़ दल प्रतिदिन एक नया हौआ खोजकर लाता है। मजे की बात ये है कि ये तमाम हौवे ऐसे हैं जो मतदान को प्रभावित करने कि बजाय उलटे पड़ रहे हैं। हंसी तो तब आयी जब माननीय प्रधानमंत्री जी ने राहुल गांधी से सवाल किया कि वे आजकल अडानी-अम्बानी के खिलाफ क्यों नहीं बोल रहे ? क्या उन्हें टेम्पो में भरकर पैसे दे दिए हैं इन लोगों ने ? माननीय भूल गए की जब राहुल गांधी संसद से लेकर सड़क तक अडानी से मिले 20 लाख करोड़ के बारे में सवाल करते थे तब उनकी तारीफ तो किसी ने नहीं की ,बल्कि सत्तारूढ़ दल ,दल के नेता गुड़ खाकर बैठे रहे थे। मुझे कभी-कभी ऐसा लगता है कि अब शायद अडानी-अम्बानी ने भी सत्तारूढ़ दल से अपना हाथ खींच लिया है। इन दोनों उद्योग घरानों को भी देश में संभावित परिवर्तन की आहट सुनाई देने लगी है। अन्यथा इन दोनों ने तो दस साल में खुद के साथ-साथ सत्तारूढ़ दल को भी मालामाल ही किया था। अडानी-अम्बानी केवल उद्योगपति ही नहीं बल्कि मौसम वैज्ञानिक भी हैं। उन्हें आभास हो जाता है आने वाले दिनों का । वे जानते हैं कि कब अच्छे दिन आएंगे और कब बुरे दिन आएंगे। तदनुसार ही वे अपने रुख तय करते हैं। लोकतंत्र के उत्सव के तीन चरण पूरे हो चुके हैं यानि आधी से ज्यादा लोकसभा सीटों के लिए जनता मतदान कर चुकी है। अब चौथा चरण 13 मई को है। ये ही सबसे कठिन चरण है। इसमें 96 सीटों के लिए चुनाव होना होना है। इन 96 सीटों में से आधी तो उस तमिलनाडु और तेलंगाना में हैं जहां पिछले लोकसभा और विधानसभा चुनावों में भाजपा को तिल रखने के लिए भी जगह नहीं मिली थी। चुनाव के चौथे चरण से पहले देश अक्षय तृतीया का पर्व मना चुकेगा। संयोग से इस वर्ष अक्षय तृतीया पर बहुत ही शुभ और दुर्लभ संयोग बना हुआ है। 100 वर्षों बाद अक्षय तृतीया पर गजकेसरी योग का संयोग है। इसके अलावा अक्षय तृतीया पर धन, शुक्रादित्य, रवि, शश और सुकर्मा योग का निर्माण हुआ है। अक्षय जिसका मतलब होता है कि जिसका कभी क्षय न हो। दुर्भाग्य से हम लोकतंत्र को अक्षय मानने के बजाय सोने-चांदी के आभूषण को अक्षय मानते हैं और इस तरह की चीजों की खरीदारी करते हैं




लेकिन लोकतंत्र पर ध्यान नहीं देते । अक्षय तृतीया के दिन मां लक्ष्मी और भगवान विष्णु की पूजा उपासना करने से जीवन में सुख-समृद्धि और धन-वैभव की प्राप्ति होती है।शायद ऐसा होता भी हो लेकिन ये तभी मुमकिन है जब कि देश में लोकतांत्र अक्षय हो। अक्षय तृतीया से ही त्रेता और सतयुग का आरंभ हुआ था।मुझे लगता है कि इस साल भी देश में अक्षय लोकतंत्र की बहाली हो सकती है। लोकतंत्र को बचाने के अभी अवसर हाथ से गए नहीं है । अभी देश की जनता ने कुल 282 लोकसभा सीटों के लिए मतदान किया है। अभी 13 मई से 1 जून तक उसे 260 और सीटों के लिए मतदान करना है। जनता के पास अवसर है कि वो अपनी भूल-चूक को सुधार सकती है। देश की जनता को तय करना है कि वो परिवर्तन चाहती है या भाजपा को 400 पार कराना चाहती है। लोकतंत्र में सही नतीजे हासिल करने कि लिए आवश्यक है कि मतदाता को न तो भ्रमित किया जाये और न उसे कोई हौआ दिखाकर डराया जाये। हंसी आती है जब चुनाव कि वक्त सरकार हिन्दू-मुसलमान की आबादी कि आंकड़े जनता कि समक्ष परोसती है। ये एक तरह का अपराध है। इससे लोकतंत्र मजबूत नहीं होता। पता नहीं भाजपा क्या चाहती है ? उसका इरादा हिन्दुओं और मुसलमानों कि बीच प्रजनन दर बढ़ाने की प्रतिस्पर्द्धा करने का तो नहीं है ! मुश्किल ये है कि इस तरह की मूर्खताओं को लेकर न हमारी अदालतें बोलतीं हैं और न सामाजिक संगठन। आरएसएस तो इस मुद्दे पर सरकार कि सुर में सुर मिलता दिखाई देता है। जनता ही इन मूर्खताओं कि लिए राजनीतिक दलों को सजा दे सकती है मतदान कि जरिये। हालाँकि मशीनें अभी भी सरकार कि अधीन और स्वामिभक्त बनीं हुई हैं।

# संपादकीय

## (वैश्विक विश्लेषण) भविष्य का अहिंसक महाशक्ति भारत होगा।भारतीय विदेश नीति में वैश्विक परिवार की परिकल्पना।

भारत की सकारात्मक विदेश नीति और निरपेक्ष छवि पूरे विश्व के लिए एक उदाहरण तथा आदर्श की तरह सामने आई है, इसी रफ्तार से यदि भारत अपनी आंतरिक क्षमता, आर्थिक नीति तथा विदेशी संबंधों को गति देती है तो इसमें कतई संदेह नहीं कि भारत आने वाले समय में आर्थिक सामरिक और वैश्विक शांति का नेतृत्व करेगा जिसके फलस्वरूप उसे शांति महाशक्ति के रूप में पूरा विश्व स्वीकार करेगा। पिछले कुछ वर्षों की कोविड-19 महामारी के कारण पूरा विश्व अशांत एवं तनावग्रस्त रहा है। इसके तुरंत बाद तालिबान-अफगानिस्तान युद्ध में विश्व युद्ध की आशंका मंडराने लगी थी, रूस यूक्रेन युद्ध और इजराइल फिलिस्तीन वार से पूरा विश्व चिंता तथा तनाव के मध्य जीने लगा था। रूस यूक्रेन युद्ध में यूक्रेन लगभग तबाही के कगार पर बैठा है और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के पुनः पांचवीं बार रूस के राष्ट्रपति बनने एवं पूर्व में परमाणु बमों का इस्तेमाल करने की घोषणा ने आग में घी का काम कर दिया है। परिणाम स्वरूप अंतरराष्ट्रीय स्तर पर युद्ध की विभीषिका के बादल मंडराने लगे हैं। विश्व के अनेक राष्ट्र जिनमें अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, फ्रांस, साउथ अफ्रीका और अन्य यूरोपीय देश भारत और रूस के कई वर्षों के निरंतर घनिष्ठ संबंधों के आधार पर भारत और भारत के प्रधानमंत्री से यह आशा लगाए बैठे हैं कि वह रूस और यूक्रेन युद्ध पर मध्यस्थता कर युद्ध में विराम लाने का प्रयास करेंगे। विगत दिनों समरकंद में अंतरराष्ट्रीय बैठक में मोदी ने एक-एक कर के वैश्विक नेताओं से मुलाकात कर पुतिन तथा जेलेंस्की से युद्ध विराम की अपील भी की है। ऐसे में भारत की गुटनिरपेक्षता एवं वैश्विक शांति तथा वसुधैव कुटुंबकम जैसा भारतीय दर्शन अत्यंत समीचीन एवं प्रासंगिक हो गया है। वर्तमान वैश्विक त्रासदी एवं वैश्विक अशांति के दौर में एक दूसरे की सहायता करना एवं एक दूसरे के मंतव्य, संवेदना को समझने की बड़ी आवश्यकता है। रूस और यूक्रेन के युद्ध का रुकना अब शांति बहाली के लिए अत्यंत आवश्यक भी है। भारत जैसे विशाल जनसंख्या वाले देश ने लगभग 40 देशों को कोविड-19 के महामारी के दौरान कई तरह से मदद भी की है। हालांकि भारत में महामारी के दौरान यूरोपीय देशों तथा अन्य देशों ने भी अपना परिवार मानकर खुले दिल से संक्रमण से लड़ने के लिए आर्थिक एवं चिकित्सकीय सहायता प्रदान की थी। भारत की विदेश नीति में वसुधैव कुटुंबकम और वैश्विक शांति की नीति अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वीकार्य की गई है। इसमें दो मत नहीं कि अभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति की वन टू वन बैठक में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की ट्रस्टीशिप की नीति एवं भावना की दोनों देशों के राष्ट्र प्रमुखों ने बड़ी सराहना की,और उस पर विश्व को अमल करने की बात भी कही। भारत की विश्व के कई देशों को की गई सहायता भारत की नीति वसुधैव कुटुंबकम को स्पष्ट रूप से अभिव्यक्त करती है। भारत के प्रधानमंत्री ने सदैव अपनी अभिव्यक्ति में भी यह स्पष्ट रूप से जताया है कि भारत पूरे विश्व को अपना परिवार मानता है एवं इसकी शांति तथा सुरक्षा की चिंता करते हुए अपनी विदेश नीति बनाता है। वसुधैव कुटुंबकम की भावना से ओतप्रोत होने के कारण ही प्राचीन समय से अब तक भारत में हर जाति, हर धर्म के लोगों को शरण दी थी। उन्हें अपनाया गया फिर चाहे वह मुगल हो या अंग्रेज ही क्यों ना हो। भारत ने सभी को एक परिवार मानकर व्यवहार किया है। पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सोलवीं तथा 17वीं शताब्दी में यूरोप मैं औद्योगीकरण का युग प्रारंभ हुआ और अलग-अलग देशों ने अपने-अपने उपनिवेश बनाने शुरू कर दिए और तब वसुधैव कुटुंबकम की भावना को क्षति पहुंची। तब राष्ट्रवाद का जन्म हुआ। राष्ट्रवाद एक राष्ट्र तक ही सीमित होकर रह गया है। आज पूरा विश्व अलग-अलग समूहों में बट चुका है, और अपने लाभ तथा उद्देश्यों के प्रति सजग तथा अलर्ट है। इन सभी देशों का उद्देश्य विकास और शांति का ही है। अतः सभी देशों को आपसी मतभेद भुलाकर एक मंच पर आकर वसुधैव कुटुंबकम की भावना को बलवती करना चाहिए। अंतराष्ट्रीय स्तर पर प्रमुख विकासवान देश इस भावना से कार्य करने पर प्रगति पर हैं, पर कुछ देश जो वैश्विक अशांति के लिए खतरा बन चुके हैं। सब दूसरे देशों सेअलग-थलग पड़ गए हैं। यह बात सर्वविदित है कि विश्व के देशों को वसुधैव कुटुंबकम की भावना से एकजुट होकर विकास की ओर अग्रसर होना चाहिए, क्योंकि विकास का मार्ग एकजुटता




से होकर ही प्रशस्त होता है। अभी इस दिशा में बहुत काम करना शेष भी है। और जिस दिन विश्व के देश आपस की कटुता वैमनस्यता और मतभेद को बुलाकर एक धरातल पर आ जाएंगे उस दिन वसुधैव कुटुंबकम की सद्भावना संपूर्ण आकार ले लेगी। भारत के प्रधानमंत्री द्वारा अभी अमेरिका के दौरे पर संयुक्त राष्ट्र संघ स्क्वाड और अमेरिकी राष्ट्रपति से मुलाकात के दौरान वसुधैव कुटुंबकम एवं वैश्विक शांति की दुनिया से पुरजोर अपील भी की है। और वैश्विक शांति के लिए कुछ देशों को इस बात से बाज आने का संकेत भी दिया है। भारत के प्रधानमंत्री की अमेरिका सफल यात्रा के बाद पूरे विश्व में भारत का कद तो ऊंचा हुआ ही है, इसके साथ ही वसुधैव कुटुंबकम की भावना भी बलवती हुई है। इसी भावना के साथ भारत देश को संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद का सदस्य बनाए जाने का मार्ग भी प्रशस्त हुआ है। यदि भारत संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद का छठवां सदस्य बनता है, तो यह भारतीय गणतंत्र की बड़ी सफलता होगी। भारत के ऋषि मुनियों द्वारा प्रतिपादित वसुधैव कुटुंबकम की भावना को भारत ने अपनी वैश्विक विदेश नीति के तहत एक प्रमुख नीति बनाकर विश्व में शांति तथा विकास की बात हमेशा दोहराई है। आज हम इस मुकाम पर खड़े हैं कि भारत देश की बात विश्व के देश बड़ी शांति और पूरे ध्यान से सुनते हैं। कई देशों ने आपसी भाईचारे पर अमल करना भी शुरू कर दिया है। यह भारतीय कूटनीति की बड़ी सफलता भी है। वसुदेव कुटुंबकम जियो और जीने दो तथा वैश्विक शांति के मार्ग पर भारत चलकर वैश्विक गुरु बनने की दिशा में अग्रसर हो सकता है। यह भारत का अमोघ अस्त्र साबित होगा जिससे विश्व में शांति सौहार्द और विकास स्थापित होने की संभावना बलवती होगी।

# कन्नौज में डिंपल का बदला लेंगे पाएंगे अखिलेश

कन्नौज लोकसभा क्षेत्र हमेशा से हाट सीट रही है यहां से बड़े बड़े नेता चुनकर संसद पहुंचे हैं। उसमें भी कन्नौज ने समाजवादी पार्टी को हमेशा अत्यधिक प्यार दिया है यदि पिछले 2019 के चुनाव को छोड़ दें। कन्नौज में पिछले चुनाव में एक बड़ा उलटफेर हुआ था जब अखिलेश यादव की पत्नी और मुलायम सिंह यादव की बहू डिंपल यादव को सुब्रत पाठक ने मात्र 12315 मतों से पराजित किया था। सुब्रत पाठक की यह जीत बहुत बड़ी नहीं थी लेकिन जीत तो जीत ही होती है। यहां से अखिलेश यादव, मुलायम सिंह यादव और डिंपल यादव बहुत बड़े मार्जिन से चुनाव जीतते रहे हैं। लेकिन इस बार अखिलेश यादव ने इस सीट को हल्के में नहीं लिया। समाजवादी पार्टी ने पहले इस सीट से तेज प्रताप यादव को उतारा था परंतु बाद में यहां से अखिलेश यादव स्वयं प्रत्याशी बन गये। क्या अखिलेश यादव पिछले चुनाव में डिंपल को मिली हार का बदला लेने के लिए यहां से खड़े हुए हैं। और क्या अखिलेश डिंपल की हार का बदला ले सकेंगे यह एक प्रश्नचिन्ह है। जो कि चुनाव बाद ही पता चलेगा। कन्नौज लोकसभा क्षेत्र की बात करें तो यह तीन जनपदों की विधानसभा सीटों से मिलकर बना है जिनमें छिबरामऊ, तिर्वा, कन्नौज ये जनपद कन्नौज में आती हैं जब कि विधूना विधानसभा सीट औरैया जनपद में आती है और रसूलाबाद विधानसभा सीट कानपुर देहात जनपद में आती है। छिबरामऊ से भारतीय जनता पार्टी की अर्चना पांडेय विधायक हैं, तिर्वा से कैलश सिंह राजपूत भारतीय जनता पार्टी से विधायक हैं, कन्नौज से पूर्व पुलिस आयुक्त कानपुर असीम अरुण भारतीय जनता पार्टी से विधायक हैं रसूलाबाद कानपुर देहात से भारतीय जनता पार्टी की ही पूनम शंखबार विधायक हैं जब कि विधूना से समाजवादी पार्टी की रेखा वर्मा विधायक हैं। 1967 में यहां से पहली बार संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी से डा. राम मनोहर लोहिया चुनाव जीत कर संसद पहुंचे थे। मतलब अपने शुरुआती समय से ही यह गढ़ समाजवादी रहा है। यहां से दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व केंद्रीय मंत्री शीला दीक्षित भी 1984 में चुनाव जीत चुकी हैं। कन्नौज लोकसभा क्षेत्र



यादव बैल्ट में आता है और यह समाजवादी पार्टी का गढ़ माना जाता है। यहां से 1999 में मुलायम सिंह यादव, सन् 2000,2004,2009 में अखिलेश यादव चुनकर संसद पहुंचे थे। जब कि 2012 और 2014 के लोकसभा चुनाव में डिंपल यादव यहां से जीतकर संसद पहुंच चुकी हैं। और पिछले चुनाव में सुब्रत पाठक को 563087 वोट मिले थे जब कि डिंपल यादव को 550734 मत मिले थे और डिंपल यादव 12315 के मामूली अंतर से चुनाव हार गई थीं। सपा प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री की पत्नी का हार जाना एक बहुत बड़ी बात थी। लेकिन उस समय शिवपाल सिंह यादव समाजवादी पार्टी से अलग हो गए थे जिससे समाजवादी पार्टी को कई सीटों पर भारी नुक़सान उठाना पड़ा था। वर्तमान चुनाव में शिवपाल सिंह यादव समाजवादी पार्टी के साथ हैं। और पूरी तरह से एक्टिव दिखाई दे रहे हैं। अखिलेश यादव के कन्नौज लोकसभा क्षेत्र से खड़े हो जाने से सुब्रत पाठक पर हार का संकट गहरा गया है। यह बात सुब्रत पाठक को स्वयं महसूस हो रही है। जिस तरह उन्होंने इलेक्शन कमीशन को पत्र लिखा है कि समाजवादी पार्टी ने कन्नौज में बाहरी लोगों का जमावड़ा लगा दिया है और वह गड़बड़ी पैदा कर सकते हैं। सोचने वाली बात यह है कि प्रदेश और देश में सरकार भारतीय जनता पार्टी की है पुलिस और सारे प्रशासनिक अधिकारी भारतीय जनता पार्टी के अंडर में हैं तो कोई दूसरी पार्टी का नेता कैसे उन्माद मचा सकता है। क्या उत्तर प्रदेश की पुलिस और प्रशासन इतना कमजोर है कि वह चुनाव में गड़बड़ी करने देगा। खैर राजनीति में यह आरोप प्रत्यारोप चलते रहते हैं। कन्नौज में अखिलेश यादव के मंदिर में पूजा करने पर भी भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिस तरह से उस मंदिर को गंगाजल से धोया था। यह एक अच्छी मानसिकता नहीं है। राजनैतिक विरोध अपनी जगह है और आस्था अपनी जगह। दरअसल यह चुनाव ही अब पूरी तरह से धर्म और जाति की राजनीति पर उतर आया है कन्नौज लोकसभा क्षेत्र के राजनीतिक समीकरण कुछ इस तरह से हैं यदि मुकाबला सीधे हो जाए तो समाजवादी पार्टी को हराना बहुत मुश्किल है लेकिन यदि बहुजन समाज पार्टी वोट काटने में कामयाब होती है तो नतीजा कुछ भी हो सकता है। लेकिन वहां से जो जमीनी रिपोर्ट आ रही है उसमें समाजवादी पार्टी को ही दावेदार माना जा रहा है। पिछले 2019 के लोकसभा चुनाव में डिंपल यादव की हार को समाजवादी पार्टी भूल नहीं पाई है और इसीलिए अंत समय में प्रत्याशी बदलकर अखिलेश यादव को स्वयं चुनाव मैदान में उतरना पड़ा। अब सवाल यह उठता है कि क्या अखिलेश यादव 2019 की डिंपल यादव की हार का बदला ले सकेंगे। अभी तो केवल कयास ही लगाए जा सकते हैं असली परिणाम तो 4 जून को ही पता चल सकेंगे। लेकिन यह निश्चित है कि कन्नौज लोकसभा सीट समाजवादी पार्टी के लिए प्रतिष्ठा की सीट है और इस सीट के परिणाम की आवाज दूर दूर तक जाएगी। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी मुख्य विपक्षी दल है और कन्नौज से समाजवादी पार्टी का मुखिया चुनाव मैदान में है तो पूरे देश की नजर भी इस लोकसभा सीट के परिणाम पर रहेगी। यदि इस बार भी यह सीट समाजवादी पार्टी के हाथ से जाती है तो यह समाजवादी पार्टी के लिए विचारणीय प्रश्न रहेगा।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उप्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित
संपादक-राजीव कुमार शुक्ल, मो. 7499472288
स्वतंत्र प्रभात
e-Mail- news@swatantraprabhat.com, RNI No. UPHIN/2019/79073
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त ख़बरें

### लोकसभा चुनाव में चौथे दिन चार प्रत्याशियों ने किया नामांकन

**अब तक 08 प्रत्याशियों द्वारा किया जा चुका है नामांकन**

**कुशीनगर।** लोकसभा सीट कुशीनगर के लिए हो रहे नामांकन के चौथे दिन चार प्रत्याशियों ने नामांकन किया। समाजवादी पार्टी से अजय प्रताप ने 02 सेट में, भारतीय लोकनायक पार्टी से सुनील कुमार शुक्ल ने 01 सेट में , आजाद अधिकार सेना से हरिकेश ने 2 सेट में तथा निर्दल प्रत्याशी रामचंद्र सिंह ने 01 सेट में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। आज कुल 04 प्रत्याशी सहित अब तक कुल 08 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पत्र जमा किया है। इसके अतिरिक्त आज 06 प्रत्याशी/प्रतिनिधियों ने कुल 08 सेट नामांकन पत्र प्राप्त किया। अब तक कुल मिलाकर विभिन्न प्रत्याशी/प्रतिनिधि द्वारा कुल 36 सेट नामांकन पत्र प्राप्त किया जा चुका है।

### डेलुआडिह के युवक की मुंबई में टेन से कटकर मौत

**सहजनवां/गोरखपुर।** हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बुदहट टोला डेलुआडिह निवासी विशाल कुमार दूबे पुत्र विजय शंकर उर्फ सप्पू दूबे उम्र करीब 27 वर्ष की मुंबई में टेन से कटकर मौत हो गई, सूचना मिलते ही स्वजनों का रो रो कर बुरा हाल है। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बुदहट टोला डेलुआडिह निवासी विशाल कुमार दूबे मुंबई में रहकर पेंट पालिस का काम करते थे। शुक्रवार को सुबह साढ़े नौ बजे के करीब टेन से काम करने के लिए साइड पर जा रहे थे कि ट्रेन से गिर गए और कटकर मौत हो गई। मृतक विशाल कुमार दूबे तीन भाईयों में दूसरे नंबर के थे, अभी इनकी शादी नहीं हुई थी। मौत की खबर मिलते ही स्वजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

### 14 मई को बैठक आयोजित

**देवरिया 10 मई।** प्रभारी अधिकारी परिवहन/अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरुण कुमार राय ने बताया है कि लोक सभा चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु विद्यालयों में संचालित बसों के प्रबन्धकों/प्रधानाचार्यों की बैठक बुलाये जाने हेतु 14 मई को 12 बजे विकास भवन, गाँधी सभागार में आयोजित की गयी है।

### ब्राह्मण नेता लोगो को जागरूक कर भाजपा के लिए मांग रहे वोट,



**रमेश कुमार यादव**

बलरामपुर, भगवान विष्णु के आवेशावतार भगवान परशुराम जयंती पर पचपेड़वा ब्लॉक प्रमुख मनोज तिवारी ने ब्राह्मणों को एकत्रित करके संकल्प दिलाया कि लोकतंत्र के महापर्व में भाजपा के पक्ष में मतदान ब्राह्मण करे,इसके लिए लोगो को जागरूक भी ब्राह्मण करे, उन्होंने कहा ब्राह्मण हमेशा उदार रहा है,ब्राह्मण अपने कर्म से हमेशा पूजनीय रहा है,हर क्षेत्र में उनके हजारों,लाखो समर्थक है,सभी एकजुट होकर लोकसभा प्रत्यासी साकेत मिश्रा और गैसडी विधान सभा उप चुनाव के प्रत्यासी शैलेश कुमार सिंह के लिए समर्थन करे। पचपेड़वा ब्लॉक प्रमुख मनोज तिवारी शुक्रवार को थारू जनजाति क्षेत्र विशुनपुर विश्राम पहुंचकर तमाम बूथ अध्यक्ष के साथ बैठक कर रणनीति बनाई, इस अवसर पर सुरेश शुक्ला,सुनील त्रिपाठी,प्रधान रमेश कुमार विट्टू डॉक्टर पाल,रमेश यादव,विजय पाल प्रजापति महादेवन थारू गंगाराम चौधरी प्रदीप कुमार सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

### न्यू पैरामाउंट कंपटीशन क्लासेज की तरफ से मेधावी बच्चे को किया गया सम्मानित।

**गोला गोकरननाथ खीरी।** न्यू पैरामाउंट कंपटीशन क्लासेज गोला गोकर्णनाथ खीरी की होनहार छात्रा राधा सिंह पुत्री रवि प्रकाश सिंह, पौत्री सरनाम सिंह निवासी ग्राम पलिया पोस्ट राजापुर बैनी मोहम्मदी खीरी नवोदय विद्यालय के 6ह्लद्ध कक्षा में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा में जनपद लखीमपुर खीरी में द्वितीय स्थान प्राप्त करने के लिए, उनको बहुत बहुत बधाई एवम हार्दिक शुभकामनाएं दी, आपने अपने माता पिता ग्राम नगर जनपद के साथ साथ न्यू पैरामाउन्ट कंपटीशन क्लासेज गोला गोकर्णनाथ खीरी का नाम रोशन किया है। स्थान की समस्त टीम की ओर से आपके उज्वल भविष्य की कामना की गई है।

# दिव्यांग्जन पुनर्वास हेतु करे आवदेन

**स्वतंत्र प्रभात**

**कुशीनगर।** दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित उत्तर प्रदेश दिव्यांगजन पुनर्वास हेतु दुकान निर्माण एवं दुकान संचालन योजना के अन्तर्गत दुकान निर्माण और क्रय हेतु पात्र लाभार्थी को वित्तीय सहायता के रूप में रू0 20000/- की धनराशि स्वीकृत की गई है, जिसमें रू0 15000/- की धनराशि 4 प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर पर ऋण के रूप में तथा 5000/- की धनराशि अनुदान के रूप में दी गई है। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी अभय पाण्डेय ने बताया कि दुकान संचालन हेतु दुकान न्यूनतम पाँच वर्ष के लिए किराये पर लिये जाने हेतु एवं खोखा, गुमटी, हाथठेला क्रय हेतु पात्र लाभार्थी को वित्तीय सहायता के रूप में रू0 10000/- की धनराशि स्वीकृत की गई है, जिसमें रू0 7500/- ऋण की धनराशि 4 प्रतिशत वार्षिक साधारण ब्याज की दर पर ऋण के रूप में तथा रू0 2500/- की धनराशि अनुदान के रूप में प्रदान की जाएगी । पात्रता- के सम्बंध में उन्होंने बताया कि ऐसे दिव्यांगजन जो 40 प्रतिशत या इससे अधिक की दिव्यांगता से प्रभावित हों एवं उत्तर प्रदेश के मूल निवासी हों। जिनकी वार्षिक आय समय-समय पर शासन द्वारा गरीबी रेखा के लिए निर्धारित आय सीमा के दो गुने से अधिक न हो। जिनकी आयु 18 वर्ष या उससे अधिक किन्तु 60 वर्ष से अधिक न हो। जो किसी आपराधिक अथवा आर्थिक मामलों में सजा न पाये हों तथा जिनके विरूद्ध किसी प्रकार की सरकारी धनराशि देय न हो। जिनके पास दुकान निर्माण हेतु स्वयं की 110 वर्ग फिट भूमि हो या अपने संस्रोतों से उक्त क्षेत्रफल की भूमि खरीदने/लेने में समर्थ हों। अथवा स्थानीय निकाय/उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद् एवं विकास प्राधिकरण/प्राइवेट विल्डर्स तथा एजेन्सी से निर्मित दुकान क्रय हेतु किन्तु दुकान का क्रय किसी परिवारीजन के नाम से अनुमन्य नहीं होगा। अथवा जिनके द्वारा कम से कम पाँच वर्ष की अवधि का किरायेदारी का पट्टा कराया जाए उन्हेंउपलब्ध दुकान संचालन हेतु किराया एवं कार्यशील पूँजी अथवा जिनके द्वारा गारन्टी या बन्धक उपलब्ध कराया जाये उन्हें खोखा, गुमटी, हाथठेला के क्रय एवं कार्यशील पूँजी हेतु। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी ने बताया कि ऐसे दिव्यांग व्यक्ति को जो विभाग द्वारा संचालित कार्यशाला से प्रशिक्षित हों अथवा आई0टी0आई0/ पालीटेक्निक या किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से किसी व्यवसाय में प्रशिक्षण प्राप्त/डिप्लोमा प्रमाण-पत्र धारी हैं और उसी क्षेत्र में व्यवसाय करना चाहते हैं, उसे वरीयता दी जाएगी। दिव्यांगजन दिव्यांग पुनर्वासन हेतु दुकान निर्माण या दुकान संचालन योजना के अन्तर्गत इच्छुक दुकान निर्माण या दुकान संचालन हेतु ऑन लाइन द्धह्लह्लश्च//स्रद्ब14ड्डठ्ठद्द्भड्डठ्ठ.ह्वश्चह्यस्रष्.द्द्श1.द्बठ्ठ पर आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन फार्म भरते समय आवेदक को दिव्यांगता प्रदर्शित करने वाला नवीनतम् फोटो, आयु प्रमाण पत्र जिसमे जन्मतिथि का अंकन हो, सक्षम प्राधिकारी के स्तर से निर्गत दिव्यांगता प्रमाण पत्र, राष्ट्रीयकृत बैंक में संचालित खाता, अधिवास का प्रमाण पत्र तथा आधार कार्ड की छायाप्रति को स्व-प्रमाणित कर आवेदन पत्र के साथ ऑनलाइन उपरोक्त बेवसाइट पर अपलोड करना अनिवार्य है। अधिक जानकारी के लिए जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी कार्यालय कुशीनगर में किसी भी कार्यदिवस में सम्पर्क कर सकते हैं।

## दिव्यांगजन शादी प्रोत्साहन राशि हेतु करे ऑनलाइन आवदेन

**स्वतंत्र प्रभात**

**कुशीनगर।** दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित दिव्यांगजन शादी प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के अन्तर्गत दम्पत्ति में युवक के दिव्यांग होने की दशा में रू0 15000/- युवती के दिव्यांग होने की दशा में रू 20000/- एवं युवक एवं युवती दोनों के दिव्यांग होने पर रू 35000/- धनराशि निर्धारित है। पात्रता के संबंधमें उन्होंने बताया कि- शादी के समय युवक की आयु 21 वर्ष से कम तथा 45 वर्ष से अधिक न हो। युवती की उम्र 18 वर्ष से कम तथा 45 वर्ष से अधिक न हो।दम्पत्ति उत्तर प्रदेश के स्थायी निवासी हो अथवा कम से कम 5 वर्ष से अधिवासी हों।दम्पत्ति में कोई आयकर दाता न हो। मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा प्रदत्त प्रमाण पत्र के अनुसार दिव्यांगता 40त्न अथवा उससे अधिक होनी चाहिये।दम्पत्ति किसी आपराधिक मुकदमे में वांछित न हो।ऐसे दिव्यांग दम्पत्ति पात्र होंगे जिनका विवाह 01 अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2024 के मध्य सम्पन्न हुआ हो। द्वदिव्यांग शादी प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के अन्तर्गत इच्छुक दिव्यांग दम्पत्ति दिव्यांग शादी प्रोत्साहन अनुदान हेतु वेबसाइट http://divyangjan.upsdc.gov.in पर आनलाइन आवेदन किया जाएगा। ऑनलाइन फार्म भरते समय आवेदक दम्पत्ति को दिव्यांगता प्रदर्शित करने वाला संयुक्त नवीनतम् फोटो, विवाह पंजीकरण प्रमाण पत्र यदि हो, आय व जाति प्रमाण पत्र, युवक एवं युवती का आयु प्रमाण पत्र (जिसमें जन्मतिथि का अंकन हो), सक्षम अधिकारी से निर्गत दिव्यांगता प्रमाण पत्र, राष्ट्रीयकृत बैंक में संचालित संयुक्त खाता, अधिवास का प्रमाण पत्र तथा युवक एवं युवती की आधार कार्ड की छायाप्रति आदि अभिलेखों के साथ आवेदन पत्र आनलाइन उपरोक्त बेवसाइट पर करना अनिवार्य है, साथ ही ऑनलाइन सबमिट आवेदन पत्र की प्रिंट प्रति एवं वांछित प्रपत्रों की हार्ड कापी जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी कार्यालय विकास भवन को प्राप्त करायें। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी अभय पाण्डेय ने बताया कि अधिक जानकारी के लिए जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी कार्यालय, विकास भवन, रविन्द्र नगर, कुशीनगर में किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क कर सकते हैं।

## मतदाता जागरूकता कार्यक्रम किया गया आयोजित

**स्वतंत्र प्रभात**

**देवरिया** ।10 मईचलाये जा रहे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत विकास खंड लार के विभिन्न विद्यालय में मतदाता जागरूकता आयोजित किया गया, जिसमें प्राथमिक विद्यालय करचो, कंपोजिट विद्यालय कौशड, प्राथमिक विद्यालय करजहा, कंपोजिट विद्यालय खरबानिया नवीन, प्राथमिक विद्यालय जनवा, प्राथमिक विद्यालय खारदहा घनश्याम इत्यादि विद्यालयों में कार्यक्रम कराए गए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्वीप नोडल अवनीश कुमार मिश्रा, प्रधानाध्यापक अरुण कुमार तिवारी, प्रियांशु तिवारी प्रवीण कुमार वर्मा रामाश्रय भारती जयप्रकाश रामप्रवेश चौरसिया विजय यादव इंद्रसेन गुप्ता इत्यादि लोग उपस्थित रहे। देसही देवरिया ब्लाक में प्राथमिक विद्यालय जिगनी, महवा, प्राथमिक विद्यालय मड़पा, जिगनी मुसाहेब खां में बच्चों के द्वारा रंगोली प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया और एक जून को होने वाले मतदान के लिए डोर टू डोर जाकर मतदाता को जागरूक किया गया। बरहज ब्लाक में प्राथमिक विद्यालय लबकनी गंगा, प्राथमिक विद्यालय खुदिया बुजुर्ग में मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्राथमिक विद्यालय कोटवा ब्लॉक बरहज में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रंगोली प्रतियोगिता और मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रधानाध्यापक चंदन कुमार के द्वारा बच्चों के माध्यम से और ग्राम वासियों को आगामी 1 जून को अधिक से अधिक मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया और कहा गया कि पास पड़ोस में मतदान देने हेतु लोगों को प्रेरित करने में आप लोग भी सहयोग करें। पथरदेवा ब्लाक में खंड शिक्षा अधिकारी गोपाल मिश्रा एवं ब्लाक स्वीप नोडल केशव शाही के नेतृत्व में प्राथमिक विद्यालय कालूचक, खैरट, कोईलसवा खुर्द, प्राथमिक विद्यालय कोईरी टोला सेमरी, विद्यालय कोईरीपट्टी, कोटवा मिश्रा, प्राथमिक विद्यालय कोचवा में मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों के अंतर्गत ग्राम सभा में रैली निकाल कर एवं छात्राओं ने हाथों पर मेहंदी लगाकर 1 जून को ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदान हेतु अपील की।

## अम्बेडकरपार्क ! सौंदर्यीकरण का कार्य लगभग 2 करोड़ रुपये की मंजूरी के बाद भी धरातल पर नहीं उतर सका

**स्वतंत्र प्रभात**

**अम्बेडकरनगर।** शहर के अम्बेडकर पार्क का सौंदर्यीकरण का कार्य लगभग 2 करोड़ रुपये की मंजूरी के बाद भी धरातल पर नहीं उतर सका।कार्यदायी संस्था ने बाउंड्री वॉल पर जाली तथा काम के नाम सिर्फ इंटरलॉकिंग का कार्य कराया जा रहा है।सौंदर्यीकरण के नाम पर अब तक पथ-वे का ही निर्माण कराया जा रहा है, वह भी गुणवत्ता विहीन है। मीडिया कर्मी से वार्ता के दौरान उद्यान अधिकारी द्वारा जब इसकी जानकारी प्राप्त करना चाहा कि 2 करोड़ के बजट में पार्क के अंदर क्या-क्या कार्य होने हैं इसके बारे में विभाग की जिम्मेदार अधिकारी बताने में असमर्थ रहे। जबकि जिले के जिम्मेदार जिला अधिकारी अविनाश सिंह द्वारा लगातार जनपद में तैनाती लेने के पश्चात जनपद के विकास के लिए 24 घंटे तत्पर रहकर कार्य किया जा रहा है फिर भी भ्रष्टाचारी अपने भ्रष्टाचार को दिखाने में कामयाब हो रहे हैं।




**पार्कों के निर्माण पर लाखों खर्च, लेकिन देखरेख नहीं**

पिछले 10 साल में शहर के पार्कों के सौंदर्यीकरण, जीर्णोद्धार, निर्माण आदि काम पर लाखों रुपए खर्च कर चुकी है। लेकिन इन 10 सालों में शहर का पार्क पर एक रुपया खर्च नहीं किया। उल्टा पार्क बिना देखरेख के कारण उजड़ गया। जबकि 10 साल पहले शहर के अंबेडकर पार्क हरे भरे थे, फूलों, छाया के पेड़ लगे थे, फव्वारे भी चलते थे। लेकिन धीरे-धीरे इनके बुरे दिन आने शुरू हो गए और पार्क वीरान हो गए। अब पार्कों में लोग जुआ खेलते हैं, पार्क में जोड़ों के साथ भी हमेशा देखे जा सकते हैं तथा शराब पीते हैं और टॉयलेट के रूप में इस्तेमाल करते हैं। जनपद मुख्यालय के अम्बेडकर पार्क को जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने खुद मेहनत कर रुचि दिखाकर संवारने का कार्य किया जा रहा है जो आज अंबेडकरनगर की शान है। जिसकी चौतरफा लोगों द्वारा प्रशंसा भी की जा रही है। कहीं जिम्मेदार विभाग जिला अधिकारी की मंशा को पलीता लगाने में तो नहीं जुटे हुए हैं।

## बिजली की चपेट में आने से हुई एक युवक की मौत से मचा हड़कंप

**स्वतंत्र प्रभात**

**लखीमपुर खीरी** जनपद के विकास खण्ड धौरहरा की ग्राम पंचायत खरवाहिया के एक मजरे बेलवा में बिजली करेंट की चपेट में आने से लालजीपुरवा निवासी युवक की मौत होने की सूचना मिलते ही मृतक के परिजनों द्वारा शव को उठा ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। प्राप्त विवरण के अनुसार ग्राम पंचायत खरवहिया के मजरा बेलवा के एक धार्मिक स्थल पर बारह घंटे की संगीतमयी कीर्तन-भजन का कार्यक्रम तय होने पर छोटू पुत्र राजेश चौहान निवासी लालजी पुरवा द्वारा अपना साउण्ड सिस्टम लगा था कि गुरुवार में धार्मिक स्थल के पड़ोस एक मकान पर लगे हार्न को उतारने के लिए छोटू मकान पर गया था कि 11 हजार के नंगे तार से निकले करेंट से मौके पर मौत हो गई।घटना की सूचना पाकर परिजनों द्वारा शव को अपने साथ गांव ले गए। इस मामले में जानकारी करने पर कोतवाली धौरहरा के वरिष्ठ उप निरीक्षक पवन प्रताप सिंह ने बताया कि पुलिस को किसी प्रकार की सूचना परिजनों व अन्य द्वारा नही दी है।

## गोरखपुर लोकसभा से 8 प्रत्याशियों ने शुक्रवार को किया नामांकन, गोरखपुर लोकसभा से 12 प्रत्याशी कर चुके नामांकन

- **बांसगांव लोकसभा से आज चार प्रत्याशियों ने किया नामांकन**

**बांसगांव लोकसभा से दो प्रत्याशी पहले कर चुके हैं नामांकन, अब तक 6 प्रत्याशियों ने किया नामांकन**



**स्वतंत्र प्रभात**

**गोरखपुर।** लोकसभा गोरखपुर से आठ प्रत्याशियों ने किया आज नामांकन भारतीय जनता पार्टी से रवींद्र शुक्ला उर्फ रवि किशन गठबंधन से काजल निषाद जन वादी पार्टी से श्रवण कुमार भारतीय सर्व धर्म पार्टी से संजय सिंह राणा भागीदारी पार्टी से शिव शंकर प्रजापति भारतीय जवान किस पार्टी से आनंद कुमार यादव निर्दल नफीस अख्तर मेरा अधिकार राष्ट्रीय दल से सोनू राय ने रिटर्निंग ऑफिसर जिला निर्वाचन अधिकारी जिला अधिकारी कृष्ण करुणेश रिटर्निंग ऑफिसर एसडीएम कैंपियरगंज रोहित मौर्य सहायक रिटर्निंग अफसर/ ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ एसडीएम सदर मृणाली अविनाश जोशी के समक्ष अपना अपना नामांकन किया। गोरखपुर लोकसभा से तीन प्रत्याशियों ने आज पर्चा लिया सुभाष पलक धारी तिवारी भारतीय लोकमत पार्टी सतीश सिंह राष्ट्रीय सुरक्षा पार्टी सत्येंद्र कुमार बहुजन मुस्लिम पार्टी से पर्चा लिया। लोकसभा बांसगांव से चार प्रत्याशियों ने किया आज नामांकन भारतीय जनता पार्टी से कमलेश पासवान गठबंधन से सदल प्रसाद निर्दल हीरालाल निर्दल रामा ने रिटर्निंग अफसर जीडीए उपाध्यक्ष आनंद वर्धन रिटर्निंग ऑफिसर एसडीएम गोला केसरी नंदन के समक्ष नामांकन किया।

गोरखपुर लोकसभा से 8 प्रत्याशियों ने आज किया नामांकन चार प्रत्याशी पहले कर चुके हैं नामांकन अब तक गोरखपुर लोकसभा से 12 प्रत्याशी कर चुके नामांकन

बांसगांव लोकसभा से आज चार प्रत्याशियों ने किया नामांकन

बांसगांव लोकसभा से दो प्रत्याशीपहले कर चुके हैं नामांकन अब तक 6 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

गोरखपुर लोकसभा से तीन प्रत्याशियों ने आज पर्चा लिया है।

## श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं श्री राम कथा की निकली भव्य कलश यात्रा

- **सप्त दिवसीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं श्री राम कथा का हुआ आयोजन**




**स्वतंत्र प्रभात**

**गोलाबाजार गोरखपुर** 10 मई नगर पंचायत गोला के वार्ड नंबर 3 स्थित राम जानकी मंदिर के रामलीला मैदान से शुक्रवार को सप्त दिवसीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं श्री राम कथा का धूमधाम से भव्य कलश यात्रा निकाली गई ।जिसमें 211 पीत वस्त्र धारण कर श्रद्धालु महिला पुरुष हाथों में कलश लिए चल रहे थे। कलश यात्रा पूरे उपनगर का भ्रमण करते हुए मां सरयू के पावन तट पक्का घाट पर पहुंचकर नदी से जल भरने के बाद पुनः वापस कथा स्थल पर आकर समाप्त हुआ। क्षेत्र के श्रद्धालु कलश यात्रा की शोभा बढ़ा रहे थे और ध्वनी विस्तारक यंत्रों पर विद्वान पंडितों की टोली से निकलने वाले वैदिक मंत्रों से पूरा क्षेत्र गुंजयमान हो गया। यात्रा में बुजुर्ग व नौजवान सभी ने भक्ति भाव से शामिल होकर पुण्य के भागीदार बने। कलश यात्रा में यज्ञ आयोजन कर्ता महंथ राजेंद्र दास पुजारी मंटू शुक्ला पूर्व चेयरमैन गिरधारी लाल स्वर्णकार व रानी वर्मा सत्यव्रत तिवारी अशोक कुमार वर्मा सुदर्शन कसौधन डॉ सी के निगम राज सोनकर रमेश तिवारी द्वारिका दुबे कमलेश शाही गौतम वर्मा बजरंगी लाल निगम गणेश वर्मा डीएम पांडेय विनोद जायसवाल विकास गुप्ता शत्रुघ्न प्रजापति संतोष कसेरा अंकुर कसौधन पिंटू प्रजापति अनिल मझवार विक्रांत जायसवाल व यज्ञाचार्य सहित अधिक संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु भक्तगण शामिल रहे।

## गैंगरेप के अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**स्वतंत्र प्रभात**



**सहजनवा गोरखपुर** – आजमगढ़ की युवती 2 मई को बस में सवार होकर गोरखपुर आ रही थी। बस में सवार दो युवकों ने उसे शादी का झांसा देकर गैंगरेप किया था। और उसे सहजनवा थाना क्षेत्र के रानूखोर ताल में बेहोशी की हालत में फेक कर फरार हो गए थे। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने युवती को नग्न अवस्था में बरामद किया था। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने दोनो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। तथा एक अभियुक्त ताहिर अली पुत्र मोहम्मद हसन निवासी ट्यूबल कालोनी गोमती नगर जिला संतकबीर नगर को 4 अप्रैल को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। तथा पुलिस दूसरे अभियुक्त के तलाश जुटी हुई थी। शुक्रवार को थानाध्यक्ष मदन मोहन मिश्र,वरिष्ठ उपनिरीक्षक पंकज सिंह संदिग्ध और वारंटियों की तलाश में गश्त पर निकले हुए थे। तभी जानकारी मिली की गैंगरेप का दूसरा अभियुक्त रामकिशन उर्फ नाटे उर्फ मोटे उर्फ शिवचरण पुत्र रामाआसरे निवासी पठान टोला पक्का पोखरा थाना कोतवाली खलीलाबाद जिला संतकबीर नगर कसरवल के पास मौजूद है। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## शिक्षको ने पेश किया मानवता का मिशाल

**स्वतंत्र प्रभात**




**गोलाबाज़ार गोरखपुर।** गोला तहसील क्षेत्र के ब्लॉक उरुवा अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय ढेढुई कमाल चक की रसोइया पूनम के पति की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। परिवार और उसके दो छोटे-छोटे बच्चे निराश्रित हो गए। अध्यापकों को जब यह बात पता चला तो उन लोगों ने आपस में मानवता का मिसाल पेश करते हुए सामूहिक सहयोग से 40204 रुपए एकत्रित किया। यह एकत्रित किया हुआ पैसा शुक्रवार को चेक के माध्यम से मृतक की पत्नी पूनम देवी को उसके घर जाकर अध्यापकों की उपस्थिति में ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद चंद,विद्यालय के प्रधानाध्यापक नागेंद्र कुमार द्वारा उपलब्ध कराया गया। इस दुखद समय में शोक संतप्त परिवार को शिवकुमार ओझा , एआरपी प्रवीन पांडेय,अभिषेक सिंह शिवनारायण पांडेय बुद्धिसागर सिंह हरेंद्र प्रसाद धर्मेंद्र चौहान आदि अनेक अध्यापकों द्वारा ढाढस बंधाया गया और भविष्य में भी सहयोग करने का आश्वासन दिया।

## इण्डिया गठबंधन से कांग्रेस प्रवक्ता अखिलेश ने दाखिल किया नामांकन



**स्वतंत्र प्रभात**

**देवरिया।** लोक सभा देवरिया सीट के लिए हो रहे नामांकन के चौथे दिन चार प्रत्याशियों ने नामांकन किया। कांग्रेस से अखिलेश प्रताप सिंह ने 4 सेट में, राष्ट्रीय समानता दल से अगम स्वरूप 2 सेट में, निर्दल प्रत्याशी रामदास मिश्रा 1 सेट में तथा निर्दल प्रत्याशी सत्येंद्र कुमार मल्ल ने 2 सेट में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। अब तक कुल 9 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पत्र जमा किया है। इसके अतिरिक्त 2 प्रत्याशी/प्रतिनिधियों ने 6 सेट नामांकन पत्र प्राप्त किया। अब तक कुल 27 प्रत्याशी/प्रतिनिधि द्वारा कुल 58 सेट नामांकन पत्र प्राप्त किया जा चुका है।

- **चौथे दिन चार प्रत्याशियों ने किया नामांकन**

**9 प्रत्याशियों द्वारा किया जा चुका है नामांकन**

# मालदीव से लौटे सभी भारतीय सैनिक

## ● - भारत के विदेश मंत्रालय ने दी जानकारी; अब सिविलियन्स संभालेंगे भारत के दिए हेलीकॉप्टर-एयरक्राफ्ट

स्वतंत्र प्रभात

मालदीव ने भारत के सभी सैनिकों को निकाल दिया है। ये सभी भारत लौट चुके हैं। गुरुवार को विदेश मंत्रालय ने इसकी जानकारी दी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, "मालदीव से हमारे सभी सैनिक देश वापस आ गए हैं। हम इस मुद्दे पर काफी समय से मालदीव से बात कर रहे थे।"

ये घोषणा उस वक्त हुई जब मालदीव के विदेश मंत्री मूसा जमीर एक दिन के भारत दौरे पर थे। उन्होंने भारतीय सैनिकों के निकाले जाने पर कहा कि दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग सिर्फ सैनिकों की मौजूदगी पर नहीं टिका है। भारत के सैनिकों पर जो जिम्मेदारी थी उसे अब सिविलियन्स निभाएंगे। भारत, मालदीव और श्रीलंका की सेनाएं साथ में युद्धाभ्यास करती हैं। हम इसे जारी रखेंगे।

रअसल, 88 भारतीय सैनिक दिल्ली की तरफ से मालदीव को गिफ्ट किए गए दो हेलिकॉप्टर और एक एयरक्राफ्ट का ऑपरेशन संभालते थे। आमतौर पर इनका इस्तेमाल रेस्क्यू या सरकारी कामों में किया जाता है। मालदीव को दोनों हेलिकॉप्टर 2010 और 2013 में दिए गए थे, जबकि एयरक्राफ्ट की डिलीवरी 2020 में हुई थी।

### 10 मई की डेडलाइन से पहले ही लौटे भारतीय सैनिक

मालदीव के राष्ट्रपति कार्यालय ने भी सभी सैनिकों के निकाल दिए जाने की पुष्टि की है। कार्यालय ने तीन दिन पहले जानकारी दी थी कि मालदीव में दो प्लेटफॉर्म्स पर मौजूद 51 भारतीय सैनिक लौट गए हैं। बाकी सैन्यकर्मी भी 10 मई तक लौट जाएंगे।

सैनिकों के ऑपरेशन्स को संभालने के लिए सिविलियन टेक्निकल स्टाफ भेजा गया है। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने भारतीय सैनिकों को देश से निकालने का मुद्दा चुनावी कैंपेन में उठाया था। इसे %इंडिया आउट% कैंपेन नाम दिया गया था।

सितंबर में चुनाव जीतने के बाद मुइज्जू ने नवबंर में राष्ट्रपति पद की शपथ ली। सत्ता में आने के 6 महीने के भीतर उन्होंने भारतीय सैनिकों को निकालने के चुनावी एजेंडा को पूरा कर दिया।

### मुइज्जू के सत्ता में आने के बाद कैसे बिगड़े मालदीव से भारत के रिश्ते

चुनाव के दौरान 'इंडिया आउट' कैंपेन चलाकर मुइज्जू ने पहले ही भारत में अपनी छवि खराब कर ली थी। बाकी कसर उनके 3 मंत्रियों ने पूरी कर दी। दरअसल, PM मोदी



4 जनवरी को लक्षदीप के दौरे पर गए थे। इस दौरान उन्होंने लक्षद्वीप की खूबसूरती की तारीफ की थी। साथी ही इस ट्रिप का एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया था।

इस पर लोगों ने कमेंट कर कहा था कि लाखों रुपए खर्च कर मालदीव जाने से बेहतर है कि लक्षद्वीप जाएं। इस बात से मालदीव के मंत्री और नेता भड़क गए। वहां की महिला मंत्री मरियम शिउना, डिप्टी मिनिस्टर्स अब्दुल्ला महजूम माजिद और माल्शा शरीफ ने PM मोदी के लक्षद्वीप दौरे को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी।

इसके विरोध में सोशल मीडिया पर हैशटैग BoycottMaldives ट्रेंड होने लगा था। मामले में कार्रवाई करते हुए मालदीव ने तीनों मंत्रियों को सस्पेंड कर दिया। इसी बीच मुइज्जू चीन के दौरे पर चले गए। जबकि ज्यादातर ऐसा होता आया है कि राष्ट्रपति बनने के बाद मालदीव के नेता भारत के दौरे पर आते हैं। वहां से लौटकर मुइज्जू ने कहा कि कोई देश उन्हें धमका नहीं सकता।

मुइज्जू ने मालदीव का समर्थन करने के लिए चीन के लोगों से उनके देश घूमने आने की अपील की। इसके बाद मालदीव ने भारत के साथ हुए हाइड्रोग्राफिक सर्वे एग्रीमेंट को भी खत्म कर दिया।

भारत से विवाद का असर मालदीव के टूरिज्म सेक्टर पर पड़ा। आंकड़ों के मुताबिक, पिछले 5 महीनों में मालदीव जाने वाले भारतीयों की संख्या में 40त्न की गिरावट आई है। हालांकि, मालदीव के विदेश मंत्री का मानना है कि ये भारत और मालदीव में चुनावी मौसम का असर है। समय के साथ भारतीय पर्यटक मालदीव जाना फिर शुरू कर देंगे।




## संक्षिप्त ख़बरें

### दंगल में नियामतपुर के पहलवान श्याम ने बन्ना के पहलवान छोटू को हराया

**टूण्डला-** कुश्ती-दंगल हमारी प्राचीन संस्कृति है। हमें बढ़ावा देकर इस संस्कृति को क़ायम रखना है। यह बात बजहेरा स्थित जयश्री बाबा आश्रम पर हुए कुश्ती-दंगल का शुभारंभ करते समाजसेवी महेंद्र सिंह मझवार व जयश्री बाबा ने संयुक्त रूप से कही। कुश्ती-दंगल में पहलवानों ने अपने दांव-पेच दिखाए। दंगल की अंतिम कुश्ती बराबर पर रही। कुश्ती-दंगल में नियामतपुर के पहलवान श्याम ने बन्ना के पहलवान छोटू को हराया। अनवारा के पहलवान देवेंद्र ने फिरोजाबाद के पहलवान रोहित को शिकस्त दी। चिरोली के पहलवान गजेंद्र ने जलेसर के पहलवान मनु को पटखनी दी। छांहरी के पहलवान ग्याप्रसाद ने टूंडला के पहलवान सोनू को पराजित किया। अंतिम कुश्ती शमशाबाद के पहलवान अरुण व अनवारा के पहलवान होशियार सिंह के मध्य कराई। काफ़ी देर चली कुश्ती बेनतीजा रही। निर्णायक कमेटी ने दोनों को बराबर पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर अंबर प्रसाद, अशोक कुमार, जनक सिंह, ओमवीर सिंह, वासदेव, रमेश चंद्र, राम भरोसी, कीर्तराम, शिव कुमार, सुनील कुमार आदि थे।

### अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर भगवान परशुराम का जन्म उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया



**फिरोजाबाद-** जिला ब्राह्मण महासभा पंजीकृत फिरोजाबाद द्वारा अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर रामलीला मैदान स्थित कार्यालय परशुराम शिविर में भगवान परशुराम का जन्म उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। जिसमें सर्वप्रथम भगवान परशुराम का श्रंगार कर हवन का आयोजन किया गया उसके उपरांत आरती कर भोग लगाकर प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष संदीप तिवारी ने बताया कि शस्त्र एवं शास्त्र के ज्ञाता,समता एवं न्याय के प्रबल पक्षधर,श्री विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम के जन्मोत्सव एवं अक्षय तृतीय के पावन पर्व पर भगवान परशुराम शिविर रामलीला ग्राऊंड फ़िरोज़ाबाद पर हवन पूजन कर प्रसाद वितरण किया गया। जिसमें मुख्य संरक्षक रविंद्र लाल तिवारी, जिलाध्यक्ष संदीप तिवारी, शोभायात्रा संयोजक दिनेश वशिष्ठ,नगर अध्यक्ष पवन उपाध्याय,उमाकांत पचौरी, कौशल किशोर उपाध्याय, केशव पचौरी,पार्षद सुनील मिश्रा,मनोज भटेले,पार्षद हरिओम वर्मा,केशव पचौरी, राजेश शर्मा,अनुराग रावत, कृष्णकांत वशिष्ठ, मोहित शर्मा, हर्षित भारद्वाज, अर्चित शर्मा, मुकुल शर्मा, विजय शुक्ला, विशाल शर्मा, संदीप पचौरी,दीपू शर्मा,अमित उपाध्याय सहित सैकडों की संख्या में भगवान परशुराम जी के भक्तगण उपस्थित रहे। हवन पंडित राकेश राजोरिया द्वारा संपन्न करवाया गया।

# हत्या के आरोपी मां-बेटे को आजीवन कारावास की सजा

स्वतंत्र प्रभात

बिहरा थाना क्षेत्र के सिहौल निवासी विकास कामत एवं उसकी मां तेतरी देवी को हत्या करने के जुर्म में दोषी पाकर भदवि की धारा 302/34 के तहत दोनों अभियुक्त को आजीवन कारावास एवं 10 हजार रूपये का जुर्माना किया। अर्थदंड नहीं देने पर 6 महीने की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। लोक अभियोजक राजेश्वर प्रसाद यादव ने बताया कि घटना 2020 की है। सूचक सिहौल निवासी गोपाल कामत ने सदर अस्पताल सहरसा में फर्द बयान में कहा था कि अपने भाई अनिल कामत से रास्ता चौड़ी करण टाट लगाने को कह रहा था उसी क्रम में भाई की पत्नी तेतरी देवी आई और गाली गलौज करने लगी। आधे घंटे बाद तेतरी देवी अपने पुत्र विकास कुमार कामत को कहा कि दोनों को जान से मार दो। इस पर विकास कुमार कामत चाकू से गोपाल कामत की छाती पर प्रहार किया। वो वहीं गिर गया। चिल्लाने पर पुत्र रजनीश कुमार दौड़कर आया। उसे भी दोनों मिलकर सड़क पर पटक दिया। चाकू से गर्दन पर हमला कर दिया। लोगों ने दोनों को सदर अस्पताल सहरसा लाया जहां डॉक्टर ने रजनीश को मृत घोषित कर दिया। लोक



अभियोजक ने कहा कि चिकित्सक, अनुसंधानकर्ता सहित कुल 7 गवाहों का परीक्षण करवाया गया। सभी ने घटना का समर्थन किया। बचाव पक्ष से वरीयअधिवक्ता शिवेंद्र झा ने बहस में भाग लिया।

# बीएसएनएल की 3जी नेटवर्क सेवा करीब 30 दिनों से करीमगंज जिले के दुल्लभछड़ा मे बंद है!


## ● - मौन भूमिका में बीएसएनएल अधिकारी!

स्वतंत्र प्रभात

**असम करीमगंज-** आजकल नेट सेवा हर ग्राहक के लिए एक अभिन्न भूमिका निभाती है चाहे वह सरकारी हो या निजी। इसके साथ ही भारत के वर्तमान प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी देश को विकास के शिखर पर ले जाने के लिए पुरजोर प्रयास कर रहे हैं, लेकिन विकास के इस दौर में अनगिनत ग्राहकों को पुरानी नेटवर्क सेवाओं की कमी के कारण विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। देश में कोई साल पुराना बीएसएनएल नेटवर्क दुल्लभछड़ा मे नहीं मिलने से लोग नाराज है। इस बिषय मे अधिकारियों व कर्मियों सब जानते हुए भी यह नेटवर्क ठीक से




काम नहीं कर रहा है. इस नेटवर्क ठीक किया जाय इस पर ध्यान नहीं दे रेहे है.ग्राहकों ने कहा की विभागीय कर्मचारियों की उदासीनता अनगिनत उपभोक्ताओं की जेब खाली कर रही है। इसके अलावा कई ग्राहक ऐसे भी हैं जो अपने छात्रों की सुविधा के लिए कुछ महीनों के लिए नेट पैकेज लेते हैं, लेकिन असल में उन्हें नेटवर्क नहीं मिल पाता है। लेकिन अन्य नेटवर्क ग्राहकों को पूर्ण नेट सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। इसलिए सामाजिक कार्यकर्ता निर्मल महंत ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि



ग्राहक अब बीएसएनएल सेवा अधिकारियों के प्रति सशंकित हो गए हैं।

उपभोक्ताओं ने निर्धारित करीमगंज जिले के दुल्लभछड़ा मे नेटवर्क उपायों के लिए भारतीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और राज्य के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा शर्मा का ध्यान आकर्षित किया है। ताकि उन्हें जल्द से जल्द बीएसएनल नेटवर्क समस्या से मुक्ति मिले।

# असम के जानेमाने गायक मौचम गोगोई के मातृ की निधन। घर मे किया अंतिम संस्कार। कोई संगीत अनुष्ठान किया रद्द

स्वतंत्र प्रभात

**असम धेमाजी** जिले से संजय नाथ की खास रिपोर्ट-10 मई। असम के लोकप्रिय गायक मौचम गोगोई के मातृ लावण्या गोगोई की गत रात को मृत्यु हो गई। परिवार से मिले खबर अनुसार गत रात अचानक प्रेसर स्टॉक के दौरान बेहतर ईलाज के लिए डिब्रूगढ़ असम मेडिकल कॉलेज हस्पताल में भर्ती कराया गया। वहा 62 बर्ष उम्र की लावण्या गोगोई की मौत हो गई।

गायक मौचम गोगोई मेडिया को दिए जानकारी अनुसार उन्होंने रात एक संगीत अनुष्ठान में था । खबर मिलते ही तुरंत अपनी मां देखने आए मां की निधन से दुःख



जताई। सिलापथार जनजाति में अपनी घर मे पारंपरिक सामाजिक रीति-रिवाजों के अनुसार मातृ लावण्या गोगई का अंतिम संस्कार किया गया है। गैरतलब है कि असम के विभिन्न क्षेत्रों बिहू मंच पर इन दिनों संगीत अनुष्ठान के लिए मौचम गोगोई की



आमंत्रण है । आपनी मातृ की निधन पर उन्होंने कोई संगीत अनुष्ठान रद्द करना पड़ा इसीलिए संगीतप्रेमी लोगों के साथ बिहू आयोजन समितियों माफ़ी मांगी। इलाके की बरिष्ठ एवं जानेमाने महिला लावण्य गोगोई की निधन पर क्षेत्र में शोक की माहल है।

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर हरदोई नगर में विशाल शोभा यात्रा का आयोजन हुआ

**हरदोई** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा रा हरदोई के आयोजन में भगवान परशुराम जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर हरदोई नगर में विशाल शोभा यात्रा का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ श्रीश चंद्र बारात घर पर संगठन के जिलाध्यक्ष नीरज अवस्थी व प्रदेश उपाध्यक्ष शिवम तिवारी सहित संघठन के अन्य पदाधिकारियों ने भगवान परशुराम जी का पूजन कर किया गया शोभा यात्रा नगर के श्रीश चंद्र बारात घर से सुरु होकर नगर के प्रमुख मार्गो नुमाइश चौराहा, बावन चुंगी, रामदत्त चौराहा, बड़ा चौराहा, सिनेमा चौराहा, लखनऊ चुंगी, रेलवेगंज से होते हुए जिन्दपीर चौराहे से निकलकर जेल रोड होते हुए श्रीश चंद्र बारात घर पर सम्पन्न हुई जिसके पश्चात बारात घर के सामने संघठन द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष व प्रदेश उपाध्यक्ष के आलावा संघठन के जिला संरक्षक उमेश मिश्रा, जिला संयोजक रंजीत शुक्ला, जिला महामंत्री धर्मेंद्र द्विवेदी,जिला उपाध्यक्ष गौरव शुक्ला, अंकुर मिश्रा, ऋषिकांत मिश्रा, सतेंद्र मिश्रा, सतेंद्र तिवारी,अमित अग्निहोत्री, कुलदीप मिश्रा, नीरज मिश्रा, दुर्गा प्रसाद मिश्रा, पुनीत मिश्रा, प्रांजल, कमलेश अवस्थी, शोभित,आकाश तिवारी, अभिषेक तिवारी, मुनि मिश्रा, अमित त्रिवेदी रानू, आदर्श दीपक मिश्रा, अम्बुज शुक्ला, योगेश मिश्रा, संजय बाजपेई, मनोज शुक्ला, शिवम शुक्ला, हर्षित पाण्डेय, शिवपुजन पाण्डेय, संचित पाण्डेय, अजय शुक्ला, अभय त्रिपाठी, शैशव त्रिपाठी आचार्य हिमांशु मिश्रा सहित हजारों की संख्या में भक्त उपस्थित रहे।

# राजमाता Vs महुआ मोइत्रा- 266 साल पहले हुए एक युद्ध की बंगाल की राजनीति में क्यों हो रही चर्चा?

स्वतंत्र प्रभात

पश्चिम बंगाल की 42 लोकसभा सीटों में कृष्णानगर हॉट सीटों में एक बन गई है. आगामी 13 मई को चौथे चरण में इस सीट पर लोकसभा चुनाव के लिए वोटिंग होनी है.

बंगाल के इतिहास में 266 साल पहले हुआ एक युद्ध अब 2024 चुनावी जंग का मुद्दा बन गया है. ये युद्ध साल 1757 में बंगाल के नवाब सिराजुद्दौला और अंग्रेजों के बीच हुआ था, जिसमें नवाब की हार हुई थी. युद्ध का नतीजा ये रहा कि अंग्रेजों के लिए हिंदुस्तान का रास्ता एक तरह से साफ हो गया था.

अब ढाई सौ साल बाद एक बार फिर बंगाल की सियासत में प्लासी के इस युद्ध की किलकारियां गूंज रही हैं. दरअसल, बंगाल की कृष्णानगर लोकसभा सीट पर एक तरफ टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा हैं, जिन्हें बीजेपी की ओर से राजघराने की राजमाता अमृता रॉय टक्कर दे रही हैं.

### पहले जानिए कौन हैं अमृता रॉय?

अमृता रॉय कृष्णानगर स्थित नादिया शाही परिवार से संबंध रखती हैं. उन्हें राजबाड़ी की %राजमाता% कहा जाता है. 18वीं सदी में तत्कालीन महाराजा कृष्णचंद्र रॉय का यहां राज हुआ करता था.

उन्हें 18 साल की उम्र में राजगद्दी मिली और 55 साल तक शासन किया. अमृता रॉय महाराजा कृष्णचंद्र रॉय के नादिया शाही परिवार के 39वें वंशज सौमिश चंद्र रॉय की पत्नी हैं.

कृष्णचंद्र रॉय ने राज्य में सामाजिक, सांस्कृतिक और प्रशासनिक सुधारों के लिए अपना बहुत योगदान दिया था. बंगाली संस्कृति की विरासत को संजोकर रखने में कृष्णचंद्र रॉय की अहम भूमिका को आज भी याद किया जाता है. अमृता रॉय के परिवार में से अबतक किसी का भी राजनीति से कोई संबंध नहीं था. पहली बार अमृता रॉय ने राजनीति में कदम रखा है.

### बंगाल की सियासत में 'राजमाता' की क्यों हो रही चर्चा?

अमृता रॉय इसी साल 20 मार्च को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और विपक्षी नेता सुवेंदु अधिकारी की मौजूदगी में बीजेपी में शामिल हुई थी. इसके बाद 24 मार्च को उन्हें कृष्णानगर लोकसभा सीट से बीजेपी ने अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया.

टीएमसी नेता कुणाल घोष ने राजमाता अमृता रॉय पर आरोप लगाया गया है कि उनके पूर्वज राजा कृष्णचंद्र रॉय ने प्लासी के युद्ध में अंग्रेजों का साथ दिया था.

उन्होंने कहा, 'इतिहास गवाह है कि जब सिराजुद्दौला ने अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी तो कृष्णानगर के शाही परिवार ने अंग्रेजों की मदद की थी. दूसरी ओर महुआ मोइत्रा देश में भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ रही हैं.' अमृता रॉय ने भी देरी किए बगैर जवाब देते हुए कहा कि उनके परिवार के बारे में झूठ फैलाया जा रहा है.

रानी रॉय ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा, %मुझे लगता है हर बंगाली और हर भारतीय ये बात मानेगा कि हमारे परिवार के बारे में जो बताया जा रहा है वो पूरी तरह से गलत है. ये आरोप है कि राजा कृष्णचंद्र राय ने अंग्रेजों का साथ दिया था. उन्होंने ऐसा क्यों किया? ये सिराजुद्दौला के अत्याचारों की वजह से हुआ. अगर उन्होंने ऐसा न किया होता, तो क्या यहां हिंदू धर्म बच पाता? क्या सनातन धर्म बच पाता? नहीं. असल में महाराजा ने हमें एक सांप्रदायिक हमले से बचाया.%

### कृष्णानगर सीट पर अमृता रॉय ही बीजेपी प्रत्याक्षी क्यों?

माना जा रहा है कि बीजेपी ने कृष्णानगर सीट पर टीएमसी उम्मीदवार महुआ मोइत्रा के खिलाफ अमृता रॉय को चुनावी मैदान में उतारकर बड़ा दांव चला है. ये सीट महुआ मोइत्रा का गढ़ माना जाता है. वहीं अमृता रॉय का भी इलाके में जाना-पहचाना नाम है. ऐसे में अब दोनों के बीच मुकाबला कड़ा हो गया है.

2019 लोकसभा चुनाव में नादिया जिले की कृष्णानगर सीट पर बीजेपी ने टीएमसी उम्मीदवार को कड़ी टक्कर दी थी. हालांकि महुआ मोइत्रा ने भाजपा के कल्याण चौबे पर 63,000 से ज्यादा वोटों से जीत हासिल की थी. इससे पहले 2009 और 2014 चुनाव में भी टीएमसी ने इस सीट पर कब्जा जमाया था. बीजेपी ने अबतक सिर्फ एक बार 1999 लोकसभा चुनाव में कृष्णानगर सीट पर जीत हासिल की थी. इसके अलावा कम्युनिस्ट पार्टी का यहां कब्जा रहा है.

### अब जानिए क्यों हुआ प्लासी का युद्ध

1757 बंगाल के इतिहास में एक बहुत महत्वपूर्ण साल था. इसी साल ब्रिटिश राज की शुरुआत हुई और पूर्वी भारत में मुगल साम्राज्य का कमजोर होना भी शुरू हो गया था. पश्चिमी इतिहासकारों जैसे विन्सेंट स्मिथ ने इस बारे में बहुत कुछ लिखा है कि कैसे ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी ने मुर्शिदाबाद के नवाब सिराज-उद-दौला को हराया था.

विन्सेंट स्मिथ ने अपनी किताब 'द



ऑक्सफोर्ड हिस्ट्री ऑफ इंडिया' (पहली बार 1919 में प्रकाशित) में सिराज-उद-दौला, ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के रॉबर्ट क्लाइव, अमीन चंद और मीर जाफर को प्लासी के युद्ध का मुख्य पात्र माना है. लेकिन बंगाली इतिहासकार कुमुद नाथ मुल्लिक का कहना है कि अगर मुर्शिदाबाद के रईसों ने अंग्रेजों से बातचीत करने के लिए राजा कृष्णचंद्र को मुख्य साजिशकर्ता न चुना होता, तो प्लासी के युद्ध में नवाब को हराना बहुत मुश्किल होता.

बंगाली इतिहासकार कुमुद नाथ मुल्लिक बताते हैं 1756 में मशहूर बंगाल के नवाब अलीवर्दी खान की मृत्यु के बाद सिराज-उद-दौला गद्दी पर बैठे. लेकिन वह दादा अलीवर्दी के उलट अपने शुभचिंतकों, मंत्रियों और ऊंचे पदों पर बैठे अफसरों के साथ बहुत रूखे थे. नतीजा ये हुआ कि ये लोग उनके दुश्मन बन गए और अंग्रेजों का साथ देकर उनके खिलाफ साजिश रचने का फैसला कर लिया.

राजबल्लभ नाम के एक व्यक्ति ने ईस्ट इंडिया कंपनी के खिलाफ विद्रोह किया था. इससे नवाब सिराज-उद-दौला बहुत खुश हुए. उन्होंने राजबल्लभ को अपने महल में शरण दी, लेकिन इसकी खबर अंग्रेजों तक पहुंच गई. अंग्रेजों ने सिराज-उद-दौला को गद्दी से हटाकर उनके चाचा मीर जाफर को मुर्शिदाबाद का नया नवाब बनाने की योजना बनाई. अंग्रेजों की इस योजना का समर्थन मुर्शिदाबाद के बड़े व्यापारियों और रईसों ने किया.

### प्लासी का युद्ध और राजा कृष्णचंद्र रॉय का क्या था संबंध

चूंकि नवाब को हटाने के फैसले पर बहस छिड़ गई, इसलिए उन्होंने नदिया के राजा कृष्णचंद्र से सलाह ली. राजा कृष्णचंद्र को एक पत्र भेजा गया.

राजा कृष्णचंद्र ने तुरंत अपने दरबार के सम्मानित मंत्रियों से सलाह मांगी. पत्र में लिखा था, "मुर्शिदाबाद के नवाब के अत्याचारों से लोग अपने घर और संपत्ति छोड़कर भागने को मजबूर हो गए हैं. नवाब किसी की भी सलाह नहीं सुनता. चूंकि मुर्शिदाबाद की स्थिति चिंताजनक है, इसलिए हम आपसे समाधान के लिए संपर्क कर रहे हैं. हम उम्मीद करते हैं कि आप हमें कोई रास्ता सुझा पाएंगे, लेकिन यह तभी संभव है जब आप मुर्शिदाबाद आकर हमसे मिलें."

कहा जाता है कि मुर्शिदाबाद में चर्चा के बाद राजा कृष्णचंद्र कोलकाता के कालीघाट में माता काली की पूजा करने गए और वहां अंग्रेजों से भी मिले. यही मुलाकात मुर्शिदाबाद में सिराज के अत्याचार से त्रस्त लोगों की आजादी की दिशा में पहला कदम था. इस मुलाकात से अंग्रेजों और मीर जाफर के बीच भरोसा बना. जाफर को प्लासी के युद्ध में नवाब के खिलाफ लड़ने के लिए तीन हजार सैनिक दिए गए. ये सैनिक पहले नदिया भेजे गए जहां कुछ समय के लिए तैनात रहे और बाद में इनके साथ कृष्णचंद्र की सेना भी शामिल हो गई. इस रेजिमेंट का नाम लाल पलटन पड़ा.

23 जून 1757 को दोनों फौजें प्लासी में आमने-सामने आईं. दोनों सेनाओं के बीच भयंकर युद्ध हुआ. चार दिन बाद मीर जाफर के बेटे मीरन ने सिराज को पकड़ लिया और उनकी हत्या कर दी गई. 28 जून को अंग्रेजों ने मीर जाफर को मुर्शिदाबाद का नया नवाब बना दिया. इस तरह बंगाल में एक नए युग की शुरुआत हुई.